पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 14 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –209 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के जाने की उल्टी गिनती शुरू : मोदी



**मुंगेली**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिला के जमकुही में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जब मैं मुंगेली महामाया माई की की धरती पर आया हूं तो पूरे छत्तीगसढ़ में कांग्रेस के कुशासन की समाप्ति का घोष हो रहा है। यह जय घोष है- पहला चरण कांग्रेस कांग्रेस पस्त, दूसरा चरण कांग्रेस अस्त।

प्रथम चरण के मतदान से ये साफ हो गया है कि कांग्रेस छत्तीगसढ़ से जा रही है। प्रथम चरण में भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करने के लिए मैं छत्तीसगढ़ की जनता को ह्रदय से धन्यवाद देता हूं। आज मैं विशेष रुप से छत्तीसगढ़ के महिलाओं और युवाओं का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। भाजपा के प्रति उनके विश्वास और लगाव को आदर पूर्वक नमन करता हूं। यहां मुंगेली में भी यही दृढ़ विश्वास चारों तरफ दिख रहा है। इतना बड़ा कार्यक्रम और मैं देख रहा हूं हमारी यह व्यवस्था छोटी पड़ गई। बहुत लोग इस मंडप के बाहर धूप में तप रहे हैं। धूप में तपते हुए भी इतने प्यार से आशीर्वाद दे रहे हैं। जो लोग धूप में तप रह हैं उनसे भाजपा के कार्यकर्ता के अरुप में उनसे क्षमता चाहता हूं।

हर तरफ एक ही गुंज है 3 दिसंबर को भाजपा आवत हे...। और साथियों भाजपा के आने का मतलब है छत्तीसगढ़ का तेज विकास। भाजपा के आने का मतलब है नव जवानों के सपने पूरे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## भाजपा के सत्ता में आते ही गरीबों का आवास बनेगा



■ कांग्रेस ने पांच साल तक छग को लूटने का काम किया

**महासमुंद**, 13 नवंबर (देशबंधु)। बेमचा भाठा में चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 7 और 17 तारीख मिलकर 30 प्रतिशत वाले का जाना पक्का कर रहे है। पिछले पांच साल से कांग्रेस ने छग को लूटने का काम किया है। विकास को ऊंचाई पर ले जाने के लिए भाजपा की सरकार छग में जरूरी है। छग के दो चुनावी आमसभा के अंतिम आमसभा के रूप में पीएम मोदी महासमुंद के निकट बेचमा भाठा पहुंचे थे जहां 8 विधानसभा को फोकस कर भाजपा ने कार्यक्रम बनाया था। इस आमसभा में महासमुंद, खल्लारी, बसना, सरायपाली, आरंग, कुरूद, राजिम, क्षेत्र से ग्रामीणजन काफी संख्या में पहुंचे थे। मुख्य त्यौहार दीपावली के दूसरे दिन आयोजित आमसभा में भीड़ जुटने को लेकर संशय की स्थिति थी किंतु आसपास व रायपुर, गरियाबंद जिले से काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व जनता की भीड़ सुबह से पहुंचनी शुरू हो गई थी। छग में हुए भ्रष्टाचार, घोटाले पर मुख्य फोकस करते हुए पीएम मोदी ने केंद्र द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का जिक्र करते ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## कांग्रेस की सरकार बनने के बाद गृह लक्ष्मी योजना से मिलेगा 15 हजार सालाना : भूपेश




कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा के पक्ष में मांगा समर्थन

**गुरूर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र का त्योहार हम सबके लिए महत्वपूर्ण है, जो 5 साल में आता है। जनता हमारे कार्यों का मूल्यांकन करती है। अलग-अलग विचार धारा के लोग विभिन्न पार्टी से होते हैं जो अपनी बात जनता तक पहुंचाते हैं। हम भी अपनी बात करने आए हैं।

उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुर विकासखंड के ग्राम पेन्डरवानी में आम सभा के दौरान कहीं। स्टार प्रचारक के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस के प्रत्याशी संगीता सिन्हा के समर्थन में वोट मांगकर विधानसभा के अलावा राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अपील की।

भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने हमेशा किसानों के हित में ही निर्णय लिया है, लगातार फैसले से किसान समृद्ध हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस की घोषणा छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के बाद फिर से कर्जा माफ, महिला समूह एवं ट्रांसपोर्टर का कर्ज माफ करने, सभी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद में अपडेट करने, केजी से लेकर पीजी तक निशुल्क शिक्षा देने, समर्थन मूल्य में तीवरा खरीदी करने, साढ़े 17 लाख लोगों को आवास देने, गैस सिलेंडर में 500 की सब्सिडी देने, भूमिहीन को 10 हजार देने, 200 यूनिट तक बिजली बिल का छूट प्रदान ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

कांग्रेस पर मोदी का कटाक्ष

## 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है

**बड़वानी**, 13 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले कहेंगे कि पहले आलू से सोना निकालेंगे, तब महल बनाएंगे। सत्ता मिलते ही ये सब कुछ भूल कर लूट का कारोबार शुरु कर देंगे। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग को विकास की राह पर ले

## प्रियंका गांधी का आज रायपुर मे रोड शो



**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी 14 नवंबर को छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार करने आ रही है। प्रियंका गाँधी शाम को 4.45 पर रायपुर पहुंचेगी तथा रायपुर मे रोडशो करेंगी। रायपुर मे राजीव गाँधी चौक मे स्व राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद वे कोतवाली चौक, सत्ती बाजार, ब्राह्मण पारा, शीतलामता चौक, अरडी तिवारी स्कूल अमापारा चौक अग्रसेन चौक, से तेल घानी चौक तक जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री तोमर के बेटे का एक और वीडियो वायरल

■ करोड़ों के लेन-देन का वीडियो में हो रहा जिक्र

**भोपाल**, 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने से पहले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि करोड़ों के लेन-देन का जिक्र है। मगर, न तो ईडी का पता है और न ही आयकर की खबर। वहीं, भाजपा ने इसे फेक वीडियो करार दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक का कहना है कि 50 प्रतिशत कमीशन और शिवराज सिंह चौहान तो एक-दूसरे के पर्याय बन ही चुके हैं। अब, नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के लगातार वायरल हो रहे वीडियो ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### तोमर के बेटे पर कार्रवाई क्यों नहीं: राहुल



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के करोड़ों रुपये के लेन-देन के कथित तौर पर सामने आए वीडियो को लेकर सवाल किया है कि क्या नरेंद्र तोमर के घर ईडी, सीबीआई या आयकर की टीम पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए हरदा के टिमरनी और नीमच के जावद में कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार के लिए पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। हमारी सरकार किसानों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर गृह मंत्रालय ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। मणिपुर में हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। मंत्रालय ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर नौ मैतेई चरमपंथी संगठन और उनके सहयोगी संगठनों पर बैन लगा दिया। गृह मंत्रालय के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट, यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी, कांगलेई याओल कनबा लुप, कोआर्डिनेशन कमेटी और एएसयूके भी शामिल हैं।

## माकपा नेता वासुदेव आचार्य का निधन

**कोलकाता**, 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कमयुनिस्ट पार्टी के अनुभवी नेता और पश्चिम बंगाल के बांकुरा निर्वाचन क्षेत्र से नौ बार लोकसभा सदस्य रहे वासुदेव आचार्य का सोमवार को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उत्तरकाशी टनल हादसा

## 36 घंटे से फंसे हैं 40 मजदूर

**उत्तरकाशी**, 13 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में दीपावली के दिन सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल धंस गई, जिसमें 40 मजदूर फंस गए। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है। फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ और नेशनल हाईवे के 200 से ज्यादा लोग 36 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया- सभी मजदूर सुरक्षित हैं, उनसे वॉकी-टॉकी के जरिए संपर्क किया गया है। खाना-पानी पहुंचाया जा रहा है। नेशनल हाईवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि मलबा हटाने के दौरान टनल के ऊपर से मिट्टी और पत्थर गिर रहे हैं।

## हैदराबाद में भीषण अग्निकांड में नौ लोगों की मौत

**हैदराबाद**, 13 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में हैदराबाद शहर के बाजारघाट, नामपल्ली इलाके में सोमवार सुबह कार की मरम्मत के दौरान कार शेड में लगी भीषण आग में दम घुटने से दो महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। आग की लपटें तेजी से दूसरे कमरे में फैल गईं, जहां रसायन और डीजल के ड्रम रखे हुए थे और आग ने तहखाने सहित पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में ले लिया। आग में तहखाने और अपार्टमेंट के सामने खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने कड़ा मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन कर्मियों ने सीढ़ी की सहायता से अपार्टमेंट के निवासियों को खिड़कियों के माध्यम से बाहर निकाला गया। केमिकल से फैले धुएं से अपार्टमेंट के आसपास के इलाके प्रभावित हुए। बीमार और बेहोश हुए लोगों को इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# देश

उवाच "हमने सरकार नहीं परिवार चलाया है। भाजपा की सरकार फिर बनेगी, विकास को गति मिलेगी। प्रत्येक परिवार एक रोजगार मेरा संकल्प, लाडली बहनों को लखपति बनाएंगे:- **शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.3 | 11.8 |
| मुंबई | 36.6 | 23.6 |
| कोलकाता | 31.0 | 21.5 |
| चेन्नई | 32.0 | 23.0 |

### खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा

# सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुके हैं देश के युवा

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को तेलंगाना में प्रधानमंत्री की रैली के दौरान एक युवती के लाइटें लगे खंभे पर चढ़ने के बाद बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा, 'देश के युवा सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुके हैं।' खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'जब प्रधानमंत्री तेलंगाना में बोल रहे थे, तो एक बहुत ही परेशान करने वाली घटना में, एक लड़की देश के सामने मौजूद वास्तविक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ गई। 'युवा भारत मोदी सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुका है। उन्होंने नौकरियों की आकांक्षा की, लेकिन बदले में उन्हें 45 साल की सबसे ऊंची बेरोजगारी दर मिली।' उन्होंने कहा कि वे आर्थिक सशक्तीकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई बढ़ा दी,

> प्रधानमंत्री आर्थिक सशक्तीकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई बढ़ा दी, जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई है। 'वे सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए तरस रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी:- **मल्लिकार्जुन खड़गे**



जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई है। खड़गे ने कहा, 'वे सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए तरस रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी। सबसे अमीर पांच प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि मध्यम वर्ग और गरीब पीड़ित हैं। वे महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान चाहते हैं, लेकिन दु:खद रूप से महिलाओं, बच्चों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं।' कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'वे हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में एकता और सद्भाव चाहते हैं, लेकिन उन्हें नफरत और विभाजन मिला। मोदी सरकार और भाजपा भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को कुचल रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने शनिवार को हैदराबाद परेड ग्राउंड में एक रैली को संबोधित किया था। संबोधन के बीच में उन्होंने देखा की एक युवती उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए एक खंभे पर चढ़ रही थी जिस पर लाइटें लगी हुई थीं। उन्होंने अपना चुनावी भाषण बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उनसे बार-बार यह कहते हुए खंभे से नीचे उतरने का आग्रह किया कि बिजली के तारों की हालत अच्छी नहीं लग रही है। पीएम मोदी तेलुगु राज्यों में अनुसूचित जाति के सबसे बड़े घटकों में से एक, मैडिगा के सामुदायिक संगठन, मैडिगा रिजर्वेशन पोराटा समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 30 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## कांग्रेस बागियों को एक और मौका देने के लिए दी चेतावनी

**जयपुर,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसजनों को पार्टी ने एक और मौका देते हुए पत्र जारी कर चेतावनी दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने ऐसे प्रत्याशियों को पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में आने के लिए एक और मौका देते हुए पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा जिस अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है सभी बागी प्रत्याशी चुनाव से रिटायर होने की घोषणा कर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को समर्थन प्रदान करते हुए पार्टी के पक्ष में प्रचार के लिए शामिल होकर प्रदेश में पुन: कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। श्री रंधावा ने कांग्रेस पार्टी के उन पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं को भी पत्र जारी कर चेतावनी दी है जो कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का प्रचार एवं समर्थन करने की बजाए किसी अन्य अथवा बागी प्रत्याशी के समर्थन एवं प्रचार में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि आगामी दो दिवस में यदि बागी प्रत्याशी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव में समर्थन देते हुए चुनाव से नहीं हटे तथा जो कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होंगे उनके विरूद्ध पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सख्त निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई तो छत्तीसगढ़ में भी लागू करेगी गृह लक्ष्मी योजना: प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 70 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण के मतदान में सिर्फ चार दिन बचे हैं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को घोषणा की कि पार्टी राज्य में अपनी 'गृह लक्ष्मी योजना' लागू करेगी, जो हर साल महिलाओं के बैंक खातों में 15,000 रुपए ट्रांसफर करेगा। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रियंका गांधी ने कहा, 'गृह लक्ष्मी योजना' छत्तीसगढ़ में भी लागू की जाएगी। महिलाओं के खातों में प्रति वर्ष 15,000 रुपए स्थानांतरित किए जाएंगे और इसके साथ प्रत्येक एलपीजी सिलेंडर रिफिल पर 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी' और स्वयं सहायता समूहों और सक्षम योजना के ऋण माफ किये जायेंगे।' उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और गरीबों के लिए समृद्धि का एक मॉडल पेश किया है।' 'खेती, गौपालन, वनोपज समेत हर स्थानीय उत्पाद से लोगों की आय बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में गेहूं, धान और अन्य फसलों के लिए सबसे ज्यादा एमएसपी है। उन्होंने कहा, 'महिलाओं का भरोसा बरकरार, फिर से कांग्रेस सरकार।' कांग्रेस ने पहले ही छत्तीसगढ़ में लोगों के लिए कई गारंटी की घोषणा की है। कांग्रेस खनिज समृद्ध राज्य में लगातार दूसरा



> 'गृह लक्ष्मी योजना' छत्तीसगढ़ में भी लागू की जाएगी। महिलाओं के खातों में प्रति वर्ष 15,000 रुपए स्थानांतरित किए जाएंगे और इसके साथ प्रत्येक एलपीजी सिलेंडर रिफिल पर 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी' और स्वयं सहायता समूहों और सक्षम योजना के ऋण माफ किये जायेंगे:- **प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव कांग्रेस**

कार्यकाल चाह रही है, जहां भूपेश बघेल सरकार अपनी जन-समर्थक योजनाओं और पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर जोर दे रही है। कांग्रेस ने पहले छत्तीसगढ़ में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा की घोषणा की है।

## कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज रायपुर में करेंगी रोड शो

**रायपुर।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी कल 14 नवम्बर को राजधानी रायपुर में रोड शो करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी शाम को 4.45 बजे रायपुर पहुंचेगी तथा रायपुर मे रोड शो करेंगी। श्रीमती गांधी राजीव गांधी चौक मे स्व.राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के अपना रोड शो शुरू करेंगी। विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी कोतवाली चौक, सत्ती बाजार, ब्राह्मण पारा,शीतला माता चौक, आरडी तिवारी स्कूल आमापारा चौक, अग्रसेन चौक से तेल घानी चौक तक जाएगी।

### सार संक्षेप

#### निर्मला एक दिवसीय दौरे पर आज जयपुर में

**जयपुर।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को जयपुर आएंगी। श्रीमती सीतारमण दोपहर करीब 12 बजे जयपुर हवाई अड्डा पहुंचेंगी जहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह एक बजे भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती सीतारमण जयपुर के किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी चंद्रमोहन बटवाड़ा के समर्थन में खण्डेलवाल गर्ल्स स्कूल और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रवि नैय्यर के समर्थन में उणियारा होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

#### कार्यकर्ताओं ने शर्मा को 51 हजार वोटों से जिताने का लिया संकल्प

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने जयपुर के सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी गोपाल शर्मा को 51 हजार मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया हैं। श्री शर्मा के चुनाव प्रधान कार्यालय में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने रविवार को यह संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। श्री शेखावत ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने राजस्थान में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार के लिए सिविल लाइंस सीट को 51 हजार वोटों से जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करने का संकल्प लिया। श्री जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव धर्मयुद्ध है क्योंकि पांच साल में कांग्रेस सरकार ने लगातार सनातन धर्म का अपमान किया है।

#### छत्तसीगढ़ में दूसरे चरण

## मध्यप्रदेश में 'आलू से बने सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है कांग्रेस : मोदी

**बड़वानी,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि राज्य में पार्टी जनता के लिए 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है और उसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा। श्री मोदी राज्य के बड़वानी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर हमले बोले। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले



> पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी:- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

कहेंगे कि पहले आलू से सोना निकालेंगे, तब महल बनाएंगे। सत्ता मिलते ही ये सब कुछ भूल कर लूट का कारोबार शुरु कर देंगे। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग को विकास की राह पर ले जाएगा। पार्टी का हर वादा पूरा होगा। ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने राज्य के इस आदिवासी अंचल में कहा कि दो दिन बाद बिरसा मुंडा का जन्मदिन है। वो जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिस आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया, परवाह नहीं की उस आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने का और उसे सामाजिक न्याय दिलाने का काम भाजपा ने किया है।

उन्होंने कहा कि वे परसों झारखंड में बिरसा मुंडा के गांव जा रहे हैं, उस दिन पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए बहुत बड़ी योजना की शुरुआत होने वाली है।

### मोदी 15 नवंबर को बायतु और 18 नवंबर को भरतपुर एवं नागौर में करेंगे जनसभाओं को संबोधित

जयपुर । राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारकों का अब दिवाली बाद चुनाव प्रचार शुरु हो जायेगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को बाड़मेर के बायतु और 18 नवंबर को भरतपुर और नागौर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के अनुसार श्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 16 नवंबर को टोंक और राजसमंद में 18 नवंबर को बूंदी और अजमेर जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री शाह गुरूवार को टोंक जिले की देवली विधानसभा क्षेत्र और राजसमंद के कुम्भलगढ़ और भीम विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## बीमारू मप्र को भाजपा ने बेमिसाल बनाया, अब बेस्ट प्रदेश बनाएंगे : शाह

**भोपाल,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू प्रदेश बना दिया था, जिसे भाजपा ने बेमिसाल बनाया और अब बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। विदिशा जिले के सिरोंज और गुना जिले के चाचैड़ा में सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव सिर्फ विधायक बनाने का चुनाव नहीं है, यह अगले पांच सालों तक देश और प्रदेश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। इस चुनाव में एक तरफ परिवारवादी कांग्रेस पार्टी है और दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को सुरक्षित बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी है। 2003 में भाजपा की सरकार बनने से पहले 10 सालों तक रही बंटाढार दिग्विजय सिंह की सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भाजपा



> कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू प्रदेश बना दिया था, जिसे भाजपा ने बेमिसाल बनाया और अब बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। आने वाला चुनाव सिर्फ विधायक बनाने का चुनाव नहीं है, यह अगले पांच सालों तक देश और प्रदेश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है:- **अमित शाह**

की सरकार ने 18 सालों में इस बीमारू राज्य को बेमिसाल प्रदेश बनाया। अब हम बेमिसाल मध्य प्रदेश को बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। अमित शाह ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर हमला करते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ कमलनाथ हैं, जिनको नकुल नाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। दूसरी तरफ दिग्विजय सिंह हैं, जिनको अपने बेटे जयवर्धन सिंह को मुख्यमंत्री बनाना है। केंद्र में सोनिया जी हैं, जिन्हें राहुल बाबा को प्रधानमंत्री बनाना है। जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति में हैं, क्या वो देश और मध्य प्रदेश का भला कर सकते हैं? मध्य प्रदेश और देश का भला केवल और केवल मोदी के नेतृत्व में देश भक्तों की टोली जैसी भाजपा कर सकती है। अभी-अभी कांग्रेस के लोग पांच गारंटी लेकर आए हैं। लेकिन, जिनकी खुद की कोई गारंटी नहीं है, वो देश और प्रदेश को क्या गारंटी देंगे। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें 'गरीबी हटाओ' के नारे लगाती रहीं, लेकिन गरीबी तो हटाई नहीं, गरीबों को हटाने का काम करती रही।

## कांग्रेस के लिए संकट बनते प्रमोद कृष्णन, सुरजेवाला को बताया लफंडर

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन अपनी ही पार्टी के लिए संकट बनते जा रहे हैं। पांच राज्यों में चल रहें विधानसभा चुनाव के बीच पहले उन्होंने पार्टी के कुछ नेताओं को राम विरोधी और हिंदू विरोधी बताकर कांग्रेस को मुशीबत में डाला तो अब उन्होंने पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला को लफंडर बताकर एक और बखेडा खडा कर दिया है। माना जा रहा है कि इस बार उन पर कार्रवाई की जा सकती है। मालूम हो कि कांग्रेस के टिकट पर दो बार लोकसभा का चुनाव लड चुके प्रमोद कृष्णन अक्सर अपनी बयानबाजी से पार्टी को असहज करते रहे हैं। अभी उन्होंने कुछ दिन वहले ही कहा था कि कांग्रेस के कुछ नेता ऐसे हैं जिन्हें हिंदू शब्द से नफरत है। कुछ कांग्रेसी ऐसे हैं जिन्हें राममंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है। उनके इसी बयान को लेकर



मध्यप्रदेश में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सुरजवाला ने कहाकि ऐसे महत्वहीन लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, उन्हें छोड देना चाहिए। इसके बाद प्रमोद कृष्णन बुरी तरह उखड गए और अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा-कांग्रेस के भाग्य की विडबंना यही है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना रखा है जिसने राज्यसभा के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज के मालिक सुभाष चंद्रा को तिवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रोकवाने के लिए किया। बतादें कि आचार्य को कांग्रेस में प्रियंका गांधी का करीबी बताया जाता है। इसलिए फौरी तौर पर कोई नेता बयान देने से बच रहा है। लेकिन माना जा रहा है कि इस बार उन पर कार्रवाई तय है। जल्द ही उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा सकता है।

## तेलंगाना में सबसे अमीर उम्मीदवारों सूची में विवेकानंद सबसे आगे

**हैदराबाद,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी के गद्दाम विवेकानंद सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। उनकी घोषित पारिवारिक संपत्ति 600 करोड़ रुपये से अधिक है। मंचेरियल जिले के चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने वाले विवेकानंद ने चुनाव आयोग को सौंपे हलफनामे में 606.66 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति घोषित की है। हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए 66 वर्षीय पूर्व सांसद के पास 328.91 करोड़ की चल संपत्ति है, जबकि उनकी पत्नी जी सरोजा के पास 51.84 करोड़ रुपए की संपत्ति है। विवेक नाम से पहचाने जाने वाले उद्योगपति राजनेता साका इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष हैं, कंपनी में उनके 285 करोड़ रुपए के शेयर हैं। सरोजा, जो इस कंपनी की प्रबंध निदेशक हैं, के पास 44.90



करोड़ रुपए के शेयर हैं। उस्मानिया विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री रखने वाले विवेक के पास 209.38 करोड़ की अचल संपत्ति है, जबकि उनकी पत्नी की अचल संपत्ति का मूल्य 16.53 करोड़ रुपए है। इनमें कृषि और गैर-कृषि भूमि, वाणिज्यिक और आवासीय भवन शामिल हैं। विवेक की संपत्ति 2014 के बाद से 127 प्रतिशत बढ़ गई है। उस समय उन्होंने पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए नामांकन भरा था। विवेक, जो 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत जी वेंकटस्वामी के बेटे हैं, जो पेद्दापल्ली से चार बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस पार्टी के पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी 461 करोड़ रुपये की घोषित पारिवारिक संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। पोंगुलेटी, जो खम्मम जिले के पलेयर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण सत्तारूढ़ बीआरएस द्वारा निलंबित किए जाने के कुछ महीने बाद जुलाई में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पोंगुलेटी और उनकी पत्नी पी. माधुरी के पास क्रमश: 32.44 करोड़ रुपए और 391.63 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है, जिसमें टैनला प्लेटफॉर्म और ब्राइटकॉम ग्रुप ऑफ कंपनीज के इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। बारहवीं पास पोंगुलेटी ने हलफनामे में बताया कि वह कृषक, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी हैं, जबकि उनकी पत्नी कृषक और व्यवसायी महिला हैं। खम्मम के पूर्व सांसद ने 2014 में 34 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। 458 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ कांग्रेस पार्टी के कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में तीसरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। नलगोंडा जिले के मुनुगोडे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे राजगोपाल रेड्डी ने 458.37 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति घोषित की है। पिछले पांच साल में उनकी कुल संपत्ति 45 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।

### चुनाव | चुनावों के नतीजे गठबंधन के भविष्य की भूमिका जरूर तय करेंगे

# पांच राज्यों के नतीजे ही बता सकते हैं इंडिया गठबंधन का भविष्य

**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इनमें इंडिया गठबंधन काम नहीं कर रहा है। इन चुनावों के नतीजे गठबंधन के भविष्य की भूमिका जरूर तय कर सकते हैं। लाभ हानि के गणित को देखते हुए यह गठबंधन परवान चढ़ सकता है। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि कांग्रेस का पांच चुनावी राज्यों में जैसा प्रदर्शन होगा, उसी के अनुरूप उत्तर प्रदेश में गठबंधन की सीटें तय होंगी।**

मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में थी। किंतु कांग्रेस ने यहां पर उन्हें एक भी सीट नहीं दी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सपा से बेरुखी का असर भी कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहती थी, किंतु कांग्रेस ने उसे यहां एक भी सीट नहीं दी। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने यहां 69 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।



जानकार बताते हैं कि मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पसीना बहा रहे हैं। उनकी पत्नी डिंपल यादव भी मैदान में उतर गई हैं। इसके साथ ही अखिलेश जातीय जनगणना से लेकर आरक्षण मुद्दे पर भाजपा के साथ कांग्रेस को दोषी बता रही है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से अभी सपा के खिलाफ कोई बयान नहीं आया है। इतना ही नहीं राजस्थान में भी सपा पांच सीटों पर कांग्रेस को चुनौती दे रही है। यहां पर रालोद को कांग्रेस ने महज एक सीट ही दी है। राजनीतिक विश्लेषक

> लाभ हानि के गणित को देखते हुए यह गठबंधन परवान चढ़ सकता है

अमोदकांत मिश्रा कहते हैं कि विपक्षी एकता के लिए बने गठबंधन में फूट साफ दिखाई दे रही है। सहयोगी दल विधानसभा चुनाव में अलग अलग लड़ते नजर आ रहे सपा के बाद जदयू ने भी मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन के भविष्य पर खतरा पैदा किया है।

मिश्रा कहते हैं कि


मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

MOTILAL OSWAL HOME LOANS

वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के तहत)

| क्र. सं. | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | 10 08 2023 हेतु रु. 11,11,882/ | 08-11-2023 | [illegible] |

स्थान : छत्तीसगढ़

तिथि : 12 11 2023

हस्ता /-

प्राधिकृत अधिकारी

(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड)



# दुनिया रंग-बिरंगी

**देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दीवाली के अवसर पर रिलीज़ किया अपना नया गाना दिवाली आयो रे**

**मुंबई।** देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दीवाली के अवसर पर अपना नया गाना दिवाली आयो रे रिलीज किया है दिवाली आयो रे में दर्शाया गया है कि प्रभू श्री राम जब अयोध्या से वापस आये और वहा कि प्रजा ने उनके स्वागत पहली दिवाली मनाई थी द्य इस गाने को इंडियन आइडल 2023 के विजेता अयोध्या के ऋषी सिंह ने स्वरबद्ध किया है और इस गाने का म्युजिक जितुल बोरा ने किया है। जगदीशचंद्र पाटिल द्वारा निर्मित, इस गाने का निर्देशन विजय बूटे ने किया है। मोनाली गुळवे इस गाने की कार्यकारी निर्माता हैं इस गाने के म्युजिक वीडियो में रवि भाटिया, अनुजा शिंदे और हर्ष नायर नजर आ रहे हैं। यह गाना देसी ध्वनि रिकॉर्ड के यूटयूब चैनल पर अब उपलब्ध है।

### शोधकर्ताओं ने स्लीप एपनिया को लेकर किया अध्ययन

## नींद संबंधी विकार हृदय के काम करने पर डालता है असर

### 42,000 से अधिक रोगियों पर अध्ययन

**न्यूयॉर्क,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने स्लीप एपनिया (एक नींद विकार) और एट्रियल फाइब्रिलेशन (एक सामान्य हृदय रिदम विकार) के विकास के बीच लिंक की पहचान की है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित, 42,000 से अधिक रोगियों के अध्ययन में पाया गया कि नींद से संबंधित हाइपोक्सिया - या नींद के दौरान कम ऑक्सीजन का स्तर - समय के साथ एट्रियल फाइब्रिलेशन विकसित होने के उच्च जोखिम से जुड़ा हुआ है।

क्लीवलैंड क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने अध्ययन में पाया कि फेफड़ों के कार्य को ध्यान में रखने के बाद भी जोखिम बना रहता है, यह सुझाव देता है कि नींद से संबंधित हाइपोक्सिया स्वतंत्र रूप से किसी भी अंतर्निहित फेफड़ों की बीमारी से अलग एट्रियल फाइब्रिलेशन जोखिम को बढ़ाता है। एट्रियल फाइब्रिलेशन (एएफआईबी) एक अनियमित और अक्सर बहुत तेज हृदय ताल (अनियमित रिदम) है, जो हृदय में रक्त के थक्के का कारण बन सकता है। असामान्य रूप से तेज हृदय गति के कारण रक्त प्रवाह खराब हो सकता है और स्ट्रोक, हार्ट फेल और अन्य हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है।

**समय के साथ एट्रियल फाइब्रिलेशन विकसित होने के उच्च जोखिम**

अध्ययन से पता चला कि 5 प्रतिशत रोगियों में नींद के अध्ययन के पांच साल के भीतर एएफआईबी का निदान किया गया था, जबकि उनका समूह काफी युवा (औसतन 51 वर्ष) था। यह भी पाया गया कि औसत ऑक्सीजन संतृप्ति में प्रत्येक 10 प्रतिशत की कमी के लिए, एएफआईबी का जोखिम 30 प्रतिशत बढ़ गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, स्लीप एपनिया की नियमित जांच और इलाज से एट्रियल फाइब्रिलेशन विकसित होने की संभावना को कम करने में मदद मिल सकती है, खासकर उन लोगों में जो पहले से ही उच्च जोखिम में हैं।

शोधकर्ता नींद की अव्यवस्थित श्वास, जिसमें स्लीप एपनिया और नींद से संबंधित हाइपोक्सिया शामिल हैं, को एएफआईबी विकास से जोड़ने वाले तंत्र को बेहतर ढंग से समझने के लिए भविष्य के अध्ययन की योजना बना रहे हैं। उन्हें यह भी परीक्षण करना है कि क्या स्लीप एपनिया के लिए मौजूदा उपचार, जैसे सीपीएपी, एएफआईबी जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं।



## अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव ने भाई दूज की परंपराओं को किया साझा

**मुंबई,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाभी के रूप में नजर आने वाली अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव ने भाई दूज को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस अवसर पर मिलने वाले उपहारों को याद किया है।



विदिशा ने कहा कि मेरे लिए भाई दूज पसंदीदा मिठाइयों का स्वाद लेने और उपहारों का आदान-प्रदान करने के बारे में है। मेरे परिवार में यह उत्सव महत्वपूर्ण अर्थ रखता है और इसे मनाने के लिए, हमारा पूरा परिवार, जिसमें चचेरे भाई-बहन भी शामिल हैं, एक छत के नीचे एकत्र होते हैं। उन्होंने साझा किया कि इस अवसर पर हम अपने भाइयों की आरती करने से पहले उन्हें क्रिस्टल शुगर, पान के पत्ते, काले चने, सुपारी और फल देते हैं। आरती और तिलक समारोह के बाद, हमारे भाई हम बहनों को विशेष भाई दूज उपहार देते हैं, और हम अपने बड़ों से आशीर्वाद मांगते हैं। विदिशा ने आगे बताया कि मुझे भाई दूज का सबसे अच्छा उपहार याद है जो मेरे भाई ने मुझे दिया था। एक घड़ी जो मैं अभी भी पहनती हूं। हर साल की तरह, मैं उनके संग्रह के लिए नए परफ्यूम देकर उन्हें आश्चर्यचकित करती हूं। अनुष्ठानों के बाद हम सभी अपने पसंदीदा व्यंजनों का आनंद लेते हुए एक साथ बाहर भोजन करते हैं। मैं इस दिन के लिए अपने उत्साह पर काबू नहीं रख पा रही हूं।एक्ट्रेस ने सभी को भाई दूज की शुभकामनाएं दी।

## थ्रेड्स यूजर्स अब अपने पोस्ट को इंस्टाग्राम व एफबी से रख सकते हैं दूर

**सैन फ्रांसिस्को,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मेटा के थ्रेड्स उपयोगकर्ता अब अपने पोस्ट को इंस्टाग्राम और फेसबुक प्लेटफॉर्म से दूर रख सकते हैं। कई थ्रेड्स उपयोगकर्ताओं ने कहा कि प्लेटफ़ॉर्म अब उन्हें इंस्टाग्राम और/या फेसबुक पर अपने पोस्ट सुझाए जाने से ऑप्ट-आउट करने की अनुमति देता है।



रिपोर्ट के अनुसार, मेटा स्पष्ट रूप से इस नए थ्रेड्स फीचर को धीरे-धीरे सभी उपयोगकर्ताओं के लिए जारी कर रहा है। थ्रेड्स पोस्ट को अन्य मेटा प्लेटफ़ॉर्म पर दिखने से रोकने के लिए, थ्रेड्स ऐप के शीर्ष दाईं ओर दो पंक्तियों, गोपनीयता, अन्य ऐप्स पर सुझाव पोस्ट पर टैप करें। इस बीच, इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी ने थ्रेड्स के वेब संस्करण पर कुछ नई सुविधाओं की घोषणा की है, इसमें कॉपी और पेस्ट विकल्प और कई पोस्ट जोड़ने का विकल्प शामिल है। उपयोगकर्ता अब अपने पोस्ट में मीडिया अटैचमेंट को कॉपी और पेस्ट या ड्रैग और ड्रॉप कर सकते हैं और प्रकाशन से पहले एक थ्रेड में कई पोस्ट जोड़ सकते हैं।

इसके अलावा, मोसेरी ने उल्लेख किया है कि उपयोगकर्ता अब किसी पोस्ट पर लाइक या व्यूज पर क्लिक करके उद्धरण और रीपोस्ट देख सकेंगे। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग के अनुसार, थ्रेड्स के अब 100 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

मोसेरी ने यह भी कहा कि कंपनी डेवलपर्स को एक्स प्रतिद्वंद्वी के आसपास विभिन्न ऐप और अनुभव बनाने में मदद करने के लिए थ्रेड्स एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस (एपीआई) पर काम कर रही है। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम एपीआई फीचर पर काम कर रहा है।

मोसेरी ने कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं। मेरी चिंता यह है कि इसका मतलब बहुत अधिक प्रकाशक सामग्री होगा और बहुत अधिक निर्माता सामग्री नहीं, लेकिन यह अभी भी ऐसा लगता है कि हमें कुछ करने की ज़रूरत है।

## पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों के संग मनाई दिवाली

**बेतिया,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में रविवार को धूमधाम से दिवाली मनी। इस क्रम में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में पर्यावरण प्रेमियों ने अनोखे तरीके से दिवाली मनाई। ग्रामीणों ने पेड़ों के बीच इकट्ठा होकर दीप जलाए और दीपोत्सव का पर्व मनाया।

इस मौके पर बगहा पुलिस और एसएसबी के अधिकारी और कर्मी भी मौजूद रहे। बगहा के रहने वाले गजेंद्र यादव अपने जीवन में 10 लाख से अधिक पौधे लगा चुके हैं। यादव ने खुद शादी नहीं की है और उनके लिए उनका परिवार ही पेड़, पौधे हैं। उन्होंने बताया कि वे प्रत्येक पर्व और त्योहार इन पेड़ पौधों के साथ ही मनाते हैं। इसी के तहत आईपीएस विकास वैभव चौराहा पर प्राण वायु दायिनी पेड़, पौधों के संग हर्षोल्लास तथा पारंपरिक उत्साह के साथ दीपोत्सव महापर्व मनाया गया। यहां लोग जुटे और हजारों दीप जलाए गए। इस मौके पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 21 वीं तथा 65 वीं वाहिनी के सेनानायक प्रकाश के साथ दर्जनों जवान तथा बगहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार देवेन्द्र के साथ बगहा पुलिस पदाधिकारी एवं दर्जनों गांव के सैकड़ों प्रतिष्ठित ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारी कुमार देवेंद्र ने गजेंद्र की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के कई शहरों में जहरीली हवा के बीच लोगों को



सांस लेना पड़ रहा है। ऐसे में गजेंद्र के पेड़ों के प्रति समर्पण एक बड़ा संदेश है।

## सैफ, करीना की दिवाली पार्टी में शर्मिला टैगोर, आलिया, रणबीर, सारा का जलवा



**मुंबई,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर खान ने अपने घर पर परिवार और करीबी दोस्तों के लिए एक शानदार दिवाली पार्टी दी। इसमें शर्मिला टैगोर, रणधीर कपूर, बबीता कपूर, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, सारा अली खान सहित कई हस्तियों ने शिरकत की। करीना फूलों की कढ़ाई वाली लाल साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं, जबकि सैफ ब्लैक एथनिक ड्रेस में शाही अंदाज में दिख रहे थे।

वीडियो में मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को ब्लैक कलर की साड़ी में देखा गया, वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं। करीना के पिता और अभिनेता रणधीर कपूर को हल्के हरे रंग का कुर्ता पहने देखा गया, जबकि बबीता ने गुलाबी पोशाक पहनी थी।

आलिया लाल लहंगे में बहुत खूबसूरत लग रही थीं, जबकि रणबीर ने काले और सफेद रंग का एथनिक ड्रेस पहना था। रणबीर ने फोटोग्राफरों का स्वागत किया और उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

सारा के साथ उनके भाई इब्राहिम भी थे। वह बैंगनी रंग के अनारकली कुर्ते में बेहद खूबसूरत लग रही थीं और इसके साथ उन्होंने लाल चूड़ीदार और मैचिंग दुपट्टा भी पहना था। इब्राहिम ने काले रंग की एथनिक जैकेट और सफेद पतलून पहनी थी।

कुणाल खेमू ने सफेद कुर्ता और पायजामा पहना था, जबकि सोहा अली खान ने लाल साड़ी पहनी थी। करिश्मा कपूर ने अपनी बहन की दिवाली पार्टी में शामिल होने के लिए भूरे रंग का एथनिक पहनावा पहना था। पार्टी में सैफ की बहन सबा भी मौजूद थीं और उन्होंने पीले रंग की ड्रेस पहनी थी, जबकि अर्जुन कपूर काले कुर्ते और मैचिंग पायजामे में बेहद खूबसूरत लग रहे थे। उन्होंने बियर्ड लुक और पोनीटेल रखा हुआ था। पार्टी में अमृता अरोड़ा और उनके पति आदर जैन भी मौजूद थे, जो अपनी कथित गर्लफ्रेंड के साथ आए थे और अरमान जैन और उनकी पत्नी अनीसा जैन भी मौजूद थे। करिश्मा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं और लिखा कि परिवार, भोजन और उत्सव। सोहा ने इंस्टाग्राम पर दिवाली की तस्वीरें पोस्ट कीं और कहा, यहां प्यार और रोशनी है।

## ऑस्कर-एनिमेटेड लघु 'अमेरिकन सिख' में शामिल हुए गुनीत मोंगा, शेफ विकास खन्ना

**लॉस एंजेलिस,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा और मिशेलिन-स्टार शेफ और फिल्म निर्माता विकास खन्ना कार्यकारी निर्माता के रूप में ऑस्कर-एनिमेटेड लघु फिल्म 'अमेरिकन सिख' में शामिल हो गए हैं।



'अमेरिकन सिख' एक अमेरिकी मूल के पगड़ी पहने हुए सिख चित्रकार, लेखक, प्रदर्शन कलाकार, वक्ता और सिखटून्स डॉट कॉम के निर्माता विश्वजीत सिंह की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो जीवन भर पूर्वाग्रह, आत्म संदेह और हिंसा का सामना करते रहे।

वैरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, सिंह सार्वजनिक रूप से अपने कैप्टन अमेरिका व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं, एक पगड़ीधारी और दाढ़ी वाले सिख जो कट्टर असहिष्णुता के खिलाफ लड़ रहे हैं और 9/11 के बाद एक अमेरिकी को कैसा दिखना चाहिए इन धारणाओं से ग्रसित हैं। 'अमेरिकन सिख' निर्देशक-निर्माता सिंह और रयान वेस्ट्रा की साझेदारी में बनाई गई है।

फिल्म ने बर्मिंघम अलबामा में साइडवॉक फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ लघु एनीमेशन जीता है, सैन डिएगो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ एनीमेशन, सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र के लिए ग्रैंड जूरी पुरस्कार और सिएटल में तसवीर फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार, शिकागो इंटरनेशनल फिल्म में विशेष उल्लेख और टॉलग्रास फिल्म फेस्टिवल में एक सम्मानजनक जगह बनाई है।



## अर्चना गौतम ने पसंदीदा 'बिग बॉस' प्रतियोगियों का किया खुलासा, विक्की 'असली खिलाड़ी'

**मुंबई,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। विवादास्पद रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' में तीसरी रनर अप रहीं अभिनेत्री अर्चना गौतम ने 'बिग बॉस 17' सीजन के शीर्ष पांच प्रतियोगियों के बारे में बताया। उन्होंने अपनी 'खतरों के खिलाड़ी' दोस्त ऐश्वर्या शर्मा को अपना समर्थन दिया। निर्माताओं ने 'बिग बज' के साथ 'बिग बॉस 17' के अनुभव में एक रोमांचक मोड़ लाया है, यह शो बिग बॉस के लिविंग रूम को एक नए प्रारूप में जीवंत बनाता है, जिसे पिछले सीजन में पेश किया गया था। अपने पहले सीजन के सफल प्रदर्शन के बाद, यह शो अपने दूसरे सीजन के साथ लौट आया है। कृष्णा अभिषेक द्वारा होस्ट किए गए, 'बिग बज़' में एक काल्पनिक परिवार दिखाया गया है, जो बिग बॉस के बेदखल और पिछले सीजन के प्रतियोगियों से जुड़ा हुआ है, जो मनोरंजन की दुनिया में विशेष अंतर्दृष्टि के साथ-साथ उनके जीवन और विचारों पर एक अनफ़िल्टर्ड नज़र पेश करता है। शो में आने वाली अर्चना ने खुलासा किया कि वह लगन से 'बिग बॉस 17' को देख रही हैं। कृष्णा के साथ एक बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने शीर्ष 5 'बिग बॉस 17' प्रतियोगियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मेरे शीर्ष पांच में मेरी दोस्त ऐश्वर्या, मन्नारा चोपड़ा, मुनव्वर फारुकी, विक्की जैन - अंकिता लोखंडे और खानजादी होंगे। मुझे लगता है कि विक्की इस सीजन का विजेता होगा, और मुनव्वर जनता का विजेता होगा। अर्चना ने कहा कि विक्की असली खिलाड़ी है और वह बहुत अच्छा खेल रहा है। वह अपने दिमाग का बहुत प्रभावी ढंग से उपयोग करता है।

## मणिपुरी फिल्म जोसेफ सन अल्टरनेटिवा पुरस्कार के लिए नामांकित

**इंफाल,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुरी भाषा में हाओबम पबन कुमार की तीसरी कथात्मक फिल्म जोसेफ सन, कजाकिस्तान में अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार 2023 के लिए 14 फिल्मों में नामांकित होने के बाद फिर से सुर्खियों में है।

विजेताओं की घोषणा आगामी 2 दिसम्बर को कजाकिस्तान के अल्माटी में पुरस्कार समारोह में की जाएगी।

अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार कजाकिस्तान में वैश्विक तकनीकी कंपनी ड्राइव द्वारा संचालित अल्टरनेटिवा फिल्म प्रोजेक्ट का एक अभिन्न अंग हैं। प्रत्येक फिल्म का चयन विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा सावधानीपूर्वक किया गया। समिति में फेस्टिवल क्यूरेटर, फिल्म समीक्षक, निर्देशक, निर्माता और एशिया के सांस्कृतिक पत्रकार शामिल थे।

**14 फिल्मों में नामांकित होने के बाद फिर से सुर्खियों में**

अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार की श्रेणी में 20,000 डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इन श्रेणियां में फ्यूचर वॉयस, स्पॉटलाइट, ऑल्टर, नैटिवा और शॉर्ट अवार्ड्स, फिल्म उद्योग और समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले निर्देशकों को मान्यता देना, महत्वपूर्ण उपेक्षित विषयों को उजागर करना, गंभीर सामाजिक मुद्दों को संबोधित करना और राष्ट्रीय या सांस्कृतिक पहचान की खोज करने वाली फिल्मों का जश्न मनाना है।

हाओबम पबन कुमार की फिल्म जोसेफ सन का विश्व प्रीमियर जून 2023 में आयोजित मुख्य प्रतियोगिता खंड में 25वें शंघाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। फिल्म का निर्माण राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और ओली पिक्चर्स, इंफाल द्वारा सह-निर्मित किया गया है।

मणिपुरी फिल्म में मुख्य नायक गुरु रूबेन मशांगवा हैं। फिल्म में तांगखुल, मीतेई, थाडौ कुकी और रोंगमेई की विभिन्न भाषाएं शामिल हैं। इसमें अलग-अलग समुदायों से तांगखुल, मैतेई, थाडौ कुकी, रोंगमेई और बिहारी जैसे अलग-अलग किरदार हैं। यह फिल्म मणिपुर में जातीय संघर्ष के वर्तमान संकट के लिए बहुत प्रासंगिक है। जोसेफ, एक संगीतकार, अनिच्छा से अपने लापता बेटे की तलाश के लिए लंबी यात्रा पर निकलता है। जैसे-जैसे वह यात्रा करता है, उसका डर गहरा होता जाता है- अतीत और वर्तमान के निरंतर संघर्ष से पैदा हुआ डर जिसमें एक व्यक्तिगत डर भी जुड़ जाता है।

पबन कुमार ने कहा कि एक कहानीकार के रूप में, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मेरी फिल्में मेरी समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करें। मणिपुर 35 विभिन्न जनजातियों और उप-जनजातियों का घर है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराएं हैं। आज, यहां भारी अशांति है मणिपुर विभिन्न जातीय समूहों के बीच अपनी पहचान, भूमि और जंगलों के लिए लड़ रहा है।

## गुड्स ट्रांसपोर्ट को अधिक लाभदायक बनाएगा आईआईटी का ऐप

### फैकल्टी, छात्रों व पूर्व छात्रों ने मोबाइल एप्लिकेशन किया विकासित

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। आईआईटी मद्रास के फैकल्टी, छात्रों और पूर्व छात्रों ने एक मोबाइल एप्लिकेशन विकासित किया है। आईआईटी के मुताबिक यह ड्राइवरों को उपभोक्ताओं से सीधे जोड़ेगा। इसमें कोई कमीशन या ऑन-बोर्डिंग शुल्क भी नहीं लेगा। उपभोक्ता सीधे ड्राइवर को भुगतान करेंगे, यानी कोई बिचौलिया नहीं होगा। आईआईटी का मानना है कि इस ऐप से शहरों में माल परिवहन का काम पहले के मुकाबले आसान, कारगर और अधिक लाभदायक होगा। आईआईटी ने इस मोबाइल ऐप का नाम 'ऑप्टरूट' रखा है। आईआईटी मद्रास में इनक्यूबेट किए गए स्टार्ट-अप 'ऑप्टरूट लॉजिस्टिक्स' ने इस ऐप का पहला वर्जन तैयार और फिर उसका व्यावसायीकरण किया है। इस स्टार्ट-अप के सह-संस्थापक आईआईटी मद्रास में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एनएस नारायणस्वामी और आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र अनुज फुलिया हैं। स्टार्ट-अप ने पैकिंग और वाहन में उपलब्ध जगह के सदुपयोग के तरीके भी विकसित किए हैं। ऐप में अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने के बाद ये फीचर शामिल किए जाएंगे। आने वाले समय में इस ऐप के विशेष लाभ बताते हुए आईआईटी मद्रास के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर नारायणस्वामी ने कहा कि ऑप्टरूट का लक्ष्य माल संचालन और परिवहन के कारोबार में ड्राइवरों और ग्राहकों के बीच संपर्क संबंधी समस्याएं दूर करना है। ट्रांसपोर्टरों की मौजूदा समस्याएं हैं, वापसी



में माल भाड़ा नहीं मिलना और वाहन की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं होना। वर्तमान में यह बाज़ार बहुत असंगठित है इसलिए बहुत लाभदायक नहीं है। ऐसे में टेक्नोलॉजी के माध्यम से समाधान समय की मांग है। यह राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, 2022 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भी जरूरी है। 'ऑप्टरूट' लॉजिस्टिक्स के सह-संस्थापक और आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र अनुज फुलिया ने कहा कि हमारा मोबाइल एप्लिकेशन ग्राहकों और ड्राइवरों को आपस में जोड़ता है। 'ऑप्टरूट' में थर्ड पार्टी की सेवाएं नहीं ली जाती है, इसलिए इसके काम-काज पर न्यूनतम खर्च होता है। इस तरह हम बिना किसी कमीशन अपनी सेवा दे रहे हैं। ऐप के डिजाइन और विकास में आईआईटी मद्रास के पूर्व और वर्तमान छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान है। साल के अंत तक 500 से अधिक शहरों में हमारी यह सेवा उपलब्ध होगी।

'ऑप्टरूट' ऐप में दो यूजर मोड हैं - ड्राइवर और कस्टमर। कस्टमर मोड में यूजर माल परिवहन के लिए जरूरी वाहन का अनुरोध कर सकते हैं। ड्राइवर मोड में यूजर उनका अनुरोध देख और स्वीकार कर सकते हैं। 'ऑप्टरूट' और अब तक उपलब्ध अन्य सेवाओं में अंतर यह है कि यह प्रति ट्रांजेक्शन शून्य कमीशन और सदस्यता शुल्क भी न्यूनतम प्रदान करता है। उपभोक्ता सीधे ड्राइवर को भुगतान करते हैं। सॉफ्टवेयर सिस्टम और इसके काम-काज का व्यापक विस्तार कर सकते हैं। ड्राइवर और ग्राहक दोनों के लिए एक ही ऐप है। 'ऑप्टरूट' ऐप एंड्रॉइड डिवाइस के लिए है और यह गूगल प्ले से इंस्टॉल कर सकते हैं। अभी यह ऐप अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नोएडा, पंचकुला, पुणे, मोहाली, सूरत और जीरकपुर सहित भारत भर के कई शहरों में उपयोग में है।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 14 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# ऐसे आचार्यों से किनारा करे कांग्रेस

ऐसे वक्त में जब कांग्रेस अपने अस्तित्व के साथ-साथ पूरे भारत में लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी व निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, तब आचार्य प्रमोद कृष्ण का वह बयान उसे नुकसान पहुंचा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'कांग्रेस ने एक लफंडर को अपना महासचिव बना रखा है।' साथ ही वे पहले भी अनेक ऐसे बयान दे चुके हैं जो पार्टी के सीधे-सीधे खिलाफ हैं। कांग्रेस अपने इसी प्रकार के सदस्यनुमा खैरख्वाहों की बदौलत भरपूर नुकसान झेल चुकी है। उसे चाहिये कि वह अपने ऐसे आचार्यों और नेताओं पर लगाम कसे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाये।

उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रमोद प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं और वे दो बार कांग्रेस की तरफ से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में संभल और 2019 में लखनऊ से। हालांकि दोनों ही बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। दरअसल हाल ही में आचार्य ने कहा था कि 'कांग्रेस के भीतर कुछ हिन्दू विरोधी भावनाओं के लोग हैं।' इस पर जब कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला से पत्रकारों ने प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि 'वे ऐसे ऊलजलूल लोगों को छोड़ें और बयानों पर न जायें।' इसी बयान से नाराज़ होकर आचार्य ने ट्वीट कर दिया कि 'कांग्रेस के भाग्य की यह विडम्बना है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना दिया गया है जिसने राज्यसभा के चुनाव में विधायक रहते हुए भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज़ के मालिक सुभाष चंद्रा को जितवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रुकवाने के लिये किया।' इसके पहले उन्होंने बयान दिया था कि 'कुछ ऐसे बड़े कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें हिन्दू शब्द से ही नफरत हैं।' उनका यह भी कहना था कि 'कुछ नेताओं को राम मंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है'। वे यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने यह भी कहा कि 'दुनिया जानती है कि राम मंदिर के निर्माण को रोकने के प्रयास हुए। इससे सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।'

आचार्य प्रमोद ऐसे लोगों में हैं जो अपने पार्टी विरोधी बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने संयुक्त विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से गठबंधन किये बगैर उप्र में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी चुनाव जीत ही नहीं सकते।

प्रमोद आचार्य का गुस्सा स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी भड़का है जिन्होंने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को अपनी दिवाली की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि 'दुनिया में सभी रंग-रूप, नस्ल वालों के बच्चे दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, एक पीठ व एक पेट के साथ पैदा होते हैं। चार हाथ, आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा ही नहीं हुआ तो यह चार हाथों वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है?' उन्होंने यह भी कहा कि 'अगर आपको लक्ष्मी की ही पूजा करनी है तो अपनी पत्नी की पूजा करें जो आपको व आपके परिवार को खाना खिलाती है, देखरेख करती है।' इस पर अनेक हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई लेकिन आचार्य प्रमोद कुछ ज्यादा ही नाराज़ हो गये। उन्होंने यहां तक कह डाला कि मैं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहूंगा कि उनके बोलने पर पाबंदी लगाई जाए।

इतने समय से कांग्रेस में रहने और कई राजनैतिक उतार-चढ़ाव देखने वाले आचार्य प्रमोद को अगर यह बात नहीं समझ में आती कि ऐसे विवादों से अंततः फायदा कांग्रेस के विरोधियों, वह भी मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी को ही होता है, तो उन्हें वहां रहने और पार्टी द्वारा उन्हें अपने साथ जोड़कर रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस कई ऐसे अपनों को झेल चुकी है और उसे इसका बहुत खामियाजा उठाना पड़ा है। वे चाहें मणिशंकर अय्यर हों या सलमान खुर्शीद या फिर कपिल सिब्बल अथवा गुलाम नबी आजाद- अलग-अलग अवसरों पर ऐसे ही बयान देकर पार्टी को नुकसान उठाते रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जो अब कांग्रेस में नहीं हैं लेकिन उनके पार्टी छोड़ने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। सच तो यह है कि ऐसे लोग पार्टी में रहकर ही उसे नुकसान पहुंचाते हैं।

पार्टी को चाहिये कि ऐसे कथित नेतानुमा आचार्यों पर न केवल अंकुश लगाए वरन ज़रूरत पड़ने पर उन्हें निकाल बाहर करें। यह वही पिच है जिस पर भाजपा चाहती है कि उसके सारे विरोधी दल आकर खेलें। व्यक्तिगत रंजिशों व वाद-विवादों से प्रारम्भ होने वाले ऐसे ही प्रकरण धीरे-धीरे बड़ा रूप धरते हैं। कांग्रेस विरोधी पार्टियां इन्हीं सारे बयानों का संदर्भ देकर पार्टी को घेरती है और जनता के सामने उसका कद व महत्व गिराती जाती है। इसके लिये किसी और को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इन अंदरूनी विवादों का हवाला देकर भाजपा तंज कस सकती है कि पहले ये (कांग्रेसी) आपस में मोहब्बत कर लें फिर देशवासियों के बीच नफरत को खत्म करें। अपने एक महासचिव पर इस तरह की टिप्पणी करना किसी भी जिम्मेदार नेता को शोभा नहीं देता। इसके बाद कांग्रेस द्वारा अन्य दलों के नेताओं की ऐसी टिप्पणियों पर उंगली उठाने का हक नहीं रह जाता। आचार्य प्रमोद जैसे लोग ही कांग्रेस की लड़ाई को कमजोर बनाते हैं

# कोई हो ज्यादा चतुरता एक दिन उल्टी पड़ती ही है

कहते हैं ज्यादा चतुराई उल्टी पड़ जाती है! अंग्रेजी में ओवर स्मार्टनेस नेगेटिव टर्म में यूज होता है। राजनीति में तो हमेशा ओवर स्मार्टनेस के नुकसान सामने आते हैं।

मौसम चुनावों का चल रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव हो गए। यहां के पहले मुख्यमंत्री थे अजीत जोगी। स्मार्ट आईएएस। मगर मुख्यमंत्री बनने के बाद ओवर स्मार्ट हो गए। ओवर स्मार्ट का मतलब मैं कुछ भी कर सकता हूं और तीन साल में इतने विवाद पैदा कर लिए कि 2003 में हुए चुनाव में कांग्रेस ऐसी हारी कि फिर 15 साल तक वापस नहीं आ सकी। उसके बाद जब पार्टी छोड़ी तभी 2018 में कांग्रेस की वापसी हुई, कहते हैं कि वे अंदर ही अंदर भाजपा को सपोर्ट करते थे। जो भी हो मगर अब उनके बेटे अमित जोगी भाजपा को खुली मदद करने के लिए सामने आ गए हैं। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से चुनाव मैदान में हैं। उद्देश्य कांग्रेस के वोट काटना है। बघेल का मुकाबला तो भाजपा से ही है जिसने उनके भतीजे विजय बघेल को चाचा के सामने उतारा है। मगर मुख्यमंत्री के अच्छे प्रभाव के कारण मुश्किल में फंसी भाजपा की मदद के लिए अमित जोगी अंतिम क्षणों में यहां चुनाव लड़ने पहुंच गए। जोगी परिवार के तीनों सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अमित जोगी की पत्नी ऋचा और उनकी मां रेणू जोगी भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी अपनी पार्टी है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़। नाम से कांग्रेस का धोखा होता है। इसलिए इन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस के कुछ वोट काटकर भाजपा को फायदा करा सकेंगे। यह ओवर स्मार्टनेस बेटे अमित में पिता अजीत जोगी से भी ज्यादा है।

कांग्रेस जिस दूसरे चुनावी राज्य में ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है वह है मध्य प्रदेश। और यहां भी कांग्रेस के एक पूर्व नेता की ओवर स्मार्टनेस उन्हें अब भारी पड़ रही है। जनता इस तरह करती नहीं है। मगर इस बार वह पूरी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया से बदला लेने के मूड में है। उन्होंने जिस तरह कांग्रेस को कम और जनता को ज्यादा धोखा देकर भाजपा की सरकार बनाई

वह अब उन्हें और उनसे ज्यादा भाजपा को भारी पड़ रही है। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों तक को चुनाव लड़ाना पड़ रहा है। मगर उससे भी कोई राहत नहीं मिली। उल्टे बगावत ज्यादा हो गई। और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे का तो एक वीडियो वायरल हो गया जिससे वे और परेशानी में पड़ गए। वीडियो में बेटा कथित तौर पर करोड़ों रुपए के लेनदेन की बात करता दिखाई दे रहा है।

मध्य प्रदेश में कहा जा रहा है कि केन्द्र और राज्य दोनों जगह इनकी सरकार है। अगर गलत है तो जांच करवा ली होती। झूठा बनाने वाला पकड़ में आ जाता। मगर कोई जांच भी नहीं हुई। कारण किसी को पता नहीं है। लोकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि इसके पीछे पार्टी के अंदर की ही कोई राजनीतिक प्रतिद्वंदिता है। बाहर के किसी आदमी की डबल इंजन सरकार में घुसपैठ नहीं हो सकती। शक की सुइयां उन लोगों की तरफ घूम रही हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

यह जो कहानी की थीम ओवर स्मार्टनेस है उसमें यहां प्रधानमंत्री मोदी भी आ रहे हैं। उन्होंने अपने नाम पर चुनाव लड़ने का माहौल बनाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिल्कुल अलग थलग कर दिया है। मगर एक बात है शिवराज भी बहुत मजबूत दिल वाले नेता हैं। मोदी द्वारा कहीं उनका नाम तक न लेने अपमान की हद तक नजरअंदाज करने के बावजूद शिवराज चुनाव प्रचार में सबसे ज्यादा मेहनत से लगे हुए हैं। दीवाली के दिन वही एकमात्र बड़े नेता थे जो प्रचार में लगे हुए थे। उससे पहले धनतेरस को उन्होंने एक दिन में 11 मीटिंगें कीं। अब यह अलग बात है कि इस समय कोई उन्हें क्रेडिट देने को तैयार नहीं है। मोदी की बेरूखी देखने के बाद राज्य में कई नेता मुख्यमंत्री पद के लिए सज गए हैं। कहते हैं उसी में से किसी ने सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहे तोमर का यह वीडियो बनवाया है।

खैर वह जो भी हो छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां और छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक-दो दिन बाद मतदान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के दूसरे और अंतिम चरण का होना है और मध्य प्रदेश में एक ही चरण में। 17 नबंबर को। भाजपा या कांग्रेस सीधा मुकाबला है। कांग्रेस की एज ( बढ़त) के साथ। दोनों जगह कांग्रेस की एज में उसके दो ऐसे नेता का हाथ है जो अपनी ओवरस्मार्टनेस की वजह से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की सोचकर उसका फायदा कर गए। पार्टी छोड़कर। और सिंधिया भाजपा में जाकर उसकी मदद करने के बदले उस पर बोझ बन गए और उधर छत्तीसगढ़ में जोगी के कांग्रेस छोड़ते ही कांग्रेस का ग्रहण उतर गया।



शकील अख्तर

> राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते। बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है।

मध्य प्रदेश में ग्वालियर-चंबल संभाग जिसे कभी सिंधिया परिवार का गढ़ कहा जाता था और केवल कहा ही नहीं जाता था हमने खुद देखा है कि वे अपने ड्राइवर को भी चुनाव लड़वा देते थे तो जीत जाता था। मगर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस और जनता को दिए धोखे के बाद जिसे वहां ज्यादा कठोर शब्दों में गद्दारी कहा जा रहा है उनके प्रत्याशियों का जीतना मुश्किल हो रहा है। ग्वालियर चंबल संभाग में 34 सीटें हैं। जहां ज्योतिरादित्य की गद्दारी बहुत बड़ा इशु बना हुआ है। यहीं से केन्द्रीय मंत्री तोमर को भी लड़ाया गया है। मगर एक तो सिंधिया के विश्वासघात या जो इसे यहां की जनता कह रही है गद्दारी से उनकी सीट भी मुश्किल में पड़ गई है। और फिर अभी जब यह लिख रहे हैं तो उनके बेटे का एक और बहुत साफ वीडियो सामने आ गया है। इसमें 500 करोड़ की बात हो रही है।

यह वीडियो मोदी के परिवारवाद इशु और भ्रष्टाचार दोनों की हवा निकाल देगा। परिवारवाद का यह विकृत रूप है कि पिता केन्द्र में मंत्री हो और बेटा वीडियो में 500 करोड़ की बात करता देखा जा रहा हो।

खैर जैसा राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते।

बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है कि वह सत्य की तरफ ले जाते हैं। ओवर स्मार्टनेस का शिखर पर उदाहरण तो केवल एक ही हैं। हमारे प्रधानमंत्री। जिनके लिए राहुल ने सबसे सटीक बात कही थी कि अगर वे भगवान के साथ बैठ जाएं तो उन्हें भी बताने लगेंगे कि सृष्टि कैसे चलाना चाहिए।

इन पांच राज्यों के चुनाव में असल में उनका अस्तित्व दांव पर लगा है। अभी तक वे जो चाहे कर रहे थे। मीडिया अंधभक्त बना उनका समर्थन कर रहा था। मगर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक चुनाव के बाद स्थितियां बदल रही हैं। अब उनका नाले के गैस से चाय बनाना, रडार न पकड़े इसलिए बादलों में से लड़ाकू जहाज निकलवाना, सौ साल तक कांग्रेस नहीं आएगी, मध्य प्रदेश के मन में मोदी है जैसी बातें सुनकर अब लोग चुप नहीं रहते हैं मजाक बनाने लगे हैं।

मोदीजी तो ओवरस्मार्टनेस से आगे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति तक पहुंच गए हैं। उन्हें अवतार घोषित किया जाने लगा है। लेकिन अब इसका उतार भी शुरु हो गया है। पांच राज्यों के चुनाव बहुत दिलचस्प मोड़ पर हैं। देखना है कि इसमें ओवर स्मार्टनेस वाले नेता चलेंगे या शुद्ध धरातल पर खड़े नेता। कुछ भी कह कर निकल जाने वाले या जनता के रोजगार, महंगाई, मुफ्त शिक्षा इलाज पर बात करने वाले।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# अतीत के गौरव के प्रशंसक पर अंधभक्ति के विरोधी थे नेहरू

पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में कुछ लोगों की यह धारणा है कि वे भले ही पैदा भारत में हुए हों, चिंतन और रहन-सहन से वे पूरी तरह यूरोपीय थे। नेहरूजी के बारे में इस तरह की गलत धारणा फैलाने में दक्षिणपंथी विचारों में विश्वास करने वाले संगठनों एवं समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दकियानूसी और हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस तरह के भ्रम को विस्तार देने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। यह बात पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि इस तरह का भ्रम अज्ञानता अथवा प्रायोजित प्रयासों पर आधारित है। ऐसे तत्व यदि नेहरू जी के विचारों का, उनकी पुस्तकों का, अध्ययन करते तो उनका यह भ्रम दूर हो सकता है।

नेहरू जी ने अनेक किताबें लिखी हैं, जिनके पीछे उनका विराट और गहन अध्ययन था। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्हें लंबे समय तक अंग्रेजों की जेलों में रहना पड़ा था। लंबी सजाओं के दौरान उन्होंने खूब पढ़ा और खूब लिखा। भारत की आत्मा को खोजने और उसे पहचानने और आत्मसात करने का गंभीर प्रयास पंडित नेहरू ने किया था। वे भारत के अतीत से, उसकी ऐतिहासिकता से बेहद प्रभावित थे। विस्तृत इतिहास की समुद्र जैसी गहराइयों में उन्होंने कितनी ही बार गोते लगाये। भारत की आत्मा को पहचानने के प्रयासों में उन्होंने वेद, उपनिषद, पुराण, गीता जैसे ग्रंथों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों का विश्लेषण-परक अध्ययन किया। साथ ही उन्होंने इन ग्रन्थों पर भारतीय और विदेशी विद्वानों की टिप्पणियां भी पढ़ीं और उन्हें आत्मसात भी किया।

अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिंदुस्तान की कहानी' में वे एक जगह लिखते है: 'पिछली बातों के लिये अंधी-भक्ति बुरी होती है, साथ ही उनके लिए नफ़रत भी उतनी ही बुरी है। इसकी वजह यह है कि इन दोनों में से किसी पर भविष्य की बुनियाद नहीं रखी जा सकती। वर्तमान का और भविष्य का लाजिमी तौर से भूतकाल से जन्म होता है और उन पर उसकी गहरी छाप होती है। इसको भूल जाने के मायने हैं इमारत को बिना बुनियाद के खड़ा करना और कौमी तरक्क़ी की जड़ को ही काट देना। राष्ट्रीयता असल में पिछली तरक्क़ी, परम्परा और अनुभवों की एक समाज के लिए सामूहिक याद है।'



एल. एस. हरदेनिया

> नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था।

नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था। उनमें बहुत सी चीजें मिली-जुली हैं। स्तुतियां हैं और बड़ी ऊंची प्रकृति संबंधी कविताएं हैं। उनमें मूर्तिपूजा नहीं है। देवताओं के मंदिरों की चर्चाएं नहीं हैं जो जीवनी-शक्ति और जिंदगी के लिये इकरार उनमें समाया हुआ है वह गै़रमामूली है। शुरू के वैदिक आर्य लोगों में जिंदगी के लिये उमंग थी, वे आत्मा के सवाल पर ज़्यादा ध्यान नहीं देते थे।'

महाभारत के बारे में नेहरू जी लिखते हैं-'महाकाव्य की हैसियत से रामायण एक बहुत बड़ा ग्रंथ जरूर है और उससे लोगों को बहुत चाव है लेकिन यह महाभारत है जो दरअसल दुनिया की सबसे खास पुस्तकों में से एक है। यह एक विराट कृति है। परंपराओं और कथाओं का और हिंदुस्तान की राजनैतिक और सामाजिक संस्थाओं का यह एक विश्व-कोष है। महाभारत में हिंदुस्तान की बुनियादी एकता पर जोर देने की बहुत निश्चित कोशिश की गई है। महाभारत एक ऐसा बेशकीमती भंडार है कि हमें उसमें बहुत तरह की अनमोल चीजें मिल सकती हैं। यह रंगबिरंगी घनी और गुदगुदाती जिंदगी से भरपूर है। इस मामले में यह हिंदुस्तानी विचारधारा के दूसरे पहलुओं से हटकर है जिसमें तपस्या और जिंदगी से इंकार पर जोर दिया गया है। महाभारत की शिक्षा का सार यदि एक जुमले में कहा जाए तो यह है-दूसरे के लिये तू ऐसी बात न कर जो खुद तुझे अपने लिए पसंद न हो।'

भगवद् गीता के बारे में नेहरू एक प्रसिद्ध विदेशी विद्वान विलियमबाण्डहॅबोल्ट के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'यह सबसे सुंदर और अकेला दार्शनिक काव्य है जो किसी भी जानी हुई भाषा में नहीं मिलता है। बौद्धकाल से पहले जब इसकी रचना हुई तब से लेकर आज तक इसकी लोकप्रियता और प्रभाव नहीं घटा है और आज भी इसके लिये पहले जैसा आकर्षण बना हुआ है। इसके विचारों और फलसफे को हरेक संप्रदाय श्रद्धा से देखता है और अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या करता है। संकट के समय जब आदमी का दिमाग संदेह से सताया हुआ होता है और अपने फर्ज़ के बारे में दुविधा उसे दो तरफ़ खींचती है, वह रोशनी और रहनुमायी के लिये गीता की तरफ़ और भी झुकता है क्योंकि यह संकट-काल के लिये लिखी हुई कविता है। चूंकि आज के हिंदुस्तान में मायूसी छाई हुई है और उसके चुपचाप रहने की भी एक हद हो गई है इसलिये फल की आशा किये बिना काम में लगे रहने का संदेश इस समय अत्यधिक प्रासंगिक लगता है। दरअसल गीता का संदेश किसी संप्रदाय या जाति के लिये नहीं है। क्या ब्राह्मण, क्या निम्न जाति, सभी के लिये है। गीता में कहा गया है कि सभी रास्ते मुझ तक आते हैं।'

इसी तरह उपनिषदों के संबंध में नेहरू लिखते है: ''ये छानबीन की, मानसिक साहस की और सत्य की खोज के उत्साह की भावना से भरपूर हैं। यह सही है कि यह सत्य की खोज मौजूदा जमाने के विज्ञान के प्रयोग के तरीकों से नहीं हुई है फिर भी जो तरीक़ा अख्तियार किया गया है उसमें वैज्ञानिक तरीक़े का एक अंश है। हठवाद को दूर कर दिया गया है। उनमें बहुत कुछ ऐसा है जो साधारण है और जिसका आजकल हम लोगों के लिए कोई अर्थ या प्रसंग नहीं है। खास जोर आत्मबोध या आत्मा-परमात्मा के ज्ञान पर दिया गया है। इन दोनों का मूल एक ही बताया गया है। उपनिषदों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें सच्चाई पर बड़ा जोर दिया गया है। सच्चाई की सदा जीत होती है, झूठ की नहीं। सच्चाई के रास्ते से ही हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं। उपनिषदों की यह प्रार्थना मशहूर है 'असत्य से मुझे सत्य की ओर ले चल, अंधकार की ओर से प्रकाश की ओर मुझे ले चल, मृत्यु से मुझे अमरत्व की ओर ले चल।' उपनिषदों में एक सवाल का बहुत अनोखा लेकिन मार्के का जवाब दिया गया है। सवाल यह है कि यह विश्व क्या है? यह कहां से उत्पन्न होता है? और कहां जाता है? इसका उत्तर है-स्वतंत्रता से इसका जन्म होता है। स्वतंत्रता पर ही यह टिका है और स्वतंत्रता में ही वह लय हो जाता है। सारे संसार में ऐसी कोई रचना नहीं है जिसका पढ़ना इतना उपयोगी, इतना ऊंचा उठाने वाला हो जितना उपनिषदों का है। वे सबसे ऊंचे ज्ञान की उपज हैं।' प्रसिद्ध पश्चिमी दार्शनिक सोपेनआवर के विचारों को उधृत करते हुए नेहरू कहते हैं- 'उपनिषदों के हर एक शब्द से गहरे मौलिक और ऊंचे विचार उठते हैं और इन सब पर एक ऊंची पवित्र उत्सुक भावना छाई हुई है। उपनिषदों को पढ़ने से मेरी जिंदगी को शांति मिलती है। यही मेरे मौत के समय भी शांति देंगे।'

रामायण के संबंध में नेहरू जी प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार मिशले के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'जिस किसी ने भी बड़े काम किये हैं या बड़ी आकांक्षाएं की हैं, उसे इस गहरे प्याले से जिंदगी और जवानी की एक लंबी घूंट पीना चाहिए। रामायण मेरे मन का महाकाव्य है। हिंद महासागर जैसा विस्तृत, मंगलमय सूर्य के प्रकाश से चमकता हुआ, जिसमें देवीय संगीत है और कोई बेसुरापन नहीं है। वहां एक गहरी शांति का राज्य है और कशमकश के बीच भी वहां बेहद मिठास और इंतहा दर्जे का भाई-चारा है। जो सभी ज़िंदा चीज़ों पर छाया हुआ है। रामायण मोहब्बत, दया, क्षमा का अपार और अथाह समुंदर है।'

नेहरू जी संस्कृत भाषा के बड़े प्रशंसक थे। संस्कृत के संबंध में वे लिखते हैं कि वह 'अद्भुत रूप से सम्पन्न, हरी-भरी और फूलों से लदी हुई भाषा है। फिर भी वह नियमों से बंधी हुई है और 2600 वर्ष पहले व्याकरण का जो चौखटा, पाणिनि ने इसके लिए तैयार कर दिया, वो उसी के भीतर ही चल रही है। ये खूब फैली, खूब सम्पन्न हुई। भरी-पूरी और अलंकृत बनी लेकिन अपने मूल को पकड़े रही।' संस्कृत के संबंध में नेहरू जी एक यूरोपीय विद्वान सर विलियम जोन्स के विचारों को उधृत करते हैं। जोन्स ने 1884 में कहा था संस्कृत भाषा चाहे जितनी पुरानी हो उसका गठन अद्भुत है। यूनानी भाषा के मुकाबले में ज़्यादा मुकम्मिल, लातिनी के मुकाबले में ज़्यादा सम्पन्न और दोनों के मुकाबले में यह ज़्यादा परिष्कृत है।

ये तो कुछ उदाहरण हैं जिनसे नेहरू जी की भारत के गौरवशाली इतिहास के संबंध में प्रशंसनीय विचार जानने को मिलते हैं। वैसे उनकी किताबें (विश्व इतिहास की झलक और मेरी कहानी) और उनके सैंकड़ों व्याख्यान भारत के अतीत की प्रशंसा से भरे पड़े हैं। नेहरू भारत के अतीत के प्रशंसक थे फिर भी उनकी यह मान्यता थी कि अतीत की अंध-भक्ति से भारत का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। इसलिए उनकी यह धारणा थी कि धर्मनिरपेक्ष-वैज्ञानिक समझ के आधार पर आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने के लिए भारत के अतीत के उज्ज्वल पक्ष का सहारा लेना चाहिए।

इस तरह सच पूछा जाए तो नेहरू जी ही भारत के अतीत के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तराधिकारी हैं। संभवत: इसीलिए उनके विषय में कहा जाता है कि यदि वे राजनीति में नहीं होते तो विश्व-स्तर के इतिहासकार, साहित्यकार या कवि होते। लेकिन इतिहास-संस्कृति और साहित्य के ज्ञाता के लिए मौजूदा आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक सच्चाइयों से विरत रह पाना कहां संभव होता है। नेहरू समस्त सांस्कृतिक-चेतना के साथ स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीति में थे। वे नये युग, नये निर्माण और नये भारत के स्वप्न दृष्टा थे। ऐसे स्वप्न दृष्टा जिन्होंने कई स्वप्नों को सच कर दिखाया था। अंत में नेहरू जी का स्मरण मैं शायर शमीम फरहत की 'सत्ताईस मई' (नेहरू जी की मृत्यु की तिथि) शीर्षक की इन पंक्तियों के साथ करना चाहता हूं-

आज एहसासे-ग़म ज़ियादा है,
शम्मे-खामोश में धुआं भी नहीं
इतना खाली-सा लग रहा है जहां,
जैसे अब सर पे आसमां भी नहीं
आज का दिन गुलाब पर बोझल,
आज बच्चों की मुस्कुराहट में
संज़ीदगी झलकती है।

## पावन प्रसंग

### तेते पांव पसारिये जेती लंबी सौर

आदर्श शिक्षा यही है कि जितनी आमदनी हो खर्च उसी के भीतर ही रहे। बड़े दीखने का अभिमान न करें। एक बार कोई.यह कह जाए कि ये लोग गरीब हैं, पुराने जमाने के हैं, वह अच्छा है;क्योंकि सौर0 रजाई से अधिक पांव फैलाना सदैव हानिकारक ही होता है। आज से कई वर्ष पहले सारे कस्बे में यह एक ही क्राकरी की दुकान थी। अच्छी आमदनी हो जाती थी, कोई सौ-डेढ़ सौ रुपए रोज तक की बचत थी। घर में मजेदारी थी। धर्मपत्नी का दिल खुला था। जितनी आमदनी- खर्च भी उतना ही। लोग घर आएं तो अफसरों जैसा स्वागत । गरज यह कि उनके संपन्न होने की खूब चर्चा थी, लोग मानते थे कि यह बहुत बड़े आदमी हैं।

रहन-सहन में भी वही बात। कपड़ों की चाहे, साज-संभाल न हो, पर अनाप-शनाप कपड़े, बनते, बच्चों के लिए घर का नाश्ता ठीक नहीं, मिठाइयां, चॉकलेट में ढेर सारे पैसे खर्च किए जाते, बिजली पंखों का खर्च अनाप-शनाप ही होता। ऐसी कोई जगह नहीं जहां से किसी को यह कहने का अवसर मिले, यह लोग छोटे आदमी हैं। समय बदलते देर नहीं लगती। दो वर्ष पीछे सामने एक और क्राकरी की दुकान हो गई। शहर में धीरे-धीरे कई दुकानें हो गईं। आमदनी सब दुकानों में बंट गई तो स्वाभाविक ही था- रतनचंद्र क्राकरी वालों की आमदनी कम हो जाती। अब दिन में कुल 60-70 रुपए ही बचते। लालाजी ने पत्नी को बहुतेरा समझाया-देखो अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही, खर्च हाथ साधकर किया करो, पर पत्नी के सिर पर बड़प्पन का ऐसा भूत सवार था कि पति से लड़ना झगड़ना स्वीकार, खर्च करने की आदत न बदली। अच्छे खाते-पीते घर के होकर भी उनके ऊपर ऋण बना ही रहता, घर में परस्पर खींचा-तानी रहती सो अलग। आमदनी घटने के साथ रहन-सहन के स्तर में थोड़ी सादगी कर ली जाती तो उसमें शान न घटती, पर परस्पर खींचा-तानी से जो उपहासास्यास्पद स्थिति बनी, यदि उसे घर की स्त्रियां समझ लेतीं तो न दुर्गति लालाजी की होती और न स्वयं उनकी स्त्री की। झगड़े-फसाद के कारण बच्चों में जो बुरे संस्कार पड़ गए सो अलग।

सदा खर्च सोच-समझ कर आमदनी को देखते हुए करने की आदत डालनी चाहिए। खर्च बढ़ने पर पुन: कम करना कठिन हो जाता है। अत: आरंभ से ही बालकों को मितव्ययता सिखानी चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### बाल-दिवस को बनायें ख़ास देकर ये अनुपम उपहार

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को हम राष्ट्रीय बाल-दिवस और 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल-दिवस के रूप में मनाते हैं, इस तरह से नवंबर का महीना आधिकारिक रूप से तो पूरी दुनिया के बच्चों को समर्पित है। हर वर्ष बाल-दिवस पर ऐसे अनेकों सरकारी और गैर-सरकारी आयोजन होते हैं जिनमें बच्चों के हितार्थ ढेरों योजनाओं, सुविधाओं का वादा किया जाता है. जिनमें से कुछ तो पूरे हो जाते हैं और कुछ ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। लेकिन यह एक स्व स्थापित सत्य है कि बचपन की मजबूत बुनियाद ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण करती है। किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए बचपन का सम्पूर्ण रूप से पल्लवित और प्रस्फुटित होना नितांत आवश्यक है। देश और दुनिया में बाल- दिवस के सफल आयोजन हेतु रैलियां निकलती रहेंगी, उद्घाटन होते रहेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे, मूल बात है बच्चों के कल्याण की, उनके सुरक्षित भविष्य की. इसके लिए आज यहां कुछ ऐसे ही अनमोल उपहारों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें अगर हम बच्चों को सुलभ करा सकें तो न केवल वर्तमान की, बल्कि भविष्य में आने वाली कई पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित होती रहेंगी।

**बाल-दिवस का प्रयोजन**-कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उस 'मुद्दे विशेष' के प्रति जागरूक करना, उसे सफल बनाने में आने वाली समस्याओं को पहचानना और सबके सम्मिलित प्रयासों से उनका समाधान ढूंढना. ताकि एक ऐसे मजबूत समाज का निर्माण किया जा सके जहां ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, पढ़े-लिखे या अनपढ़, शहरी या ग्रामीण, लड़का या लड़की में कोई भेदभाव न हो; सबको अपने अधिकारों के साथ-साथ, देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पूरा अहसास हो।

**उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य-बात शुरू करते हैं अच्छे स्वास्थ्य से**- बढ़ती उम्र के बच्चों को उचित वैचारिक खुराक के साथ ही भरपूर मात्रा में न्यूट्रीशस भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि एक कमज़ोर या कुपोषित शरीर कभी भी पढ़ाई-लिखाई में या अन्य किसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी नहीं कर सकता। एक मानसिक व शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बच्चा ही बड़े होकर देश एवं समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जा सकता है।

**व्यावहारिक व कौशल आधारित शिक्षा**-बढ़ते हुए बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जिसमें कोरा किताबी ज्ञान न हो जो ज़िन्दगी के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना सिखाये। शिक्षित होकर बच्चों की रचनात्मकता को नए आयाम मिलें. वे संगीत, नृत्य, खेल, चित्रकला या अपनी अभिरुचि के किसी भी अन्य क्षेत्र या विषय में पारंगत होकर अपनी आजीविका चुन सकें और अपने कौशल से देश और समाज में कुछ योगदान कर सकें तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी।

**अनुशासित जीवन शैली का चुनाव**-महान अर्थशास्त्री चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के उत्तम चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास बचपन में ही किये जाने चाहिए और इसके लिए उन्हें उचित शिक्षा व अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। भागदौड़ भरी जीवन शैली थकान, तनाव और व्यग्रता को बढ़ावा देती है जो अनेकानेक बीमारियों को सीधा-सीधा निमंत्रण है।

**बचपन को बनाये रखना**-बचपन! विश्व का शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो उसकी मधुर, अविस्मरणीय स्मृतियों से अछूता हो। जो निश्छल, नि:स्वार्थ, सहजता, चंचलता, मासूमियत उम्र के इस दौर की पहचान होती है वह उम्र बढ़ने के साथ-साथ गायब होती जाती है और जीवन की आपा-धापी में हम दिन-प्रतिदिन उलझते चले जाते हैं। अपने मूलभूत अधिकारों की चर्चा तो हम सभी करते हैं लेकिन अपने इन मूलभूत गुणों को विस्मृत करते चले जाते हैं और इसका हमें रत्ती भर भी एहसास नहीं होता है अत: हम बड़ों में भी बचपना बना रहे उसके प्रयास किये जाने चाहिए और अभ्यास से ही सही, इन गुणों का पोषण किया जाना चाहिए।

बच्चों के कल्याणार्थ एकजुट हो लें संकल्प आइये, हम और आप ये संकल्प लें कि न केवल वर्तमान के, बल्कि भविष्य के जन्म लेने वाले बच्चे भी इस पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें इस हेतु हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करेंगे, नियमित वृक्षारोपण करेंगे, हर प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित रखने की कोशिश करेंगे, खेतों में अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचेंगे और अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि ये धरती, आने वाली कई सदियों तक हमारे बच्चों के साथ यूं ही हंसती खिलखिलाती आबाद रहे। बाल-दिवस पर बच्चों को, एक सभ्य, शिक्षित एवं जागरूक समाज की ओर से इससे अनुपम सौगात और कुछ नहीं हो सकती।

**प्राची तिवारी 'छबि'**

# देश विदेश

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी के न्यू आयरलैंड क्षेत्र में सोमवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई गई। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के मुताबिक आज 07:43 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रती 5.8 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र, 3.92 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 150.73 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### ब्रिटेन मंत्रिमंडल में बड़ा उलटफेर

# गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को किया गया बर्खास्त

**लंदन,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को मंत्रिमंडल में बड़ा उलटफेर करते हुए एक के बाद एक विवादित बयान देकर सरकार को परेशानी में डालने वाली गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बाहर का रास्ता दिखा दिया । जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरॉन को विदेश मंत्री बनाया गया है। स्काई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार सुश्री ब्रेवरमैन ने पिछले सप्ताह एक अखबार में एक लेख लिखा था जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन समर्थक विवादास्पद युद्धविराम दिवस को संभालने के पुलिस के तरीके की आलोचना की थी। उन पर आरोप





पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरॉन को विदेश मंत्री बनाया गया

है कि उनके ऐसा करने से लोगों में पुलिस को लेकर भरोसा कमजोर हुआ है और पुलिस के कामकाज की स्वतंत्रता पर भी सवाल खड़े हुए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर दबाव बना है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर के अनुसार इस लेख में सुश्री ब्रेवरमैन ने पुलिस पर वामपंथी प्रदर्शनकारियों का पक्ष लेने और युद्धविराम दिवस के विरोध प्रदर्शन से पहले तनाव भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने वाले लोगों पर अपने हमले तेज़ कर दिए, उनके और उत्तरी आयरलैंड में प्रोटेस्टेंट मार्च के बीच तुलना की। राजनेता की टिप्पणियों की दोनों विपक्षी दलों और कई टोरी सांसदों ने आलोचना की है, जिन्होंने उन्हें आक्रामक और भड़काऊ बताया है। एक पूर्व टोरी कैबिनेट सदस्य ने उनकी टिप्पणी को पूरी तरह से आक्रामक और अज्ञानतापूर्ण कहा।

इससे पहले इसी महीने की शुरुआत में उन्होंने बेघर लोगों के मजबूरन तंबू में रहने को एक लाइफस्टाइल चुनाव बताया था और इसके बाद भी उनकी तीखी आलोचना हुई थी। सुश्री ब्रेवरमैन की जगह जेम्स क्लेवरली ने ले ली है।

### ब्रेवरमैन को 2022 में गृहमंत्री नियुक्त किया गया था

सुश्री ब्रेवरमैन को अक्टूबर 2022 में ब्रिटेन के गृहमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। ब्रिटिश सरकार के अनुसार, देश के गृहमंत्री की भूमिका संभालने से पहले, वह फरवरी 2020 और सितंबर 2022 के बीच अटॉर्नी जनरल थीं। अपनी बर्खास्तगी के बाद सुश्री ब्रेवरमैन ने द गार्डियन से बातचीत में कहा देश के गृहमंत्री के रूप में काम करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात रही। आने वाले समय में मुझे और भी बहुत कुछ कहना होगा।

# जमीनी हमले के बाद से गाजा में 44 इजरायली सैनिक मारे गए



**तेल अवीव,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार को गाजा में दो और सैनिकों की मौत की घोषणा की, इससे 27 अक्टूबर को सेना के जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से मारे गए सैनिकों की कुल संख्या बढ़कर 44 हो गई है। सेना ने दोनों सैनिकों की पहचान किर्यत मलाची के मेजर इसाकार नाथन (28) और रोश हेइन के स्टाफ सार्जेंट इताय शोहम (21) के रूप में की है। सेना ने कहा कि वे आईडीएफ की विशिष्ट कमांडो ब्रिगेड इकाई से थे और गाजा पट्टी के भीतर हमास आतंकवादियों के साथ लड़ाई के दौरान मारे गए। चल रहे जमीनी ऑपरेशन के हिस्से के रूप में, इजरायली सेना पहले ही गाजा के केंद्र तक पहुंच चुकी है और आतंकी संगठन के कमांड सेंटर सहित हमा के कई नियंत्रण केंद्रों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। हमास का भूमिगत सुरंगों का नेटवर्क आईडीएफ के लिए एक बड़ी बाधा साबित हुआ है और इज़राइल सेना के अनुसार गाजा पट्टी में उनमें से लगभग 1,300 हैं।

## सुडोकू 6375


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6375



**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6374



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 14 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - आप गृहस्थ जीवन और दांपत्यजीवन में सुख- शांति का अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और निकटस्थ दोस्तों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर मिलेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन होने की संभावना है।

मिथुन - आज आपके अधूरे काम पूरे होंगे। घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। ऑफिस में वाद-विवाद या मनमुटाव के मौके आ सकते हैं।

कर्क - दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से मनमुटाव होगा।

सिंह - आज आपके परिवार में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। परिजनों के साथ मनमुटाव होगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। नकारात्मकता आपके मन को दुखी करेगी और आपको बेचैनी का अनुभव होगा।

कन्या - आपकी शारीरिक, मानसिक स्वस्थता अच्छी रहेगी। आप भावनाओं के प्रवाह में बह जाएंगे। आप भाई-बहन के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। उनसे लाभ भी हो सकता है। आपके विरोधी आपके समक्ष नहीं टिकेंगे।

तुला - मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - आज आप परिजनों के साथ मौजमस्ती में दिन व्यतीत करेंगे। आप शारीरिक और मानसिक रूप से आनंदित रहेंगे। प्रियजनों के साथ मिलकर आपको आनंद का अनुभव होगा। कोई अच्छा समाचार मिलने की संभावना है।

धनु - आज दिन थोड़ा कष्टदायक लग रहा है। परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं। आपका व्यवहार उग्र होगा और आप क्रोधित रहेंगे। किसी के साथ उग्र दलील हो सकती है। स्वास्थ्य खराब होगा।

मकर - आपके घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज शेयर- सट्टे में भी लाभ होने की संभावना है। आप मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद, अनुभव करेंगे।

कुंभ - आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आप पर खुश रहेंगे। सभी काम में सफलता मिलेगी। नौकरी- व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपका मन हल्का बनेगा। आपका स्वास्थ्य तथा मान- सम्मान अच्छा रहेगा।

मीन - आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी। संतान पक्ष की चिंता रहा करेगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद होगा और उनके नाराज होंने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1681-ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के अलग रियासत बनने की घोषणा की

1889-भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ।

1922-ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा शुरू की थी। वह ब्रिटेन में रेडियो प्रसारण करने वाली पहली संस्था बनी।

1948-प्रिंस चार्लस का जन्म। वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप के सबसे बड़े पुत्र थे।

1967-भारत की क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का निधन हुआ।

1973-ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से शादी की थी। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था।

2002-चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

2006-भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एंटी-टेररिज्म मैकेनिज्म बनाने पर सहमति जतायी।

2007-डेनमार्क के प्रधानमंत्री आन्द्रे फाग रासमुस्सेन ने लगातार तीसरी बार देश का कार्यभार सम्भाला था।

2008-पूर्व केन्दीय मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस के नेता अजीत पांजा का निधन हुआ था।

2009-मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के 15 डिब्बे जयपुर के बांसखो फाटक के पास पटरी से उतरने के कारण छह यात्रियों की मौत हुई थी।

2010-भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लक्ष्मीचंद जैन का निधन हुआ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के...**

होंगे। यहां की महतारी बहनों का जीवन और आसान होगा। भ्रष्टाचार पर लगाम और भाजपा के आने का मतलब है भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्यवाही। भाजपा का ट्रैक रिकार्ड और गारंटी यही है कि भाजपा ने बनाया है भाजपा ही संवारेगी।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के जाने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कांग्रेस के जिन नेताओं ने आपको 5 साल लूटा है उनकी विदाई का समय आ गया है। और आज पूरा देश देख रहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विदाई की कमान किसने संभाली है। मोदी नहीं ये आप लोगों ने संभाली है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने संभावली है। छत्तीसगढ़ के नवजवान, किसान, आदिवासी गरीब, माताएं बहने एक मुश्त होकर मैदान में उतरे हैं।

महिलाओं ने ठान लिया है कि उन्हें अब कांग्रेस अब एक पल के लिए भी नहीं चाहिए। कांग्रेस भी यह समझ गई है कि चला-चली की बेला है। अब कांग्रेस सरकार कुछ दिन का ही खेला है। इसलिए वो आपको झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। कल आपने दिवाली मनाई है, मेरी तरफ से भी दिवाली की बधाई। लेकिन आप जान लिजिए आने वाली देव दिवाली छत्तीसगढ़ के लिए नया उत्साह और उमंग लेकर आएगी। जिस कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूट है वो देव दिवाली पर कहीं नजर नहीं आएगी।

सीजी में सीएम खुद हार रहे हैं। कांग्रेस के पुराने समर्पित लोगों को भी लग रहा है कि उनके साथ धोखा हुआ है।जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तब सीएम की कुर्सी के लिए ढाई-ढाई साल का एग्रीमेंट हुआ था। लेकिन सीएम ने ढाई साल में इतना लूटा कि ढाई साल बाद खजाना खोल दिया। दिल्ली के नेताओं को खरीद लिया और एग्रीमेंट धरा का धरा रह गया है। सीएम के बेटे ने सुप्रर सीएम बनकर सरकार चलाया है।

कांग्रेस के कुछ महाज्ञानियों को अचानक गणित का शौक हो गया है।ये छत्तीसगढ़ की जनता के ज्ञान और समझ को कम आंकते हैं। इसलिए दिल्ली से आकर झूठे वादे करते हैं। जिस कांग्रेस को गणित सखिाने का शौक है उनसे मैं भी आज यहां से कुछ प्रश्न करुंगा। ये जो महादेव एप घोटला हुआ है उसमें 508 करोड़ बांटने की जानकारी आई है। यहां के सीएम के करीबी जेल में बंद हैं। कांग्रेस के गणितबाजों को यह बताना होगा कि सीएम और कांग्रेस के बाकी नेताओं के हिस्से में कितना माल गया है दिल्ली दरबार तक कितना माल पहुंचा है। यहां विधानसभा में टिकट देने को लेकर कांग्रेस में जो खेल हुआ है उसके तो ऑडियो चल रहे हैं। एक-एक टिकट बेचकर कांग्रेस के नेताओं ने कितने पैसे ऊपर तक पहुंचाया है उसका सच भी जनता के सामने आना चाहिए। कांग्रेस के गणितबाजों से युवाओं का भी पीएससी घोटला को लेकर सवाल है। कांग्रेस के गणितबाजों से महिलाओं ने भी प्रश्न पूछा है। कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था। शराबबंदी तो नहीं की शराब की होम डिलवरी शुरू कर दी। कांग्रेस ने शराब में यहां 2 हजार करोड़ से ज्यादा का घोटला किया। छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंच रहा है।

छत्तीसगढ़ में जब मेरे चुनाव प्रचार की पहली सभा हुई तभी मैंने कहा था कि आज आपसे कुछ मांगने नहीं आया हूं, आज मैं आपको निमंत्रण देने आया हूं कि 3 दिसंबर को चुनाव नतीजे के बाद जब भाजपा की सरकार बनेगी उसके शपथग्रहण का निमंत्रण देने आया हूं।मेरे यह विश्वास आपकी वजह से था। साथियों आज भी वो विश्वास अनेक गुणा बढ़ गया है।

जब केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार रहती है तो डब्ल इंजन की सरकार तेजी से विकास होता है। भाजपा ने जो गारंटी दिया है उसे जल्द से जल्द पूरा करके दिखाएगी। यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी का मतलब होता है पूरा होने होने की गारंटी।

मैं जब छत्तीगसढ़ का विकास करने की बात करता हूं कांग्रेस को सहन नहीं होता। कांग्रेस आपको इसी स्थिति में रखना चाहती है ताकि पैसे लूटते रहे। मोदी आपका जीवन अच्छा बनाना चाहता हूं। इसलिए कांग्रेस मोदी ने नफरत करती है। कांग्रेस की नफरत इतनी बढ़ गई है कि वो मोदी की जाति से भी नफरत करने लगी है। पिछले कुछ महीने से कांग्रेस पूरे ओबीसी समाज को गाली दे रही है। ये कांग्रेस ही जिसने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया। सतनामी समाज के साथ कांग्रेस ने क्या कि है यह भी हमने देखा है। वोट बैंक और तुष्टिकरण के लाचल में कांग्रेस कुछ भी कर सकती है। कांग्रेस ने दलित की आस्था का भी परवाह नहीं किया। देश में आज कोई गरीब है तो उसके लिए गुनाहगार है तो सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस है। पलायन की गुनाहगार कांग्रेस है। आदिवासियों की बदलहाल के लिए कांग्रेस गुनाहगार है। 50 साल से गरीबी हटाने का नारा देकर वर्षों तक लोगों को मुर्ख बनाते रहे। भाजपा ने अपने सेवा काल में गरीब के सशक्तीकरण के लिए काम किया और 5 वर्ष में ही साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। यहां लोग बातते हैं कांग्रेस सरकार ने राशनकार्ड और बीपीएल सूची बनाने में बड़ा फर्जीवाड़ा किया। आपको विश्वास दिलाता हूं भाजपा की सरकार बनते ही यह फर्जीवाड़ा बंद किया जाएगा।

**भाजपा के सत्ता में आते ही ...**

हुए कहा कि आने वाले पांच साल तक मुफ्त राशन कार्यक्रम चलता रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा पोषण अभियान चलाकर चावल, चना की सुविधाएं दी जा रही है। आदिवासी परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता भाजपा की प्राथमिकता रही है लेकिन कांग्रेस को इससे कोई मतलब नही था। उन्होंने मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि छग में भ्रष्टाचार का खेल बंद होना चाहिए। जनता जनार्दन की पैसा लूटने वालों को छोड़ेगे नही। आगे-आगे क्या होगा देखते रहिए। मोबाईल में 508 टाईप करने पर महादेव सट्टेबाजी घोटाला आ जाता है, सारी दुनिया को 508 पता चल गया। श्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ही नही छग के मुख्यमंत्री भी चुनाव हार रहे है, कक्का का जाना पक्का हो गया है। छग की जनता को कांग्रेस ने धोखा देने का काम किया है इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री आवास योजना है। हर गरीब, ओबीसी, दलित, आदिवासी परिवार चाहता है कि उनका भी पक्का घर हो। जब वे प्रधानमंत्री नही बने थे तब संगठन कार्य में छग का बहुत दौरा किए है। तथा ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति से वाकिफ है। जब वे प्रधानमंत्री बने तो सबसे पहले आवास योजना की शुरूवात की। भाजपा सरकार के समय यहां 10 लाख से अधिक आवास बनाया गया लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी और देखा कि इस मामले में मोदी जी टाईट है कमीशन संभव नही तो रोड़ा अटकाना शुरू कर दिया और पूरे पांच साल प्रधानमंत्री आवास बनने नही दिया। 10 साल में 4 करोड़ पक्के मकान बनाकर केंद्र की सरकार ने गरीबों को दी है। आवास तो आवास पानी में भी अड़गेबाजी करने में कांग्रेस नही चुके। पाइपलाईन में भी वे कमीशन तलासते रहे। ढाई-ढाई मुख्यमंत्री के समझौते पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के दिग्गजों को लगने लगा है कि गलत हुआ है। ढाई साल भूपेश बघेल सीएम रहेंगे ढाई सालों में पद का मुख्यमंत्री ने दुरूपयोग कर इतने घोटाले किया कि पैसों का पहाड़ खड़ा हो गया। लूट का पैसा दिल्ली तक पहुंचता रहा। इस पैसे से भूपेश बघेल ने ढाई साल और खरीद लिया। पांच सालों में भूपेश बघेल के बेटे, रिश्ते नातेदार, अधिकारी सुपरमेन बनकर लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही गरीबों का आवास बनेगा और इसके पुण्यभागी आम जनता होगी क्योंकि कांग्रेस बेदखल करने का पुण्य आम जनता को मिलने जा रहा है इसलिए 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थितजनों से कहा कि वे प्रत्येक घरों में जाकर बताए कि मोदी महासमुंद आए थे और उन्होंने सभी को जोहार, नमस्कार, राम-राम कहा है। ऐसा कहने से लोगों का आर्शीवाद और ऊर्जा मिलेगा तथा काम करने की मुझे ताकत मिलेगी। इसके पूर्व आमसभा को सांसद चुन्नीलाल साहू, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, योगेश्वर राजू सिन्हा, अलका चंद्राकर, सरला कोसरिया, संपत अग्रवाल, गुरूखुशवंत सिंह, धर्म गुरू बालदास, रोहित साहू आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हार-जीत का नही छग को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस ने छग को बर्बाद करने का काम किया है। अब इसे बचाने का समय आ गया है। परिवर्तन का लहर छग में चल पड़ा है। नाल वसुलने वाले मुख्यमंत्री को हटाना है। संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने आभार प्रदर्शन पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने की। मंच में पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, भाजपा नेता शंकर अग्रवाल, लता उसेडी, पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू, चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, परेश बागबाहरा आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने बनाया है भाजपा ही संवारेगी

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि छग भाजपा ने बनाया है तो संवारने का काम भाजपा ही करेगी। यह केवल नारा नही बल्कि हमारा अपसे नाता है। युवाओं से कहा कि यहां पर्यटन की आपार संभावनाएं है और देश के साथ-साथ पयर्टन को बढ़ावा दिया जाएगा। पयर्टन से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। पयर्टन के लिए अमनचैन जरूरी है किंतु छग में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अपराध का गढ़ बना दिया है। जब कोई घूमने के लिए बाहर निकलता है तो सबसे पहले अपनी व परिवार की सुरक्षा के बारे में सोचता है। भाजापा शासन में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग कानून का पालन करने मजबूर हो रहे है। महतारी वंदन योजना पर कहा कि यह विश्वास की गारंटी है जो पूरी होकर रहेगी। मोदी की गारंटी याने पूरी होने की गारंटी। 7 नवंबर के पहले चरण में कांग्रेस के अरमान को ध्वस्त कर दिया है तब 17 नवंबर को कांग्रेस का अस्त करने की बारी है। उन्होंने आम जनता को 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम के बाद शपथ ग्रहण का निमंत्रण देते हुए कहा कि 30 प्रतिशत वाले कक्का का जाना तय है। लोकल फार वोकल को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी स्थानीय उत्पाद खरीदने की बात नही कही। उसके किसी भी साइट में इसका जिक्र नही मिलेगा। महात्मा गांधी के लोकल की बात को मोदी आगे बढ़ा रहा है।

**कांग्रेस की सरकार बनने के बाद ...**

करने जैसे अन्य घोषणा के बारे में जानकारी देकर कांग्रेस को जिताने के लिए अपील किया। लक्ष्मी पूजा के दिन पेन्डरवानी पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित करते हुए कांग्रेस की सत्ता आने पर गृह लक्ष्मी योजना शुरू करने का ऐलान किया।उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक महिला को सालाना 15 हजार रुपये दिया जाएगा।

बता दे कि 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण पर मतदान होना है। कांग्रेस पार्टी ने विधायक संगीता सिन्हा को एक बार फिर से मौका दिया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। ग्राम पेंडरवाणी में सभा के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**केंद्रीय मंत्री तोमर के बेटे का...**

इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण दे रहे हैं कि 50 प्रतिशत कमीशन के साथ-साथ 'काला-धन' भी भाजपा नेताओं का पर्याय बन चुका है। आज देवेंद्र तोमर का 500 करोड़ की हवाला डीलिंग का एक नया वीडियो वायरल हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जो इस चुनाव में दिमनी से भाजपा प्रत्याशी भी हैं, उनके बेटे देवेंद्र तोमर का एक वीडियो कुछ दिन पहले वायरल हुआ। इस वीडियो में वो बड़ी आसानी से 100 करोड़, 39 करोड़, 21 करोड़, 18 करोड़ रुपए की लेन-देन की बात करते हुए प्रतीत हो रहे थे। इस वीडियो में देवेंद्र लखनऊ के एक बिचौलिए के जरिए माइनिंग कारोबारियों से काला धन लेने के लिए मल्टीपल बैंक अकाउंट के बंदोबस्त की जांच करते हुए दिख रहे थे। नए वायरल वीडियो में चंडीगढ़ से पैसे ट्रांसफर करने की बात होती दिख रही है। बिचौलिया कह रहा है कि हर महीने सीए बताएगा कि 50 करोड़ आने हैं या 100 करोड़ आने हैं या 500 करोड़ आने हैं और देवेंद्र बहुत ही मासूमियत से 'ठीक है, नो प्रॉब्लम' कहते हुए प्रतीत हो रहे हैं। फिर वो पूछते हैं कि पहले महीने में कितना आएगा और बिचौलिया कहता है 250 करोड़। बिचौलिए से कहते हैं कि तुम अपने अकाउंट में ले लो और वो कहता है कि 50 प्रतिशत इक्विटी स्टेक अपने पास रखिए।

**तोमर के बेटे पर कार्रवाई...**

को दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करेगी। हम चाहते हैं कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। हमारी सरकार मेड इन चीन को मेड इन मध्य प्रदेश बनाने की इच्छा रखती है। मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है। भाजपा के नेताओं के बीच में रेस चल रही है कि कौन किसानों और मजदूरों से सबसे ज्यादा पैसा लूटेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर के लड़के देवेंद्र तोमर का करोड़ों रुपए का लेन-देन का वीडियो सामने आया है, लेकिन क्या उनके यहां नरेंद्र मोदी की इनकम टैक्स, ईडी या सीबीआई पहुंची?

## दुनिया को जानें

# जलवायु परिवर्तन के कारण ब्लू व्हेल के प्रवास में देरी

**कैनबरा,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गर्म होते महासागरों के कारण ब्लू व्हेल के प्रवास में देर हो रही है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी की समुद्री जीवविज्ञानी करेन एडिवेन ने तिमोर लेस्ते समुद्र तट के पार पिग्मी ब्लू व्हेल के प्रवास में हो रही देरी को लेकर सोमवार को चिंता जताई। ब्लू व्हेल की एक उप-प्रजाति पिग्मी ब्लू व्हेल हर साल अक्टूबर और नवंबर में इंडोनेशिया के तट से तिमोर लेस्ते के पास प्रजनन स्थल से ऑस्ट्रेलियाई जल क्षेत्र में हजारों किलोमीटर दक्षिण की ओर पलायन करती है। हालांकि, सुश्री एडिवेन ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन को बताया कि तिमोर लेस्ते में पिछले छह हफ्तों के दौरान कोई व्हेल नहीं दिखने के बाद वह बेहद चिंतित हैं। एक पूर्व वरिष्ठ सरकारी वैज्ञानिक और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर वर्ल्ड कमीशन ऑन प्रोटेक्टेड एरियाज की सदस्य, सुश्री एडिवेन ने विलंबित प्रवासन के लिए जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया। सुश्री एडिवेन ने कहा, हम जो देख रहे हैं वह इस क्षेत्र के समुद्र विज्ञान में बड़े बदलाव हैं, विशेष रूप से बढ़ती शक्तियों के संदर्भ में।

# खेल जगत

## भारत की गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज : पारस म्हाम्ब्रे

**मुंबई,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व कप 2023 की प्रारंभिक लीग में भारत का प्रभावी प्रदर्शन काफी हद तक उसकी गेंदबाजी इकाई के कारण है, जिसने हर मैच में विपक्षी टीम को दबाव में रखा है। बेशक रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने बल्ले से खूब रन बनाए हो। लेकिन, यह गेंदबाज ही हैं जिन्होंने भारत को नौ मैचों में नौ जीत के साथ लीग चरण सबसे आगे रखा। यह पहली बार है जब भारत विश्व कप में ऐसा करने में सफल हुआ है।

भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह (15.64 की औसत से 17 विकेट), मोहम्मद सिराज (28.83 की औसत से 12 विकेट), मोहम्मद शमी (9.56 की औसत से 16 विकेट), रवींद्र जडेजा (18.25 की औसत से 16 विकेट) और कुलदीप यादव ने (22.28 की औसत से 14 विकेट) का दमदार प्रदर्शन किया है। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज है और किसी भी सतह पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम है।



# टीम के प्रदर्शन ने हमें यहां तक पहुंचाया : रोहित

हमने इन नौ मैचों में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। पहले मैच से लेकर लीग चरण के आखिरी मैच तक सफर शानदार रहा। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाई है : रोहित शर्मा

**बेंगलुरु,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट विश्व कप-2023 में नीदरलैंड्स पर 160 रनों की जीत के साथ नौ में से नौ जीत हासिल करने के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा इस बात से खुश हैं कि मेजबान टीम को अगल-अलग मौकों पर अलग-अलग मैच विजेता मिले। दो बार के विश्व कप विजेता भारत ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में अपनी अजेय लय को 9-0 तक बढ़ा दिया है। यह भारत के लिए वैश्विक खिताब जीतने के अपने दस साल के सूखे को तोड़ने के लिए अच्छा संकेत है।

अब विश्व कप 2023 में बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। नीदरलैंड के मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, हमने इन नौ मैचों में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। पहले मैच से लेकर लीग चरण के आखिरी मैच तक सफर शानदार रहा। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाई है। यह एक टीम के लिए एक अच्छा संकेत है जब हर कोई जिम्मेदारी और टीम के लिए काम पूरा करना चाहता है। हम भारत में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम परिस्थितियों को जानते हैं, जब आप अलग-अलग विरोधियों से खेलते हैं तो यह चुनौती होती है लेकिन हमें इस मामले में काफी मदद मिली। 18 अंकों के साथ टेबल-टॉपर्स के रूप में भारत ने लगातार चौथी बार वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में एक समय में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करने की टीम की योजना और मानसिकता अच्छे परिणाम दे रही है।



## भारत विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने को लेकर तैयार : द्रविड़

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में नीदरलैंड पर शानदार जीत के बाद भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उनकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने के लिए आश्वस्त है। विश्व कप 2023 में टीम इंडिया अब तक की सबसे सफल टीम है। वो इकलौती टीम है, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है। लेकिन, अब क्रिकेट फैंस कि दिल की धड़कन तेज हो गई है क्योंकि लीग चरण में अपने अजेय प्रदर्शन के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के सामने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के रूप में एक कठिन चुनौती है। इसका सबसे बड़ा कारण है 2019 सेमीफाइल का फ्लैशबैक, जो भारतीय टीम की टेंशन बढ़ा रहा है। एक बार फिर मंच विश्व कप का है और सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड और भारत आमने-सामने है। मगर, टीम इंडिया पर भी थोड़ा दबाव रहेगा क्योंकि यह नॉकआउट मैच है। हालांकि, टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ थोड़े आश्वस्त हैं और उन्होंने विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताया। द्रविड़ ने कहा, हम जानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण और नॉकआउट मैच है। हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि कुछ हद तक दबाव होगा, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने अब तक दबाव का जवाब दिया है, वह हमें बहुत ढेर सारा आत्मविश्वास देगा और टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा। द्रविड़ ने श्रेयस अय्यर के लगातार प्रदर्शन पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर हमारे मध्यक्रम की रीढ़ हैं और हम सभी जानते हैं कि पिछले 10 वर्षों से हमारे लिए नंबर 4 पर एक अच्छा बल्लेबाज ढूंढना कितना कठिन रहा है।

## रोहित का दृष्टिकोण विपक्षी गेंदबाजों में खौफ पैदा करता है : एरोन फिंच

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके आक्रामक रवैये ने खेल शुरू होने से पहले ही गेंदबाजों की मानसिकता बदल दी। रोहित ने विश्व कप के अपने आखिरी लीग चरण मैच में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 160 रन की जीत में अर्धशतक बनाया। अपनी 61 रनों की पारी के दौरान, भारतीय कप्तान ने कॉलिन एकरमैन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर 92 मीटर का विशाल छक्का लगाकर एक कैलेंडर वर्ष में वनडे में सर्वाधिक छक्कों का नया रिकॉर्ड बनाया, जो कि वर्ष का उनका 59 वां अधिकतम प्रदर्शन था और 2015 में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए फिंच ने पावरप्ले में रोहित के आक्रामक रवैये पर बात की। उन्होंने कहा, रोहित की सोच यह है कि वो टीम को तेज शुरुआत दिलाने की कोशिश करें। जिसमें वो काफी हद तक सफल भी हुए हैं। इसलिए, विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए शुरुआती पावरप्ले वास्तव में महत्वपूर्ण है। रोहित ने एक विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक सिक्सर लगाने वाले कप्तान होने का गौरव भी हासिल किया। 2019 संस्करण में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन के 22 सिक्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, रोहित ने 2023 विश्व कप में अपने 23वें सिक्स के साथ यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय कप्तान ने विश्व कप संस्करणों में सर्वाधिक 500+ रन बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। रोहित (2019 और 2023) और तेंदुलकर (1996 और 2003) दोनों ने दो संस्करणों में 500 से अधिक रन बनाए।

रोहित ने नौ मैचों में 503 रन बनाए हैं और लगातार वनडे विश्व कप में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं।

## विश्व कप में लीग स्तर पर बल्लेबाजी में विराट, गेंदबाजी में जम्पा रहे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी विश्वकप में लीग स्तर पर हुए 45 मुकाबलों में बल्लेबाजी में भारत के विराट कोहली 594 रन और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज एडम जैम्पा 22 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली नौ लीग मुकाबलों में 99 की औसत से 594 रन बनाकर शीर्ष पर है।

ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा ने इस विश्वकप में विकेटों के मामले में शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने नौ लीग मुकाबलों में 18.90 की औसत से 22 विकेटों के साथ सबसे ऊपर चल रहे है। बल्लेबाजी में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि काक नौ मैचों में 65.66 की औसत के 591 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में विश्वकप से बाहर हो चुकी श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 9 मैचों में 25 की औसत से 21 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी में तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्रन नौ मुकाबलों में 70.62 की औसत से 565 रन बनाकर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने सात लीग मुकाबले में 19.38 औसत से 18 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर रहे है।

भारत के रोहित शर्मा नौ मुकाबलों में 55.88 की और से 505 रन बनाकर चौथे स्थान पर है। इसी नंबर पर पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने नौ मैचों में 26.72 की औसत से 18 विकेट लिए है।

ऑस्ट्रेलिया के डीए वार्नर नौ मैचों में 55.44की औसत से 499 रन बनाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में भारत के जसप्रीत बुमराह 9 मैचों में 15.64 की औसत से 17 विकेट लिये है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के मार्को यान्सिन भी इस विश्व कप के आठ मैचों में 24.41 की औसत से 17 विकेट ले चुके हैं।

# सहवाग, एडुल्जी और डीसिल्वा आईसीसी हॉल ऑफ फेम सम्मान

**दुबई** 13 नवंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, हमवन महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी और श्रीलंकाई बल्लेबाज अरविंदा डीसिल्वा को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को तीनों खिलाड़ियों को सदस्य के रूप हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने की घोषणा की। वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले विश्वकप 2023 के पहले सेमीफाइनल से पहले इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। एडुल्जी हाल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। एडुल्जी ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को धन्यवाद करना चाहूंगी, जिन्होंने आईसीसी हॉल ऑफ़ फ़ेम 2023 के लिए मेरा नाम चयनित किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह ना सिर्फ मेरे, मेरे परिवार, दोस्तों बल्कि बीसीसीआई और भारतीय महिला क्रिकेट के लिए भी गर्व की बात है। बाएं हाथ की गेंदबाज एडुल्जी ने भारत के लिए 20 टेस्ट और 30 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनके नाम 107 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। इसके बाद वह एक सफल क्रिकेट प्रशासक भी बनीं और वह वर्तमान में रिटायर्ड भारतीय महिला क्रिकेटरों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के मुद्दे पर काम करती हैं।

आईसीसी ने एक बयान जारी करते हुए कहा, एडुल्जी का योगदान मैदान के अंदर से अधिक मैदान से बाहर है और उन्होंने दशकों से भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। विस्फोटक बल्लेबाज सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20आई खेले हैं। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व विजेता भारतीय टीम के अहम सदस्य भी थे। सहवाग ने कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे खुशी है और मैं आभारी हूं कि मैंने अपने जीवन के अधिकतर हिस्से में वह काम किया, जो मुझे सबसे अधिक पसंद है-क्रिकेट बॉल को हिट करना। उनके नाम 23 टेस्ट शतकों सहित कुल 8586 टेस्ट रन हैं। वह टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है। उन्होंने यह कारनामा दो बार किया, जिसमें अगले कुछ नाम डॉन ब्रैडमेन, ब्रायन लारा और क्रिस गेल के हैं। उनका टेस्ट स्ट्राइक रेट 82.23 का था यह उनकी विस्फोटक क्षमता को बताता है।

सहवाग के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में 104.33 के स्ट्राइक रेट और 15 शतकों के साथ 8273 रन है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रनों की पारी खेली थी। 1996 विश्व कप फाइनल में शतक लगाकर अपनी टीम को विश्व विजेता बनाने वाले डीसिल्वा इस सूची में शामिल होने वाले तीसरे नए नाम हैं। वह भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनके नाम 93 टेस्ट मैचों में 6361 और 308 वनडे में 9284 रन हैं। उन्होंने कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम का सबसे बड़ा सम्मान हासिल करना मेरे लिए गर्व की बात है और मैं इसके लिए आभारी हूं। यह मेरे क्रिकेटिंग यात्रा के त्याग और समर्पण का ईनाम है। मैं इसके लिए अपने परिवार, माता-पिता, बहन, पत्नी, बच्चों, दोस्तों, कप्तान, कोच, एंकर, टीममेट्स, विपक्षी टीम के खिलाड़ियों और फ़ैस को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने लगातार मुझे इस यात्रा के लिए प्रेरित किया और मेरे सुख-दुःख में हमेशा मेरी ताकत बने रहें। मैं इस सम्मान, पहचान और प्रशंसा के लिए आईसीसी और वोटिंग कमेटी का भी धन्यवाद देता हूं।

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 9 | 0 | 0 | 18 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 9 | 3 | 6 | 0 | 6 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |

# अब भारत को हराना बहुत कठिन : वैन डेर मेरवे

**बेंगलुरू,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। नीदरलैंड्स के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर रूलोफ वैन डेर मेरवे का मानना है कि विश्व कप 2023 के समापन के करीब पहुंचने पर भारत को हराना बहुत कठिन है। उनकी यह टिप्पणी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को भारत से मिली 160 रन की हार के बाद आई है। भारत ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 410 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए। जबकि, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्धशतक जड़ा। जवाब में नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई। जिसमें तेजा निदामनुरु अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। इस हार के साथ नीदरलैंड्स का टूर्नामेंट में सफर अंक तालिका में दसवें स्थान पर समाप्त हुआ। वैन डेर मेरवे ने कहा, भारत बहुत संतुलित टीम है। उनके पास हर तरह से मैच विजेता हैं। इस वर्ल्ड कप में उन्होंने अब तक ये दिखाया है। उन्हें हराना बहुत कठिन टीम होने वाला है। अन्य टीमों में दक्षिण अफ्रीका भी



खतरनाक टीम है। जबकि, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की निरंतरता साफ दिखाई दे रही है। इसलिए, यह मुकाबला बहुत दिलचस्प होने वाला है, लेकिन मुझे लगता है कि भारत अच्छी तरह से तैयार है। नीदरलैंड्स की टीम जून में विश्व कप क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रहने के साथ टूर्नामेंट में आई। विश्व कप में अंक तालिका का हाल इस टीम की पूरी कहानी नहीं है, क्योंकि प्रतियोगिता में नीदरलैंड्स ने अपने से अधिक प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वैन डेर मेरवे ने कहा, हम यहां आए और हमने उच्च गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ इस विश्व कप की चुनौती को समझा। मुझे लगता है कि हमने खुद को अच्छी तरह से आगे बढ़ाया। जाहिर है, अभी भी बहुत सुधार होना बाकी है। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा कि नीदरलैंड को भारत में उतरने से पहले पता था कि यह एक कठिन टूर्नामेंट होगा। लेकिन हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं और अगली बार और अच्छा और सुधार करने की पूरी कोशिश करेंगे। नीदरलैंड नेपाल के खिलाफ विश्व क्रिकेट लीग 2 में खेलेगा और अपना ध्यान वेस्टइंडीज और यूएसए में 2024 टी20 विश्व कप में खेलने पर लगाएगा।

## न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगा भारत : रॉस टेलर

विश्व कप 2023 में भारतीय टीम शानदार फॉर्म में है और वर्ल्ड कप की पक्की दावेदार मानी जा रही है। लेकिन, दिग्गज कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर को उम्मीद है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम घरेलू सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगी। भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन, अब उनका सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से है। हालांकि, लीग चरण में भारत ने न्यूजीलैंड को भी हराया है लेकिन नॉकआउट मैचों में इस टीम का रिकॉर्ड कीवी टीम के आगे थोड़ा कमजोर है। 2019 विश्व कप सेमीफाइनल सहित अपने पिछले चार नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की है। टेलर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, चार साल पहले भारत टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में था। लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें हार मिली। इस बार भारत और भी बड़ी दावेदार है। घरेलू मैदान पर और ग्रुप चरण के दौरान टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला है। लेकिन जब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं हो तो न्यूजीलैंड की टीम बहुत खतरनाक हो सकती हैं। मेरे हिसाब से अगर कोई ऐसी टीम है जिसका सामना करने में भारत घबराएगा, तो वह न्यूजीलैंड की टीम होगी।

टेलर ने यह भी कहा कि मुंबई आमतौर पर एक ऐसा मैदान है जहां कोई भी बड़े स्कोर की उम्मीद कर सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के लिए बड़ी परीक्षा परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के साथ-साथ पहले दस ओवरों में बल्ले और गेंद से भारतीय टीम से निपटने में होगी।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान क्रिकेट में उथल-पुथल, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने दिया इस्तीफा

**लाहौर।** वर्ल्ड कप 2023 में फ्लॉप शो के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल भी देखने को मिल रहा है। सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद मोर्ने मोर्केल ने पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल इस साल जून में छह महीने के अनुबंध पर पाकिस्तान पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 318 मैच खेले और कुल मिलाकर 544 विकेट लिए। पुरुष टीम के साथ मोर्ने मोर्केल का पहला कार्य दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान के श्रीलंका दौरे पर था, जिसे उन्होंने 2-0 से जीता था। विश्व कप में 1992 का चैंपियन पाकिस्तान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कोसों दूर रहा और नौ में से केवल चार मैच जीत सका। पीसीबी ने कहा कि वह उचित समय पर उनके प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। पाकिस्तान का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 दिसंबर, 2023 को शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला है। दोनों टीमें 2023-2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की श्रृंखला के भाग के साथ, बेनौद-कादिर ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### नोवाक जोकोविच का नया रिकॉर्ड, रैंकिंग में आठवीं बार टॉप पर जमाया कब्जा

**ट्यूरिन।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपना रिकॉर्ड और मजबूत करते हुए होल्गर रूने को एटीपी फाइनल में हराकर आठवीं बार नंबर-1 रैंकिंग हासिल की। इस टूर्नामेंट के बाद नोवाक जोकोविच 400 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। साल के अंत में नंबर- 1 पर कब्जा जमाने के बाद नोवाक जोकोविच 20 नवंबर से शुरू होने वाली एटीपी रैंकिंग में अपने रिकॉर्ड 400वें सप्ताह का आनंद लेंगे।

# टीम के फ्लॉप शो ने डुबोई विश्व कप में पाकिस्तान की लुटिया

इस्लामाबाद, 13 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में फ्लॉप शो के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल मचा है। टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों और विशेषज्ञों ने खराब प्रदर्शन के लिए पाकिस्तान की जमकर आलोचना की है। उनका मानना है कि केवल कप्तान बाबर आजम को दोषी ठहराया जाना सही नही हैं। बाबर आजम की टीम का प्रदर्शन इस वर्ल्ड कप में बेहद खराब रहा है। टीम 9 मैच खेली है और सिर्फ 4 मैच जीती है।



पाकिस्तानी खिलाड़ी अब घर लौटने लगे हैं। लेकिन, न तो उन्हें हवाईअड्डे पर फैंस नजर आ रहे हैं। उन्हें पत्रकारों के कड़े सवालों का सामना भी करना पड़ रहा है। रविवार को जैसे ही बाबर आजम लाहौर पहुंचे, वहां पत्रकारों का एक समूह उनका इंतजार कर रहा था। पाकिस्तान के प्रदर्शन ने प्रशंसकों को परेशान कर दिया है। अब बाबर आजम और टीम की कप्तानी पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं।

क्रिकेट विशेषज्ञों और पूर्व खिलाड़ियों ने भी टीम और उनके प्रदर्शन की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा कि पूरे विश्व कप में गुणवत्ता और संयम की कमी थी। हालांकि, वे इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि हर बात के लिए बाबर आज़म को निशाना बनाना सही नहीं है।

पूर्व क्रिकेट से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा, बाबर पर इतना दबाव है कि वह कप्तानी छोड़ सकते हैं। यह गलत है क्योंकि पाकिस्तान टीम का यह हाल सिर्फ एक खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन के कारण नहीं है।

रमीज राजा ने कहा, लोगों ने कुछ खिलाड़ियों को निशाना बनाया है। मीडिया ने भी कुछ खिलाड़ियों को कड़ी आलोचना के साथ निशाना बनाया है। यह सिर्फ एक विश्व कप है इसलिए आपको इससे निपटना होगा। टीम के साथ समस्या यह है कि इसमें आधुनिक क्रिकेट खेलने की क्षमता है। लेकिन, उन्हें अपने दृष्टिकोण में बदलाव करना होगा। क्रिकेट के दिग्गज और स्विंग गेंदबाजी के बादशाह वसीम अकरम ने कहा कि टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पूरी टीम का प्रदर्शन और मौजूदा सिस्टम जिम्मेदार है।

वसीम अकरम ने कहा, अकेले कप्तान नहीं खेल रहा है। हां, उन्होंने इस विश्व कप और एशिया कप में भी कप्तानी में गलतियां की। लेकिन, वह अकेले दोषी नहीं हैं। यह पिछले एक साल या उससे अधिक समय से पूरे सिस्टम की गलती है, जहां खिलाड़ियों को नहीं पता कि कोच कौन है। आप उसे बलि का बकरा नहीं बना सकते।

पूर्व खिलाड़ी शोएब मलिक ने कहा, संसाधनों की कमी और कप्तान बाबर की चतुराई, इरादे की कमी के कारण हम केवल छोटी टीमों के खिलाफ मैच जीत पाए हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) समग्र समीक्षा करेगा और संभावना है कि बाबर आजम को कप्तानी से हटा दिया जाएगा। विश्व कप के दौरान पाकिस्तान टीम के प्रदर्शन ने कई लोगों को निराश किया है क्योंकि खिलाड़ी कभी भी ऐसे नहीं दिखे कि वे उच्च स्कोरिंग मैच खेलने के लिए तैयारियों और योजना के सही चरण में थे। बाबर आजम की कप्तानी में भी टीम का नेतृत्व करने के लिए फोकस और मानसिक मजबूती की कमी नजर आ रही है।

# केएल राहुल विकेटकीपर के रूप में अद्भुत : टी दिलीप

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व कप 2023 में भारत का दमदार प्रदर्शन जारी है। इस बीच टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने केएल राहुल की विकेटकीपिंग की जमकर प्रशंसा की है। रविवार को भारत ने टूर्नामेंट के अपने अंतिम लीग मैच में बेंगलुरु में नीदरलैंड को 160 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में राहुल बल्ले के साथ-साथ अपने शानदार विकेटकीपिंग और ग्लववर्क से भी खूब चमके। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ भारत के लिए सबसे तेज विश्व कप शतक (62 गेंद) लगाया। फिर, नीदरलैंड की पारी के दौरान उन्होंने कुछ शानदार विकेटकीपिंग कौशल का प्रदर्शन किया। नीदरलैंड के ओपनर वेस्ली बारेसी को आउट करते हुए राहुल ने एक लो कैच लपका। इतना ही नहीं राहुल ने यह सुनिश्चित करने के लिए लेग साइड पर एक तेज कैच भी लिया कि विराट कोहली को अपना पहला विश्व कप विकेट मिले। राहुल ने अब तक टूर्नामेंट में 12 कैच और एक स्टंपिंग की है।

भारत द्वारा लीग चरण को 9 जीत के शानदार रिकॉर्ड के साथ समाप्त करने के बाद टी दिलीप ने कहा, विकेटकीपर के रूप में केएल राहुल वास्तव में अद्भुत काम कर रहे हैं। बेशक, जब वह आया था तो वह लंबी चोट के बाद वापसी कर रहा था। यह कुछ ऐसा था जिसे हमने एक चुनौतीपूर्ण कारक माना था। मगर, वह काफी मेहनती है और उसने तेजी से लय पकड़ी। वह ऐसा व्यक्ति है जो कम उम्र से ही विकेटकीपिंग कर रहा है। वह ऐसा व्यक्ति है जिसे चुनौतियों के अनुकूल ढलने के लिए ज्यादा समय नहीं लगता। कुछ पहलुओं को निखारने के अलावा उनकी विकेट कीपिंग पर काम करना इतान मुश्किल नहीं है।

## सुडोकू 6375 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि पिछले वर्ष की अपेक्षा 5.3 प्रतिशत से कम रहने की संभावना

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मध्यम रहेगी, जो वित्त वर्ष 2023 में 5.2 प्रतिशत दर्ज की गई है।

भारत की आईआईपी की वृद्धि अगस्त, 2023 में सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत से घटकर सितंबर, 2023 में 5.8 प्रतिशत हो गई। परिणाम 7.0 प्रतिशत की बाजार सहमति से कम था, और पिछले चार महीनों में पहला नकारात्मक आश्चर्य भी था। क्रमिक आधार पर, प्रमुख उप-क्षेत्रों में व्यापक कमजोरी के कारण आईआईपी 2.4 प्रतिशत एमओएम की गिरावट आई। मौसमी आधार पर, यह प्रदर्शन आमतौर पर सितंबर महीने में देखे गए प्रदर्शन से भी बदतर था, जहां पिछली क्रमिक वृद्धि औसतन 0.4 प्रतिशत थी।



रिपोर्ट में कहा गया है कि उपयोग-आधारित पक्ष पर भी, मॉडरेशन व्यापक-आधारित था, इसमें उपभोक्ता वस्तुओं में गिरावट आई, जहां विकास अगस्त 2020 में सालाना 8.0 प्रतिशत से गिरकर सितंबर 23 में 1.9 प्रतिशत हो गया। वार्षिक आधार पर, खनन में वृद्धि लगातार तीसरी बार दोहरे अंक में रही, जबकि सूचकांक हेवीवेट विनिर्माण के साथ-साथ बिजली उप-क्षेत्रों के कारण नरमी आई। आर्थिक गतिविधियों को सरकारी पूंजीगत व्यय की स्वस्थ गति और स्थिर शहरी मांग से समर्थन मिलता रहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि त्योहारी सीज़न की शुरुआत के साथ-साथ प्रमुख चुनावों से पहले राजकोषीय खर्च से मिलने वाले समर्थन से अल नीनो के कारण ग्रामीण खपत में आंशिक रूप से कमी आने की संभावना है।

एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और हेड-रिसर्च सुमन चौधरीने कहा, औद्योगिक गतिविधि में चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में आईआईपी वृद्धि 6.0 प्रतिशत सालाना के साथ स्वस्थ वृद्धि देखी गई है, जो पहली छमाही के लिए उच्चतम प्रिंटों में से एक है। आधार समर्थन और कमजोर ग्रामीण मांग के जोखिम के बिना, हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में आईआईपी वृद्धि धीमी रहेगी। कुल मिलाकर, आईआईपी वृद्धि पिछले वर्ष में दर्ज 5.3 प्रतिशत से कम होने की संभावना है।

## अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति दर गिरकर 5 महीने के निचले स्तर 4.87 फीसदी पर आई


**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर अक्टूबर में घटकर 5 महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर आ गई। महीने के हिसाब से देखें तो मुद्रास्फीति दर सितंबर में 5.02 प्रतिशत थी।

पिछले वर्ष की तुलना में ईंधन की कीमतों में गिरावट आई है। सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले एलपीजी की कीमतों में भी कमी की है।

खाद्य मुद्रास्फीति, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का लगभग आधा हिस्सा है, अक्टूबर में 6.71 प्रतिशत थी, जबकि सितंबर में यह 6.56 प्रतिशत थी। खाद्य तेलों की कीमत में 13.69 प्रतिशत की गिरावट आई और सब्जियों की कीमतें नियंत्रण में रहीं, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली।

हालांकि, दाल की कीमत चिंता का विषय बनी हुई है। महीने के दौरान कीमतों में 18.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मसालों के दाम में 22.76 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई।

गेहूं और चावल सहित अनाज में भी माह के दौरान दोहरे अंक में 10.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति अब आरबीआई के टारगेट के दायरे में है और यह आरबीआई को ब्याज दर बढ़ाने से रोकेगा। लेकिन कच्चे तेल की कीमत मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है।




मुद्रास्फीति दर में गिरावट आरबीआई की उम्मीद के अनुरूप है, जिसने देश की आर्थिक विकास दर को बढ़ाने के लिए अपनी प्रमुख ब्याज दर को बरकरार रखा है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। इस साल मानसून का प्रभाव अभी दिखना बाकी है, जिसका असर खाद्य पदार्थों की कीमतों पर पड़ सकता है और इजरायल-हमास संघर्ष जैसे भू-राजनीतिक तनाव से तेल बाजार में हलचल मच सकती है।

## जेम पर आठ माह से भी कम समय में दो लाख करोड़ रु से अधिक का कारोबार

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। सरकारी आनलाइन बाजार मंच जेम पर चालू वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2023-24 के पहले आठ महीने पूरे होने से पहले ही सकल दो लाख करोड़ रुपये मूल्य से अधिक का व्यापार हो चुका है।

यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में जेम पर प्रति दिन 850 करोड़ से अधिक की तिजारत की गयी। इसमें केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) सहित केंद्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण बतायी गयी है। जेप पर सकल वाणिज्यिक मूल्य (जीएमवी) के हिसाब से कुल क्रय-बिक्रय में 83 प्रतिशत योगदान केंद्रीय उपक्रमों का रहा है। राज्य सरकारों की भागीदारी 17 फीसदी के साथ उत्साहजनक बतायी गयी है।

बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, ओडिशा, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों के विभागों और उपक्रमों ने चालू वित्त वर्ष में जेम के माध्यम से खरीद बढ़ाई है।

बयान में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र जेम पर तिजारत में सेवाओं की खदीद-फरोख्त 2021-22 के 23 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 46 प्रतिशत पर चल रही है।

## गोल्डमैन सैक्स ने भारतीय शेयरों की रेटिंग बढ़ाई, चीन की घटाई

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। गोल्डमैन सैक्स ने शेयर बाजार की रणनीतिक अपील का हवाला देते हुए भारतीय इक्विटी पर अपना दृष्टिकोण बढ़ा दिया है, जो वैश्विक मंदी के बीच तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बड़े घरेलू बाजार से प्रेरित है।

एशियाई बाजारों के नवीनतम गोल्डमैन सैक्स मूल्यांकन के अनुसार, भारत के आने वाले वर्षों में मिड टर्म आय में वृद्धि की संभावना के साथ, दीर्घकालिक विकास के अवसर प्रदान करने का अनुमान है।

गोल्डमैन सैक्स ने बड़े पैमाने पर घरेलू-उन्मुख विकास को देखा जो निवेशकों को निवेश पर अच्छा रिटर्न दे सकता है। साथ ही मेक-इन-



इंडिया, लार्ज-कैप कंपाउंडर्स और मिड-कैप मल्टीबैगर्स जैसी पहल शामिल हैं।

दूसरी ओर, गोल्डमैन सैक्स ने कम आय वृद्धि के कारण हांगकांग में कारोबार करने वाले चीन के शेयरों पर अपनी रेटिंग घटा दी है।

बैंक ने हांगकांग में सूचीबद्ध चीनी कंपनियों को मार्केट वेट और हांगकांग की कंपनियों को अंडरवेट में घटा दिया है।

बैंक ने आवास क्षेत्र में मंदी, उच्च ऋण स्तर और प्रतिकूल जनसांख्यिकी से उत्पन्न चीन की अर्थव्यवस्था में धीमी वृद्धि की संरचनात्मक चुनौतियों को लाल झंडी दिखा दी है।

वहीं, गोल्डमैन सैक्स चीन के बाहर के देश के शेयरों पर ओवरवेट बना हुआ है।

बैंक के रणनीतिकारों के अनुसार, उच्च उत्पादकता और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और नए बुनियादी ढांचे जैसे अधिक आत्मनिर्भरता वाले क्षेत्रों में चीन का अच्छा प्रदर्शन हो सकता है।

## सार संक्षेप

### अक्टूबर में भारत से बाहर जाने वाला एफडीआई घटकर 1.89 बिलियन डॉलर हुआ

**मुंबई।** आरबीआई द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी निवेश (एफडीआई) इस साल अक्टूबर में घटकर 1.89 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 2.66 अरब डॉलर था। देश से बाहर जाने वाला निवेश सितंबर के पिछले महीने की तुलना में कम है। इस दौरान भारतीय संस्थाओं द्वारा विदेशों में 2.14 बिलियन डॉलर का निवेश किया गया। बाहर जाने वाले विदेशी निवेश में गिरावट धीमी होती वैश्विक अर्थव्यवस्था में कम होते अवसरों को दिखाती है। वित्तीय प्रतिबद्धता के रूप में व्यक्त आउटबाउंड एफडीआई में तीन घटक शामिल हैं - इक्विटी, लोन और गारंटी। भारतीय निवेशकों को अब अपने विदेशी निवेश का खुलासा आरबीआई को करना होगा। संशोधित विदेशी निवेश नियमों का एक प्रमुख उद्देश्य पारदर्शिता और नियामक अनुपालन को बढ़ाना है। अधिकारियों के अनुसार, इससे सरकार को करों के भुगतान और धन शोधन से बचने के लिए की जाने वाली धनराशि की राउंड-ट्रिपिंग पर अंकुश लगाने में मदद मिली है।

### देशभर में गुड्स ट्रांसपोर्ट को अधिक लाभदायक बनाएगा आईआईटी का ऐप


**नई दिल्ली।** आईआईटी मद्रास के फैकल्टी, छात्रों और पूर्व छात्रों ने एक मोबाइल एप्लिकेशन विकासित किया है। आईआईटी के मुताबिक यह ड्राइवरों को उपभोक्ताओं से सीधे जोड़ेगा। इसमें कोई कमीशन या ऑन-बोर्डिंग शुल्क भी नहीं लेगा। उपभोक्ता सीधे ड्राइवर को भुगतान करेंगे, यानी कोई बिचौलिया नहीं होगा। आईआईटी का मानना है कि इस ऐप से शहरों में माल परिवहन का काम पहले के मुकाबले आसान, कारगर और अधिक लाभदायक होगा। आईआईटी ने इस मोबाइल ऐप का नाम ऑप्टरूट रखा है। आईआईटी मद्रास में इनक्यूबेट किए गए स्टार्ट-अप ऑप्टरूट लॉजिस्टिक्स ने इस ऐप का पहला वर्जन तैयार और फिर उसका व्यावसायीकरण किया है। इस स्टार्ट-अप के सह-संस्थापक आईआईटी मद्रास में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एनएस नारायणस्वामी और आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र अनुज फुलिया हैं। स्टार्ट-अप ने पैकिंग और वाहन में उपलब्ध जगह के सदुपयोग के तरीके भी विकसित किए हैं। ऐप में अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने के बाद ये फीचर शामिल किए जाएंगे। आने वाले समय में इस ऐप के विशेष लाभ बताते हुए आईआईटी मद्रास के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर नारायणस्वामी ने कहा, ऑप्टरूट का लक्ष्य माल संचालन और परिवहन के कारोबार में ड्राइवरों और ग्राहकों के बीच संपर्क संबंधी समस्याएं दूर करना है। ट्रांसपोर्टरों की मौजूदा समस्याएं हैं, वापसी में माल भाड़ा नहीं मिलना और वाहन की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं होना। वर्तमान में यह बाज़ार बहुत असंगठित है इसलिए बहुत लाभदायक नहीं है। ऐसे में टेक्नोलॉजी के माध्यम से समाधान समय की मांग है।

## शेयर बाजार गिरा

**मुंबई** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेक समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.58 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत का गोता लगाकर 64933.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 19443.55 अंक रह गया। वहीं, मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत बढ़कर 32,817.65 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत फिसलकर 38,814.07 पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3975 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2098 नुकसान जबकि 1732 लाभ में रहे वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां बिकवाली का शिकार हुई जबकि13 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के चौदह समूहों पर गिरावट का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.16, सीडी 0.26, एफएमसीजी 0.39, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.53, आईटी 0.77, दूरसंचार 0.06, बैंकिंग 0.23, कैपिटल गुड्स 0.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.75, तेल एवं गैस 0.15, रियल्टी 0.34, टेक 0.66 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत गिर गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.71, जर्मनी का डैक्स 0.49, जापान का निक्केई 0.05, हांगकांग का हैंगसेंग 1.30 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 101 अंक उतरकर 65,158.31 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,176.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 64,853.36 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 65,259.45 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत लुढ़ककर 64,933.87 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 39 अंक फिसलकर 19,486.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,494.40 अंक के उच्चतम जबकि 19,414.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,525.55 अंक की तुलना में 0.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,443.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 1.32, इंफोसिस 1.00, टेक महिंद्रा 0.96, आईसीआईसीआई बैंक 0.80, टीसीएस 0.79, एचडीएफसी बैंक 0.73, रिलायंस 0.71, आईटीसी 0.57, एक्सिस बैंक 0.49, भारती एयरटेल 0.41, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.34, मारुति 0.34, एशियन पेंट 0.28, विप्रो 0.24, एलटी 0.15, टाटा मोटर्स 0.08 और एचसीएल टेक 0.06 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.90, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.56, एनटीपीसी 0.43, इंडसइंड बैंक 0.21, पावरग्रिड 0.19, टाटा स्टील 0.08 और एसबीआई के शेयर 0.03 प्रतिशत के लाभ में रहे।

## मस्क की टेस्ला को लुभाने के लिए केंद्र ईवी टैरिफ कम करने पर कर रहा विचार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला के आयातित इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए टैरिफ कम करने के अनुरोध पर विचार कर रहा है, क्योंकि कंपनी देश में एक संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है, सोमवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया।

फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, ऑटोमेकर ने सरकार से प्रारंभिक टैरिफ रियायत के लिए कहा है जो 40,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए भारत के 70 प्रतिशत और 40,000 डॉलर से ऊपर की कारों के लिए 100 प्रतिशत के भारी सीमा शुल्क की भरपाई करेगा। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, उनका विचार हमेशा यह रहा है कि उन्हें कम से कम अंतरिम अवधि में कुछ टैरिफ रियायतों की आवश्यकता है। इसमें कुछ प्रकार का सनसेट क्लॉज होगा।

टेस्ला ने देश में प्लांट बनाने की शर्त के तौर पर रियायत मांगी थी। कम किया गया टैरिफ सभी ईवी




निर्माताओं पर लागू होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिकारियों ने कहा कि विचाराधीन कम दर सभी कीमतों के ईवी के लिए 15 प्रतिशत होगी, लेकिन इस नीति पर अभी तक सरकार के भीतर सहमति नहीं बनी है। एक अधिकारी ने कहा, हम एक ऐसा पैकेज बनाना चाहते हैं, जो भारत के लिए अच्छा हो और जो एक कंपनी के लिए क्यूरेटेड पैकेज न बने। अन्य लोग इस विंडो का लाभ उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते कि वे इस प्रकार की आवश्यकताओं को पूरा करते हों। सितंबर में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि टेस्ला भारत में बैटरी स्टोरेज के लिए एक फैक्ट्री बनाने की योजना बना रही है और उसने सरकार को इसके लिए एक प्रस्ताव भी सौंपा है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 57 रिंगिट चढ़कर 3677 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की गिरावट के साथ 50.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एडीबी देगा 40 करोड़ डॉलर का कर्ज

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार ने आज उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण, सेवा वितरण में सुधार और कुशल शासन प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए अपने शहरी सुधार एजेंडे को गति देने के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ 40 करोड़ डॉलर के ऋण का करार किया है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि सतत शहरी विकास और सेवा वितरण कार्यक्रम के उप-कार्यक्रम 2 के लिए ऋण समझौते पर आर्थिक मामलों की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और एडीबी के भारत में कंट्री निदेशक ताकेओ कोनिशी ने हस्ताक्षर किये।

उप-कार्यक्रम 1 को 35 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण के साथ शहरी सेवाओं में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्तर की नीतियों और दिशानिर्देशों के साथ 2021 में मंजूरी दी गई, उप-



कार्यक्रम 2 राज्य और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) स्तरों पर निवेश योजना और सुधार कार्यों का समर्थन कर रहा है।

कार्यक्रम में शहरी विस्तार को नियंत्रित करने और यूएलबी की क्षमता निर्माण और सामुदायिक जागरूकता के साथ-साथ कानूनी, नियामक और संस्थागत सुधारों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के माध्यम से प्रणालीगत और नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत शहरी नियोजन सुधारों की भी परिकल्पना की गई है। विशेष रूप से, यूएलबी शहरों को आर्थिक विकास के सुनियोजित केंद्र बनने में मदद करने के लिए पारगमन-उन्मुख विकास के माध्यम से भवन उपनियमों, भूमि पूलिंग, शहरी समूह और व्यापक शहरी गतिशीलता योजना के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देंगे। ऐसी एकीकृत नियोजन प्रक्रियाएं जलवायु और आपदा लचीलेपन को शामिल करेंगी, प्रकृति-आधारित समाधानों को बढ़ावा देंगी, शहरी पर्यावरण में सुधार करेंगी और अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करके शहरों की वित्तीय स्थिरता में सुधार करेंगी।

इसके अलावा, शहरों को संपत्ति कर और उपयोगकर्ता शुल्क जैसे अपने राजस्व को बढ़ाने, उनकी दक्षता में सुधार करने और उनके व्यय को तर्कसंगत बनाने के लिए विभिन्न सुधारों के माध्यम से क्रेडिट योग्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे शहरों को शहरी बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण घाटे को पाटने के लिए वाणिज्यिक उधार, नगरपालिका बांड जारी करने, उप-संप्रभु ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसे अभिनव वित्तपोषण जुटाने में काफी मदद मिलेगी।

# मातृ शक्ति वंदन योजना से भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएगी : कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कोमल सिंह राजपूत ने मातृशक्ति के प्रति भाजपा की संकल्प शक्ति को बताते हुए कहा कि भाजपा के शासन में ही मातृशक्ति सुरक्षित रहती है और उनका सम्मान भी होता है ।

श्री राजपूत ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व कांग्रेस ने शराबबंदी की गंगाजल लेकर कसम खाई, परंतु आज तक शराबबंदी नहीं की।

उसके पूर्व भाजपा के शासनकाल में डॉ रमन सिंह ने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के विकास को ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

भाजपा शासन काल में रमन सिंह द्वारा शराब के रोकथाम के विरुद्ध सुनियोजित नीति के तहत पहले धीरे-धीरे शराब की दुकानों को कम करते गए, छोटे गांव में शराब की उपलब्धता को प्रभावित करने के लिए दुकानों की संख्या में तेजी से कमी की गई, साथ ही मुख्य मार्ग से शराब दुकान प्रतिबंधित कर दी गई, ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके ,साथ ही गांव-गांव में महिलाओं की कमांडो शक्ति भी तैयार की गई कि असामाजिक तत्व गांव में प्रवेश न करें , कोई भी अनर्गल शराब न पिए ।

परंतु खेद का विषय है कि भूपेश सरकार आते ही छत्तीसगढ़ की स्थिति पूरी तरह से बदल गई, अब भूपेश के राज में गली-गली, गांव-गांव, घर-घर में शराब पहुंचा कर परोसी जा रही है जिससे अपराध में वृद्धि हुई है और महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं ।

श्री राजपूत ने कहा की आज भाजपा ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतेक महिला को ?1000 देने का संकल्प पारित किया था जो की मोदी जी गारंटी योजना के तहत वादा किया गया था जिसके चलते छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए प्रथम चरण के चुनाव में 20 में से 15 विधानसभा भाजपा को मिलने जा रही है। श्री राजपूत ने कहा कि महिलाओं का पूरा आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है, जिसके कारण ही एक दिन पूर्व प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने अपने घोषणा पत्र को परिवर्तित करते हुए ?15000 की बात की है, जो यह दर्शाता है की भूपेश अब अपनी हार और हताशा को छुपाने के लिए कुछ भी बोल रहे है जो की पूरी तरह से बकवास है।

श्री राजपूत ने कहा कि अब प्रदेश की महिलाओं को भूपेश सरकार पर भरोसा नहीं रहा, क्योंकि गंगाजल की कसम खाने के बाद भी शराबबंदी की स्थिति से माताएं पूरी तरह से परिचित हैं, इसलिए वह 15000 रुपए के माया जाल में फंसने वाली नहीं है, श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश को चलाने के लिए लालच, प्रोलोभन और संसाधन नहीं बल्कि स्वच्छ, ईमानदार नीति चाहिए जो भूपेश के पास नहीं है। इसलिए प्रदेश की जनता ने यह ठान लिया है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः बनाकर छत्तीसगढ़ को विकास की ऊंचाइयो तक पहुंचा कर, मातृशक्ति की संकल्प शक्ति को जगाना है।

# भाजपा प्रत्याशी दीपेश साहू को कारण बताओ नोटिस जारी



**बेमेतरा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा के द्वारा प्रत्याशी दीपेश साहू को मोदी की गारंटी महतारी वंदना योजना की वीडियो वायरल के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया है 12 नवंबर को जारी किए गए नोटिस में लिखा गया है कि 11 नवंबर को व्हाट्सएप में कई वीडियो वायरल हुआ है जिसमें प्रत्याशी दीपेश साहू स्वयं मोदी की गारंटी महतारी वंदना योजना का किसी महिला के लिए फॉर्म भरते नजर आ रहे हैं इसके अलावा आपके टीम के लोगों द्वारा भी फार्म वितरण किया जाना दिखाई दिए जाने का वीडियो वायरल हो रहा है लोग प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 में भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध के तहत (अ) किसी अभ्यर्थी या उसके अभिकर्ता द्वारा अथवा किसी अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता की सहमति से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी व्यक्ति को वह चाहे जो कोई भी किसी व्यक्ति द्वारा परितोषण का ऐसा दान प्रस्थान या वचन जिसका प्रत्यक्षता या परत यह उद्देश्य हो कि किसी व्यक्ति द्वारा वह चाहे कोई भी हो स्वयं अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए मतदान करने या मतदान करने से विरत रहने या किसी अभ्यर्थी को अभ्यर्थिता उत्प्रेरित करने या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करने के लिए प्रेरित करना प्रावधान का उल्लंघन है।योजना के एवज में महिला मतदाताओं को प्रलोभन देना तथा उत्प्रेरित कर या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करने का प्रयास किया जाना प्रतीत हो रहा है जो आदर्श आचार संहिता के मापदंड के प्रतिकूल है। उक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 48 घंटे के भीतर अधोहस्ताक्षर करता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में आपके विरुद्ध नियमानुसार एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# सेक्टर अधिकारी और मतदान दलों के वाहनों की जीपीएस सिस्टम से होगी निगरानी



सेक्टर अधिकारी के 72 और मतदान दल के 175 वाहनों में लग गया जीपीएस सिस्टम

**बेमेतरा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। सेक्टर अधिकारी सहित मतदान दलों को पोलिंग बूथ तक सुरक्षित आने-जाने हेतु अधिगृहित वाहनों में ग्लोबल पोजिशन सिस्टम (जीपीएस) सिस्टम लगाया गया हैं। जिससे उनके लोकेशन की लगातार मॉनिटरिंग होगी। ज़िला परिवहन अधिकारी श्री अरविंद भगत ने बताया कि सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों की अधिगृहित 260 वाहनों में जीपीएस लगाया जाना है । अब तक सेक्टर अधिकारी 72 एलएमवी (छोटी गाड़ी) एवं मतदान दल हेतु 175 बस वाहनों में जीपीएस लगाया गया। उसके अलावा 3 ट्रकों में भी जीपीएस लगाया गया है। शेष कल मंगलवार या बुधवार तक जीपीएस लगाने का काम पूरा हो जाएगा।

स्थैतिक मजिस्ट्रेट की गाड़ियों में जीपीएस लगाया जा रहा है। जीपीएस लगी गाड़ियों से अधिकारी और आयोग पूरी तरीके से नजर रखेंगे। कहीं किसी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल वहां फोर्स मुहैया कराई जाएगी। ज़िले कीतीनों विधानसभा के लिए अलग/अलग टीम बनाई गई है। हर टीम में एक पुलिस अधिकारीए एक मजिस्ट्रेट और एक वीडियोग्राफर जैव। उड़नदस्ता टीम आचार संहिता की निगरानी कर रही है। अगर कहीं कोई निर्वाचन को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटे जा रहे होए शराब या कपड़े बांटे जा रहे हो या बल पूर्वक पर मतदाताओं को धमकाने की कोशिश कर हो तो उसके खिलाफ उड़नदस्ता टीम प्राथमिकी दर्ज करा सकती है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा ने एफएसटी एवं एसएसटी की टीमों को अब और तेजी गति एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए।

# 50 फीसदी मतदान केंद्रों की होगी लाइव वेब कास्टिंग



- ज़िले में तीनों विधानसभा के 374 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी
- वेबकास्टिंग के लिए ऑपरेटर / तकनीकी सहायक को वेबकास्टिंग कैमरा स्थापित का प्रशिक्षण

**बेमेतरा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 को लेकर बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं ।मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार ज़िले में 374 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन में निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए 50 फीसदी मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में वेबकास्टिंग के लिए ऑपरेटर ध् तकनीकी सहायक को वेबकास्टिंग कैमरा स्थापित (स्टालेशनद) का प्रशिक्षण और उपकरण वितरण किया गया।

कैमरे बूथ उन स्थानों पर चिन्हित किए गए हैं, जहां नेटवर्किंग की व्यवस्था है। सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम एक निजी एजेंसी को सौंपा गया है। लाइव प्रसारण की जिम्मेदारी आईटी विभाग की होगी। इन बूथों पर तीन स्तर पर निगरानी की व्यवस्था रहेगी। विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी और रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग इन बूथों पर मतदान प्रक्रिया को लाइव देख सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एल्मा ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान केंद्रों की कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी के लिए व्यवस्थाएं की गई है।

सबसे अधिक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के 175 मतदान केंद्रों पर, वही नवागढ़ के 100 और साजा के 99 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। इसके साथ ही वेबकास्टिंग की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए ज़िला पंचायत के सभाकक्ष में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है। इसकी नोडल अधिकारी सीआईओ ज़िला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक मतदाताओं में मतदान को प्रोत्हासन देने के लिए प्रत्येक बूथ के बाहर एक वोटर सेल्फी जोन बनाया गया हैए जहां 20×30 आकार का पोस्टर लगाया गया है। चार से 5 फीट की ऊंचार पर लगे उस पोस्टर के सामने मतादात खड़े होकर सेल्फी खींच सकते हैं। जिसे बाद में आईडी कार्ड नंबर और विधानसभा क्षेत्र के नाम के साथ फेसबुक और ट्विटर पर अपलोड करना होगा। जिन्हें बाद में पुरुस्कृत किया जाएगा।

# निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम कर रहे मतदान



- निर्वाचन ड्यूटी मे तैनात 3395 अधिकारी कर्मचारी ने दिया था डाक मतपत्र के लिए आवेदन
- आज डाक मतपत्र से मतदान का आखरी दिन, डाकमत
- अब तक 2693 कर्मियों ने मताधिकार का किया प्रयोग

**बेमेतरा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 की तैयारियों को जहां अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने बीते 9 नवंबर से प्रशिक्षण केन्द्रो में बने सुविधा केंद्रों पर अपना वोट डालना शुरू कर दिए है। विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों मे नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, मतदान दल,बीएलओ, ड्रायवर, डाक मतपत्र से अपना मतदान कर सकेंगे। इसके लिए ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो के साथ साथ कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 6 में भी मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया हैं ।

पहले दिन 9 नवंबर को जिला स्तरीय सुविधा केंद्र में और प्रशिक्षण सुविधा केंद्र में 1034 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया 7 वही ज़िला स्तरीय सुविधा केंद्र मैं 767 कर्मियों ने अपने मताधिकार का डाक मत पत्र के माध्यम से प्रयोग किया 7 7 विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3395 अधिकारी कर्मचारी ने निर्धारित प्रारूप में डाक मत पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। इनमें से 10 नवंबर तक 1801 मतदान मतदान किया है, 11 नवंबर को 702 अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदान किया । आज 13 नवम्बर को 190 कर्मियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया । इस तरह अब तक कुल 2693 निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शेष कल 14 नवंबर को मतदान करेंगे 7 अपर कलेक्टर श्री सी.एल मार्कण्डेय ने बताया कि मतदान सुबह 9:00 बजे से 5:00 बजे तक मतदान हो रहा है। कल 14 नवंबर को डाक मतपत्र से मतदान का आखिरी दिन है। सुविधा केंद्र में चल रहे डाक मतपत्र मतदान के दौरान एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर नवागढ़ श्री भूपेन्द्र जोशी मौजूद थे।

डाक मतपत्र के पहले दिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह आरओ सुश्री सुरुचि सिंह और प्रशिक्षण नोडल उर्वशा ने सभी मतदाताओं को बुके (गुलदस्ता देकर स्वागत किया ततपश्चात डाक मतपत्र का कार्य प्रारम्भ हुआ 7

ड्यूटी में तैनात कर्मी पहले की तरह डाकमत पत्र को अपने घर नहीं ले जा सकेंगे। दरअसल पूर्व में चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारी कई बार सुविधा केंद्र पर वोट नहीं करते थे, बल्कि वे डाक मत पौपत्र अपने घर ले जाते थे। कर्मचारियों के पास वोटों की गिनती से शुरू होने से पहले डाक मत पत्र जमा करने का समय होता था।

# दीवाली मिलन समारोह



**बेमेतरा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। ए.वी.एम. कवर्धा जिले के एरिया सेल्स मैनेजर श्री फणेंद्र चंद्राकर सर द्वारा अंबिका फ्यूल्स कोबिया चौक बेमेतरा में दिवाली मिलन का कार्यक्रम रखा था जिसमें कवर्धा जिले बेमेतरा जिले के समस्त डीलर ए.वी.एम. स्टाफ उपस्थित थे सर के द्वारा इंडियन ऑयल परिवार के तरफ से सभी को उपहार देकर दिवाली की शुभकमनाये और बधाई दी गई ।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या, दो आरोपी जेल भेजे गये

**दुर्ग,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। सिकोला भाठा वार्ड में दीपावली की रात्रि पुरानी रंजिश को लेकर रवि उर्फ विष्णु राजपूत (27) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मोहन नगर पुलिस ने दो आरोपियों आयुष यादव उर्फ शुभम यादव पिता स्व. मनोज यादव (25) तथा दिलीप साहू पिता लीलाधर साहू (27) के विरूद्ध 302, व 34 के तहत मामला दर्ज़ कर घटना के कुछ ही देर के भीतर ग्राम धनोरा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आज उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

मोहन नगर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक रवि राजपूत को सिकोला भाठा में श्रमिक प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति ने रक्त रंजित अवस्था में पड़ा देखा । साथ ही आसपास के लोगों ने रवि की पहचान कर उसके परिवार वालों को भी सूचना दे दी। पुलिस व आसपास के लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रवि राजपूत एवं दोनों आरोपी आयुष एवं दिलीप साह वार्ड में कहीं बैठकर शराब पी रहे थे कि इसी बीच इन लोगों के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद इतनी बढ़ गयी कि मामले ने तूल पकड़ लिया और आरोपियों ने रवि की चाकू से ताबड़तोड़ हमले से हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक रवि, आरोपियों को किसी युवती की अश्लील तस्वीर व वीडियो वायरल करने की धमकी भी दे रहा था। हत्या के बाद जहां पुलिस ने रवि के शव को पोस्टमार्टम के मरच्यूरी भेज दिया वहीं आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी। इस बीच मुखबिरों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को ग्राम धनोरा के एक मकान से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके साप से हत्या में प्रयुक्त चाकू एक्टीवा वाहन भी बरामद कर ली गई है।

# पैसे के लेन देन के कारण दोस्त बना दोस्त का कातिल



अंधे क़त्ल की गुत्थी सुलझाने में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव को मिली सफलता

**राजनांदगांव,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। अंधे क़त्ल की गुत्थी सुलझाने में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव को मिली सफलता। घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी लुमेश भठरी पिता पवन देव् उम्र 28 साल, नीलकमल महाजन पिता कमलेश उम्र 18 साल दोनों निवासी ग्राम बिरेझर थाना सोमनी, 16 साल के बालक ग्राम बिरेझर निवासी थाना सोमनी की अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई है की सूचना पर थाना सोमनी में मर्ग पश्चात अपराध क्रमांक 267/2023 धारा 302, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण मे सायबर सेल एवं थाना सोमनी की टीम गठित कर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक कृष्णा पटेल के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी हेतु लगाया गया था। घटनास्थल निरीक्षण तथा मृतक के परिजनों एवं गवाहों का कथन लेने पर यह पता चला कि मृतक गांजा पीने का आदि था जो अपने दोस्तो लुमेश भठरी पिता पवन से पैसे की लेन देन पर सुबह वाद विवाद हुआ था उसी बात को लेकर लुमेश भठरी अपने दोस्त नीलकमल महाजन के साथ मिलकर हत्या करने का प्लान बनाकर दिनांक 11/11/2023 को शाम को बिरेझर बांध नहर के पास जहा पर मृतक पहले से मौजूद था वहां पहुंचे सुबह के झगड़े का बदला लेने की नीयत से उसके सिर पर पत्थर से गंभीर चोट पहुचाकर हत्या कर दिया और घटना स्थल से फरार हो गये। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को पकड़कर पूछताछ किया गया जो जुर्म घटित करना स्वीकार किया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय नया0 पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव टीम की सराहनीय योगदान रहा।

# दिवाली के दिन मोटरसाइकिल में भिड़ंत, दो घायल

**डोंगरगांव,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व पर नगर और ग्रामीण क्षेत्र में कुछ शराबियों ने शराब के नशे में चूर होकर मोटरसाइकिल तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलने से कई दुर्घटना देखने को मिली है समीप ग्राम रंगकठेरा और पांडुका मोड पर 12 नवंबर को संध्या 4:00 बजे दो मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिड़ंत हुई है जिनमें ग्राम बमनीभाटा के भागवत पटेल और उनके पुत्री धनेश्वरी मुस्कान को गंभीर चोट आई है दीपावली पर्व पर भागवत पटेल ने अपने पुत्री थानेश्वरी मुस्कान के साथ सामान लेकर वापस घर जा रहे थे एक ओर से दो शराबी शराब के नशे में मोटरसाइकिल तेज और लापर वाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे भागवत पटेल और उनकी पुत्री 5 से 7 फीट मोटरसाइकिल से जा गीरी जिससे उनकी सिर में गंभीर चोट आई है साथ ही उनके शरीर के अंदरूनी भागों में भी चोट लगी है घटनास्थल में उपस्थित ग्रामीण लोग दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया दोनों घायलों का इलाज के बाद राजनादगांव रिफर किया गया है दीपावली पर्व में कुछ शराबियों ने अधिक शराब पीने के बाद नशे में चूर होकर मोटरसाइकिल चला रहे थे जिससे ग्राम आरी मटीया डोंगरगांव अर्जुनी में भी मोटरसाइकिल भिड़ंत हुई है जिनमें अधिकतर घायलों के हाथ पैर सिर तथा शरीर के अंदरूनी भागों में चोट आई है दिवाली पर्व में सुबह से रात्रि तक 5 से 7 मोटर साइकिल भिड़ंत की खबर मिली है सभी घायलों का सुबह से संध्या रात्रि तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव मेंआना जाना लगा रहा।

प्रारूप C-1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्र, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )

## आपराधिक प्रकरणो के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वाच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरनेट फाउंडेशन और आर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता :- गुणदेव मैरिषा जयत खाम के पास वार्ड नं. 02 ग्राम व पोस्ट सिलतरा, जिला रायपुर
राजनैतिक दल का नाम :- बहुजन समाज पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)
राजनीतिक दल का नाम :- इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम :- विधान सभा चुनाव
निर्वाचन क्षेत्र का नाम विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 47

मैं गुणदेव मैरिषा पिता श्री दाऊलाल मैरिषा (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं:-

(क) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| स.क्र. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियम की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती स्वर्णलता ओम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर (छ.ग.) | 8576/2015 | लंबित | न्यू राजेन्द्र नगर थाना, धारा 294, 323, 506 325,34 आई.पी.सी.धारा के तहत |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| क्र. स. | न्याया.का नाम एवं आदेश(शो) की तारीखा(खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | लागु नहीं | लागु नहीं | लागु नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार पत्रों, टी.वी. मे प्रकाशन हेतु)

## अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) मे माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता - विजय कुमार झा, पुरानी बस्ती, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम - आम आदमी पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)
निर्वाचन का नाम - छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम - रायपुर नगर दक्षिण-51

मै विजय कुमार झा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हू.

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या व तारीख | मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियम की धारा एवं संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चालान प्रस्तुत नही | अपराध क्रमांक 110/23 थाना गोलबाजार रायपुर | अभियोग पत्र प्रस्तुत नहीं केवल प्राथमिकी दर्ज | थाना गोलबाजार रायपुर धारा 143, 147, 149, 186, 341 भादवि. अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा 17 अप्रैल 23 के बुलावा पर जयस्तंभ चौक मे धरना, चक्काजाम |
| 2. | चालान प्रस्तुत नही | अपराध क्रमांक 519/2022 सिविल लाइन थाना रायपुर | अभियोग पत्र प्रस्तुत नही | थाना सिविल लाइन धारा 504, 505 (1) (b) 505 (2) भादवि. कर्मचारी आंदोलन के दौरान कर्मचारियों के मांगो के लिये दिये गये भाषण को सीडी में छेड़छाड़कर किये जाने बाबत. |

किसी न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है. किसी न्यायालय से दोष सिद्ध नही- सजा नहीं. इसलिए लागू नही. लागू नही.

विजय कुमार झा

# महतारी वंदन योजना पर कार्रवाई शुरू

**गरियाबंद,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों का चुनाव प्रचार चरम पर है. सभी प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में जुटे हुए हैं. साथ ही सभी पार्टियों ने चुनाव को लेकर अपना-अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है. के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत = जोगी कांग्रेस का आरोप प्रत्याशी पर झूठे आरोप लगाकर पंपलेट बांट रही भाजपा वहीं, भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना शुरू करने की घोषणा की है. भाजपा सत ?ता में आई तो इस योजना के तहत प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपए दिया जाएगा. अभी चुनाव की प्रक्रिया चल रही है. इस बीच भाजपा ने महिलाओं को योजना का फार्म बांटना और भरवाना शुरू कर दिया है. इसका कांग्रेसियों ने विरोध किया है और निर्वाचन आयोग से शिकायत भी की है.



■ निर्वाचन आयोग की टीम ने दो महिलाओं को लिया हिरासत में, भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भरवा रहे थे फार्म

महतारी वंदन योजना को लेकर गरियाबंद जिले में कार्रवाई शुरू हो गई है. आज निर्वाचन आयोग की टीम ने कांग्रेस की शिकायत पर गरियाबंद के वार्ड 6 में योजना का फार्म भरवाने वाले दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया है. राजिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू के पक्ष में कुछ भाजपा कार्यकर्ता प्रचार करने के साथ ही महतारी वंदन योजना का फार्म भर रहे थे. प्रशासन की टीम ने फार्म समेत कई प्रचार सामग्री जब्त किया है. मौके पर मौजूद अन्य पुरुष कार्यकर्ता भाग गए.

# भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत

- जोगी कांग्रेस का आरोप
- जकां प्रत्याशी पर झूठे आरोप लगाकर पंपलेट बांट रही भाजपा

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशाबन्धु)। लोरमी विधानसभा क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है. जेसीसीजे के नेताओं ने भाजपा पर लोरमी से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशी सागर सिंह ठाकुर (बैस) के विरुद्ध झूठे आरोप लगाकर पॉम्पलेट वितरित कर क्षेत्र में निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया प्रभावित करने का आरोप लगाया है. इसकी शिकायत जोगी कांग्रेस के प्रवक्ता भागवानू नायक और जिला अध्यक्ष संदीप यादव ने जिला निर्वाचन आयोग से की है और कड़ी कार्यवाही की मांग की है.



जोगी कांग्रेस के प्रवक्ता भागवानू नायक ने बताया कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) छत्तीसगढ़ का एकमात्र मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दल है. इस दल से सागर सिंह ठाकुर उर्फ सागर बैस विधानसभा क्रमांक 26-लोरमी क्षेत्र से आसन्न विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी है. भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रत्याशी सागर सिंह ठाकुर बेस के खिलाफ पैम्फलेट बंटवा रहा, जिसमें लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं.

नायक ने बताया पैम्फलेट में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने सागर सिंह पर 2.42 करोड़ का विस्थापन घोटाला करने, जुआ ङ्क सट्टा और गांजा तस्करी में शामिल होने, गौ तस्करी करने, सरकारी योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाने के एवज में कमीशन लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जो पूर्ण निराधार और असत्य है. पैम्फलेट में स्पष्ट रूप से प्रकाशक का नाम भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ और मुद्रक का नाम आशीष स्टेशनरी मार्ट, रायपुर इंगित है. भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशी के विरुद्ध पैम्फलेट बंटवाना आचार संहिता का उल्लंघन है. इससे क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव होने की प्रक्रिया प्रभावित होगी.


**NECC**

| 14.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.53 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |
| डिलीवरी | 568 सैकड़ा | | |
| दर्जन अंडा 75 रु. | | | |
| मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु. | | | |

CSPFA

# हाथी ने बुजुर्ग को कुचला

**बलरामपुर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत चाकी में सोमवार अल सुबह एक बुजुर्ग को हाथी ने कुचल कर मार दिया. बताया जा रहा है कि मृतक घर से शौच के लिए निकला हुआ था तभी घने कोहरे में हाथी से उसका सामना हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फॉरेस्ट टीम ने कार्रवाई शुरू कर दिया है. वहीं बुजुर्ग की मौत से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. उन्होंने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- छत्तीसगढ़ में ये मेरी आखिरी चुनावी सभा, 17 नवंबर को कांग्रेस का अस्त होना पक्का है(




# राजिम भाजपा प्रत्याशी के प्रचार मे आ रहे असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा शर्मा

## सर्कस मेला मैदान राजिम में होगी विशाल जनसभा

**राजिम** 13 सितंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए केंद्र के दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के प्रचार मे तीन दिन शेष है। प्रत्याशियों का धुंआधार प्रचार जारी है, उनके समर्थन मे असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा मंगलवार 14 नवंबर को राजिम मे सुबह 11 बजे सर्कस मैदान पर आमसभा मे सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी मे पार्टी के कार्यकर्ता लगे हुए है ।उक्त जानकारी राजिम भाजपा गरियाबंद जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने दी ।उन्होने बताया उक्त अवसर पर सासंद चुन्नीलाल साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा , नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जीतेन्द्र सोनकर एवम जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू सहित भाजपा पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित अनेको लोग उपस्थित रहेंगे।












प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

**पिता (पुत्री से)-** मिनी तुम मुझे पहले पापा कहती थी और अब मुझे डैड कहना शुरु कर दिया। क्या वजह है?
**मिनी-** कम ऑन डैड, पापा कहने से लिपस्टिक खराब हो जाती है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दिपावली

## शुभमुहूर्त में महालक्ष्मी का विधिविधान से पूजन किया गया





**जगदलपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में दीपों का पर्व दीपावली खुशियों से मनाया गया। गुरूवार को सारी रात आतिशबाजी का दौर चलता रहा। इस बार कम शोरगुल व धुंआ वाले ग्रीन पटाखों का उपयोग ही किया गया। दूसरे दिन भी एक-दूसरे को शुभकामनांए देने का क्रम चलता रहा। इंटरनेट मीडिया के जरिए भी लोग एक-दूसरे को बधाईयां देते रहे। दिवाली पर्व पर शहर के विभिन्ना स्थानों लोगों के मकानों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई थी। शुभमुहूर्त में महा लक्ष्मी का एक विधिविधान से पूजन किया गया। इसके पश्चात दीप दान किए गए। दीपवाली के मौके पर स्थानीय दंतेश्वरी मंदिर समेत अन्य देवालयों में भी दीपदान समेत विशेष पूजा आराधना की गई।

# दीवाली से एक दिन पहले मांई दंतेश्वरी की विशेष पूजा

**दंतेवाड़ा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। आस्था और श्रद्धा की नगरी दंतेवाड़ा में दीवाली का पर्व काफी गंभीरता के साथ मनाया जाता है। यहां दीवाली से एक दिन पहले मांई दंतेश्वरी की विशेष पूजा होती है। औषधि काढ़े से मांई जी का स्नान होता है और यह काढ़ा फिर सेवादार अपने साथ ले जाते हैं। भक्तों को भी यह बांटा जाता है। इससे कई रोगों से मुक्ति भी मिलती है।



- **औषधीय काढ़े से होता है स्नान**
- **भक्त और सेवादार अपने साथ ले जाते हैं औषधीय काढ़ा**
- **वर्षो से निभाई जा रही परम्परा**

दीवाली से एक दिन पहले मंदिर में विशेष पूजा होती है। वर्षो से चली आ रही परंपरा के मुताबिक दशहरा पर्व में जगदलपुर से मां दंतेश्वरी की डोली दंतेवाड़ा लौटती है। उसके 9 दिन बाद से ही दीपावली की शुरुआत हो जाती है। मांई की सेवा के लिए 12 लंकवार सेवादार मौजूद रहते हैं। इन 12 सेवादारों में एक तुड़पा समाज का भी सेवादार होता है। तुड़पा समाज का सेवादार दीवाली से 9 दिन पहले से ही मां दंतेश्वरी सरोवर से रात के तीसरे पहर में पानी लाने के लिए निकल जाता है। मिट्टी के घड़े में लाए गए इसी पानी से मां को सुबह में स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद माता का विशेष श्रृंगार किया जाता फिर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। परंपरा मुताबिक कतियार राउत समाज के लोग जंगल से जड़ी बूटी खोजकर लाते हैं। लाई गई जड़ी बूटी को मिट्टी के हांडी में हल्की आंच पर उबाला जाता है। फिर उबाले गए जल को छानकर मां के स्नान के लिए लाए गए पानी में मिलाया जाता है। इसी जड़ी बूटी वाले पानी से मां को स्नान कराकर इसी पानी से दवाई बनाई बनाई जाती है। औषधि बनने के बाद सभी 12 लंकवार सेवादारों को मिट्टी की हांडी में ये दवा पीने के लिए परोसी जाती है। बाकी की बची हुई औषधि को गांव वालों और भक्तों के बीच बांटा जाता है। मान्यता है कि बांटी गई दवा से हर गंभीर बीमारी जड़ से खत्म हो जाती है।

# दिवाली का त्यौहार, डीएन इवेंट ने मनाया आश्रम बच्चों के साथ



**जगदलपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। दिवाली के शुभ अवसर पर डी एन इवेंट के तरफ से आशा आश्रम पल्ली नाका, शिवानंद आश्रम एवं शांति कुंज वृद्धा आश्रम में बच्चों एवं माताओं के साथ मिलकर दिवाली का पर्व हर्ष एवं उल्लास से मनाया गया। मिठाई, नमकीन, चॉकलेट एवं पटाखा वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक निहारिका मोदी ने बताया पिछले 1 वर्षों से इस तरह के कार्यक्रम लगातार बच्चों के बीच जाकर मनाया जा रहा है, साथ हमारी ग्रुप की ओर आगे भी जो मदद हो सकता है यथा संभव जरूर किया जायेगा ओर आगे भी इसी प्रकार का आयोजन लगातार किया जायेगा। इस शुभ अवसर पर आश्रम के कोऑर्डिनेटर अनिल देवांगन एवं स्वामी मौजूद थे।

# दीवाली पर जमकर जुआ, 40 हजार के साथ 27 गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। दीवाली को देखते हुए पुलिस इस बार काफी चौकस रही। जुआरियों पर नकेल कसने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने कार्रवाई की और जुआरियों को गिरफ्तार कर उनसे नगद राशि भी जप्त की गई। यह छापा मार कार्रवाई एसपी गौरव राय के निर्देशन और एडिशनल एसपी आरके बर्मन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी राहुल उइके पर्यवेक्षण में की गई।

जुए पर कार्रवाई के लिए अलग-अलग पुलिस टीम बनायी गई थी। कहीं स्ट्रीट लाईट के नीचे तो कहीं चिमनी जलाकर जुआरी महफिल सजाए हुए थे। दंतेवाड़ा कोतवाली के अंतर्गत करंजेनार, कुम्हाररास के बीच जंगल में चिमनी जलाकर कुछ लोग जुआ खेलते मिले, जिन्हें पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। यहां 7 जुआरियों को पकड़कर तलाशी ली गई। इनके कब्जे से कुल 15 हजार 500 रूपये नगद एवं ताश की 52 पत्ती व प्लास्टिक की चटाई व चिमनी जप्त की गई। इनके खिलाफ धुत अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल उप निरीक्षक राम कुमार श्याम, सउनि भूरेलाल शर्मा, रणवीर सिंह ठाकुर, प्र.आर. तेजलाल भोई, आर. हरिश नायर, जुगलाल नेताम, करण टेकाम का विशेष सहयोग रहा।

इसी तरह कटेकल्याण के थाना पारा बस्ती के आगे सार्वजनिक स्थान सड़क के किनारे

- **कहीं चिमनी जलाकर तो कहीं स्ट्रीट लाईट के नीचे जमी थी महफिल**
- **दंतेवाड़ा-कटेकल्याण थाना क्षेत्रों में फड़ पर पुलिस का छापा**

बिजली खंभा के नीचे बिजली की रोशनी में जुआ खेल रहे जुआरियों को पकड़ा गया। मौके पर 8 जुआरियों को पकड़ा गया जिनकी तलाशी लेने पर फड़ एवं कब्जे से कुल 7 हजार 350 रु नगदी, 52 पत्ती ताश बरामद की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन पटेल, एएसआई जय मंगल श्यामले, सुनील एक्का, आरक्षक मंटू बैरिहा, भीमाराम कोराम, सत्यवान राही, लव कुमार जोशी का विशेष योगदान रहा।

इसके साथ ही दंतेवाड़ा कोतवाली के अंतर्गत ही आंवराभाटा पटेलपारा एवं चितालंका पुजारीपारा में सार्वजनिक स्थान पर स्ट्रीट लाईट के नीचे कुछ लोग जुआ खेलते मिले, जिन्हें पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। यहां 8 जुआरियों को पकड़ा गया। इनकी तलाशी ली गई, फड़ एवं कब्जे से कुल 14 हजार रूपये नगद एवं ताश की 52 पत्ती व प्लास्टिक की बोरी एवं चितालंका पुजारीपारा के फड़ पर कुल 4 जुआरी पकड़े गये। इनके कब्जे से 3 हजार 600 रूपये नगद एवं ताश की 52 पत्ती, प्लास्टिक का त्रिपाल एवं 1 नग टार्च जप्त कर जुआरियों के खिलाफ धुत अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार किया गया।

# कलम दवात की पूजा होगी, बहनें भाइयों को बांधेंगी रक्षा सूत्र, सांस्कृतिक आयोजन होंगे



**जगदलपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले के कायस्थ परिवार बुधवार को यम द्वितीया पर अपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त का प्रकटकोत्सव मनाएंगे। इस दिन लालबाग स्थित कायस्थ समाज भवन में सुबह से शाम तक विविध धार्मिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। इसी दिन कायस्थ वंशज कलम दवात की पूजा करेंगे। इसके साथ ही घर पर भाई दूज का आयोजन होगा। इसमें बहनें अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी मंगलकामना करेंगे। कायस्थ समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त सारी सृष्टि के विविध कर्म का लेखन करते हैं। समाज पदाधिकारियों ने बताया कि मृत्यु के देवता यमराज ने भगवान ब्रह्मा से कहा था कि सृष्टि के प्रत्येक जीव के कर्मों का लेखन करने के लिए उन्हें योग्य शक्ति प्रदान करें। इसलिए ब्रह्मा ने तप किया। तप के फलस्वरुप उनकी काया से एक आकृति प्रकट हुई। ब्रह्मा ने कहा कि तुम मेरे चित्त में गुप्त आराधना से प्रकट हुए हो इसलिए तुम्हारा नाम चित्रगुप्त होगा। इसके अलावा पूरी काया से प्रकट हुए हो इसलिए चित्रगुप्त के वंशज कायस्थ कहलाएंगे। इसके साथ ही वे कलम दवात के साथ प्रकट हुए थे। इसलिए कायस्थ परिवार कलम दवात को विशिष्ट महत्व देते हुए उसकी पूजा करता है।


**विविध समाज में मनाया जाता है भाई दूज:** दिवाली के तीसरे दिन भाई दूज अर्थात यम द्वितीया का पर्व मनाया जाता है। यह त्योहार यमराज और उनकी बहन यमुना से जुड़ा हुआ है। इस त्योहार को संपूर्ण भारत वर्ष में मनाया जाता है। कर्नाटक में इसे सौदरा, बंगाल में भाई फोटा, गुजरात में भौ या भै-बीज, महाराष्ट्र में भाऊ बीज, नेपाल में इसे भाई टीका, मिथिला में इसे यम द्वितीया के नाम से इसे मनाते हैं। कहा जाता है कि सूर्यदेव की पत्नी छाया के गर्भ से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ। यमुना अपने भाई यमराज से स्नेहवश निवेदन करती थी कि वे उसके घर आकर भोजन करें लेकिन यमराज व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात को टाल जाते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना अपने द्वार पर अचानक यमराज को खड़ा देखकर हर्ष-विभोर हो गई। प्रसन्नचित्त हो भाई का स्वागत-सत्कार किया तथा भोजन करवाया। इससे प्रसन्न होकर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 22 जुआरियों को मौके पर जुआ खेलते पुलिस ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जुआ, सट्टा पर विशेष अभियान चलाकर 22 जुआड़ियों पर कार्यवाही करने में सफलता मिली है। शहर के महारानी वार्ड में स्ट्रीट लाईट, दुर्गा चौक, ईतवारी बाजार, खोदरापारा किशन ढाबा पास, कालीपुर अटल आवास क्षेत्र में कुछ जुआरी ताश के पत्तों पर रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे उन लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु अलग-अलग टीम गठित किया गया। जिनके द्वारा दर्शित स्थलों में टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही दौरान मौके पर 22 जुआरी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जिनसे नाम पता पुछने पर अपना नाम-प्रेम कुमार को पाढ़ी, आशीष बर्मन, अमित नाग, शुभम भारती जिनके पास एवं फंड से 3720/-रूपये, सिकन्दर नाग, विक्रम पोडाल, रामनाथ नाग, मुकेश नाग जिनके पास एवं फंड से 3270/-रूपये, यशवंत सोनी, भोला कसेर, सुरज लहरे, खिरेन्द्र सागर, भुनेश्वर नाग जिनके पास एवं फंड से 3470/-रूपये, गोलु कश्यप, बलीराम कश्यप, आकाश बघेल, घासीराम जिनके पास एवं फंड से 6510/-रूपये तथा संतु राव, लक्ष्मीनारायण, संतोष कश्यप, शंकर बघेल, दीपक स्वामी जिनके पास एवं फंड से 1750/-रूपये व ताश के पत्ते बरामद किया गया। उक्त 22 आरोपियों के विरूद्ध धारा 3 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर, गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। जिसमें कुल 18,720/- रूपये जप्त किया गया है।

# मांई दंतेश्वरी के मंदिर में प्रज्वलित हुआ पहला दीया





**दंतेवाड़ा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। दीपों का त्यौहार दीपावली दंतेवाड़ा जिले में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हमेशा की तरह इस बार भी दीवाली का पहला दीया मांई दंतेश्वरी के मंदिर में भक्तों ने प्रज्वलित किया। इसके बाद अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना की। देर रात तक आतिशबाजी जारी रही। पूरी रोशनी से शहर जगमगा रहा था।

मांई दंतेश्वरी दंतेवाड़ा के रहवासियों की आराध्य देवी है। हर तीज त्यौहार पर लोग मांई दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर शुरूआत करते हैं। दीवाली में भी पहला दीया दंतेश्वरी मंदिर में प्रज्वलित करने की एक परम्परा सी

- **दीवाली पर आतिशबाजी और रोशनी की रही धूम**
- **मां लक्ष्मी और श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ भक्ति पूर्ण माहौल**

बन गयी है। शाम ढलते ही लोग मंदिर पहुंचे और मांई दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। दीयों की लंबी कतार से दीपावली की सार्थकता सिद्ध हो गई। दीवाली पर लोगों ने घरों में माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा-अर्चना की, फिर आतिशबाजी कर त्यौहार मनाया। शहर के प्रमुख सुरभि कालोनी में काफी देर तक लोग आतिशबाजी कर एक-दूसरे को दीप पर्व की बधाई देते रहे। इसके अलावा बस स्टैण्ड में उत्साह नजर आया। दीपावली के दूसरे दिन अन्न कूट गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है, लेकिन इस बार मंगलवार को मनाया जाएगा, फिर बुधवार को भाई दूज का पर्व होगा। इस पर्व की शुरूआत धनतेरस से हो जाती है और भाई दूज पर समापन होता है।

# रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण पर सर्वे से आगे नहीं बढ़ी बात



**दंतेवाड़ा,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। किरन्दुल कोत्तलवालसा रेल लाईन दोहरीकरण में काफी तेजी दिख रही है, लेकिन दंतेवाड़ा मुख्य मार्ग पर आंवराभाटा के पास रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज के लिए कोई पहल नहीं हो रही है। दो बार सर्वे के बाद पिछले 8 साल से काम ही शुरू नहीं हुआ। रेल्वे फाटक दिन में कई बार बंद होता है, इससे लोगों को काफी परेशानी होती है।

आंवराभाटा रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज के लिए एनएमडीसी ने राशि भी उपलब्ध करायी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा। परिवहन मंत्रालय द्वारा इसका निर्माण किया जाना है। रेल्वे ब्रिज किस तरह बनना है इस पर भी सहमति नहीं है। आंवराभाटा में बड़े पैमाने पर व्यापारी अपना व्यापार करते हैं, आशंका यह भी है कि ओव्हर ब्रिज बनने से व्यापार चौपट हो जाएगा। इसलिए प्रशासन भी इस मामले में हाथ नहीं डाल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने के बाद ओव्हर ब्रिज का निर्माण कौन सी एजेन्सी करेगी, यह तय नहीं हुआ है। लोक सभा में सांसद दीपक बैज ने मामला उठाया था।

इधर ओव्हर ब्रिज नहीं होने से दंतेवाड़ा के रहवासी काफी परेशान होते हैं। प्रशासनिक भवन आंवराभाटा के रेल्वे क्रासिंग के दूसरी ओर और पूरा शहर दूसरे हिस्से में है। अभी तो हर 15 मिनट में रेल्वे फाटक बंद हो जाता है। 20 से 25 मिनट तक रेल गुजरने के बाद फाटक खुलता है। रेल्वे ओव्हर ब्रिज की मांग को लेकर केवल आम आदमी पार्टी ने एक बार रेल्वे फाटक के पास प्रदर्शन किया था, लेकिन कांग्रेस

- **8 साल से अटका मामला, एनएमडीसी-प्रशासन दोनों मौन**
- **लोहा ज्यादा ले जाने बिछा रहे डबल लाईन, लोगों की परवाह नही**
- **कांग्रेस-भाजपा ने नहीं दिखाई गंभीरता, आप ने किया था आंदोलन**

और भाजपा दोनों ने जन हित से जुड़े इस मुद्दे पर कोई गंभीरता नहीं दिखायी। कांग्रेस सरकार के पांच साल और उसके पहले भाजपा के 15 साल में भी सर्वे से आगे बात नहीं बढ़ी, अब फिर नई सरकार के गठन का वक्त आ रहा है। रेल्वे फाटक पर एक बार तत्कालिन विधायक शहीद भीमा मंडावी ने प्रदर्शन किया, रेल रोका था, तब एनएमडीसी सीएसआर से डंकनी नदी पर पुल का निर्माण हुआ था। अभी ओव्हर ब्रिज के लिए ऐसी दमदारी किसी जन प्रतिनिधि में नहीं दिखती।

प्रशासन की बात करें तो उन्हें जन सरोकार से जुड़े ऐसे मुद्दों की कोई परवाह नहीं है। प्रशासन का अपना एजेंडा है, जिस पर शहर अथवा जनता का कोई हित नहीं रहता। बहरहाल रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण शीघ्र नहीं हुआ तो आने वाले समय में समस्या और भी गंभीर होगी। रेल लाईन दोहरीकरण होने के बाद मालगाड़ियों के फेरे और बढ़ेंगे, फिर घंटों जाम से लोगों को परेशानी होगी। लौह अयस्क परिवहन में और तेजी तथा ज्यादा मात्रा बढ़ाने रेल लाईन का दोहरीकरण किया जा रहा है, लेकिन लोगों को जाम से निजात दिलाने ओव्हर ब्रिज के मुद्दे पर एनएमडीसी और प्रशासन की कोई रणनीति अभी नहीं दिख रही है।

# कबाड़ी दुकान में आग से मची अफरा-तफरी





**जगदलपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। जगदलपुर शहर में एक कबाड़ी दुकान में रखे सामानों में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। कबाड़ी की दुकान शहर के मध्य गीदम रोड पर स्थित है। अज्ञात कारणों की वजह से कबाड़ में रखे प्लास्टिक के सामानों में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि जिस वक्त आगजनी की घटना हुई, उस समय दुकान में कोई भी मौजूद नहीं था। सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर अग्निशमन विभाग की टीम दमकल गाड़ी के साथ पहुंची। दमकल दल के जरिये लगातार आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक, एसडीआरफ के तीन दमकल टीमें को मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लंबे समय से यहां कबाड़ के सामानों को डंप करके रखा गया है। मौके पर बड़ी मात्रा में कबाड़ के सामान होने की वजह से आग धीरे-धीरे फैलते ही जा रहा है। राहत की बात है कि आस पास मौजूद किसी भी मकान तक आग की लपटें नहीं पहुंची। अचानक लगी आग से मौके पर दहशत का माहौल बना हुआ है।

**स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना:** बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इस कबाड़ के दुकान में आग से निपटने के लिए कोई भी साधन मौजूद नहीं था। आसपास रिहायशी इलाका होने की वजह से लोगों ने आग की लपटों को देख तत्काल इसकी जानकारी परपा पुलिस थाने को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परपा पुलिस दमकल की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से इस कबाड़ के गोदाम में सामानों को डंप करके रखा गया है और सुरक्षा के लिए यहां कोई भी इंतजाम नहीं है।

**4 से 5 लाख का नुकसान होने की आशंका:** इन सामानों को खुले में ही रखा गया था, लेकिन गोदाम के आसपास मकान होने की वजह से लगातार फैलती आग को लेकर लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची तीन दमकल की टीमें लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं और कुछ हद तक आग पर काबू भी पा लिया है। फिलहाल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बागबाहरा अंचल में दीवाली पर्व धूमधाम से मनाया गया

## दीवाली पर्व एवं चुनई तिहार एक साथ पड़ने के कारण लोगों की खुशियां दोगुनी देखने को मिली

**बागबाहरा,** 13 नवंबर (देशबंधु)। नगर समेत ग्रामीण अंचल में दीपावली पर्व को लोग धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान लोग खूब पटाखे फोड़े। तथा पर्व की एक-दूसरे को बधाई देकर खुशियां मनाते रहे। इस बार दीवाली त्योहार के साथ चुनई त्योहार का मजा एक साथ होने के कारण अंचल के लोगों में डबल खुशियाँ देखने को मिल रही है। यह खुशियाँ पांच साल में एक बार देखने को मिलता है। दीवाली एवं



चुनावी त्योहार के रंग में लोग पूरी तरह रंगे हुए हैं। दोनों त्योहार को लेकर क्षेत्र के लोगों में अपार खुशियां देखी जा रही है। इसी के चलते नगर एवं कस्बाई क्षेत्रों के बाजार में रौनक आ गई है। लोग

तरह-तरह के सामान लेने में जुटे रहे। लोगों की खुशियाँ बाजार में देखते ही बनता रहा। बाजार में लोगों की अच्छी खासी भीड़ खरीददारी करने लगी रही।

धनतेरस के बाद रोशनी का दीपावली पर्व बागबाहरा नगर समेत खल्लारी भीमखोज, कोमाखान, नर्रा, तेंदूकोना, भुरकोनी, बुंदेली कस्बाई क्षेत्रों में त्योहारी बाजार गुलजार रहा। अंचल के लोग त्योहार में जरूरी सामान जैसे सराफा, मिठाई, बर्तन, रेडीमेड,गारमेंट्स, कपड़ा, मनिहारी फैंसी, पूजा सामग्री, पटाखा, बिजली आईटम, ऑटो शो रूम आदि लेने ग्राहकों की दुकानों में अच्छी खासी भीड़ लगी रही। सामानों की खरीददारी करने लोगों की भीड़ दुकानों में लगी रहने से यहाँ का बाजार दिनभर गुलजार रहा। रोशनी का प्रमुख दीवाली त्योहार में लोगों की खुशियां उनके चेहरों में चमकती रही। लोग तरह- तरह के सामान लेने में लगे रहे। 12 नवंबर रविवार को दीपावली पर्व को इस क्षेत्र के लोग धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। शाम होते ही लोग अपने-अपने घरों एवं दुकानों में श्री लक्ष्मी माता जी की पूजा अर्चना कर खुशियाँ मनाते रहे। इस दौरान बच्चों से लेकर बड़े लोगों ने भी खूब पटाखे फोड़े। तथा पर्व की एक दूसरे को बधाई देने में लगे रहे। रात्रि दस बजे के बाद बाजे-गाजे के साथ मिट्टी के बनाए हुए गौरा-गौरी भगवान की मूर्तियों को चबूतरा में स्थापित किया गया। जिसका विसर्जन आज 14 नवंबर मंगलवार की सुबह बाजे -गाजे के साथ शोभायात्रा निकाल कर तालाब में ले जाकर किया जाएगा। इस दौरान गौरा-गौरी भगवान की श्रद्धालु भक्त लोग जगह-जगह पूजा अर्चना कर सोंटा लेते हैं। वहीं दोपहर में राऊत लोग किसानों के मवेशियों को सोहई बांधते हैं। उसके बाद किसान अपने पालतू मवेशियों की पूजा अर्चना कर खिचड़ी भात खिलाते हैं। उसके बाद शाम को राऊत नाचा के साथ गांव के सभी लोग गौठान में जाकर उत्साह के साथ गोवर्धन पूजा कर पर्व की एक दूसरे को बधाई देते हैं। तथा गोबर का एक दूसरे को टीका लगाते हैं। उसके बाद राऊत नाचा के साथ लोग घर-घर जाकर दोहा पारते हुए दीवाली की बधाई देते हैं। और खुशियाँ मनाते हैं। यह सिलसिला नगर एवं गांवों में देर रात तक चलता रहता है।

# कलेक्टर ने किया मतदान सामग्री वितरण तैयारी की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश



**महासमुंद,** 13 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आज दोपहर पिटियाझर मंडी परिसर में मतदान दल रवानगी एवं मतदान सामग्री वितरण के संबंध में आवश्यक बैठक ली। उन्होंने यहां बन रहे बैरिकेट्स एवं काउंटर की जानकारी लेते हुए कहा कि चूंकि चारों विधानसभा के मतदान सामग्रियों का वितरण यहीं से होना है इसलिए एक बार सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप तैयारी की समीक्षा कर लें यदि किसी तरह की आशंका हो तो समय रहते समाधान कर लें। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से आवश्यक व्यवस्था की जाए ।सेक्टर वाइज सभी वाहनों को व्यवस्थित रखें ताकि मतदान दल को वहां तक पहुंचने में किसी तरह की कठिनाई न हो। प्रत्येक वाहन में मतदान दल क्रमांक और रूट चार्ट तथा मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से चस्पा हो। उन्होंने परिसर का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी काउंटर में नोटिस और फ्लेक्स के माध्यम से जानकारी चश्पा किया जाए। आगमन और प्रस्थान के लिए भी फ्लेक्स के माध्यम से जानकारी प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में रात में भी ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने सभी स्थलों का जायजा लेते हुए विद्युत व्यवस्थाए सीसीटीवी कैमरा की जांच अवश्य कर लें। उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर को मतदान होना है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक,अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ,चारों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर व सहित संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप कार्यक्रम



**सरायपाली**, 13 नवंबर (देशबंधु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर महासमुन्द प्रभात मलिक के आदेशानुसार, रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) ओंकारेश्वर सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में विधानसभा सरायपाली के मतदाताओं को जागरूक करने च्स्वीपज्ज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दीप पर्व के अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सरायपाली में 1001 दीया जलाकर शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें च्एसी -39, सौ प्रतिशत मतदानज्ज के शब्दों को दीपक जलाकर उभारा गया। इस आयोजन में कार्यालय बीईओ के परिसर को रंगोली और दीयों से सजाया गया। सरायपाली बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी के नेतृत्व एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में संदेश युक्त स्ट्रक्चर का निर्माण शैलेन्द्र कुमार नायक,व्याख्याता केना एवं सहयोगी संकुल समन्वयक गण लालभूषण पाढ़ी, ऋषि प्रधान, किशोर पटेल, भोलानाथ नायक, सुशील चौधरी, राजेश पटेल, सचिव स्काउट विभाग हेमंत चौधरी, धर्मेन्द्रनाथ राणा, अजय आर्य, चक्रधर डड़सेना, दयानंद चौधरी, रोवर लीडर सुरेन्द्र प्रधान, रोवर्स आयुष, दिनेश, रेंजर लीडर फैमिदा तबस्सुम, रेंजर्स तोषी साहू, प्राची यादव, यामिनी साहू, तानिया साहू, चेतना यादव ने किया। कार्यालय के कर्मचारी गण जवाहर लहरे एवं सत्यनारायण शर्मा की सक्रिय सहभागिता रही ।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी योगेश साहू, दुर्वादल दीप ने दिया।

# डाक मत पत्र के लिए सुविधा केंद्र स्थापित

**महासमुंद,**13 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं के डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए दिए गए निर्देश के परिपालन में जिला महासमुंद अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली ,विधानसभा क्षेत्र 40 बसना, 41 खल्लारी एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। ऐसे सभी अधिकारी कर्मचारी जो सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के मतदाता है तथा जिन्होंने डाक मत पत्र के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को विधिवत्त फॉर्म 12 भरकर प्रेषित किया है वे सुविधा केंद्र में मतदान कर सकेंगे। चारों विधानसभा में स्थापित सुविधा केंद्रो में मतदान के लिए 14 नवंबर से 16 नवंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान का समय सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा ।सरायपाली विधानसभा अंतर्गत सुविधा केंद्र कार्यालय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सरायपाली, तहसील कार्यालय सरायपाली व कक्ष क्रमांक 5 मीटिंग हॉल को सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यालय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बसना, तहसीलदार कार्यालय बसना, मीटिंग हॉल, खल्लारी विधानसभा अंतर्गत कार्यालय सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बागबाहरा, तहसील कार्यालय बागबाहरा, कक्ष क्रमांक 1 तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंदए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय महासमुंद व कक्ष क्रमांक 9 को सुविधा केंद्र बनाया गया है। कलेक्ट्रेट में भी सुविधा केंद स्थापित,अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी और अधिकारियों के लिए 14 एवं 15 नवम्बर को कर सकते है मतदान इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2023 में ड्यूटी पर तैनात सेक्टर ऑफिसरए माइक्रो आब्जर्वर, ड्राइवर, हेल्पर, क्लीनर, कंट्रोल रूम ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी, वीडियोग्राफर अत्यावश्यक सेवा के अधिकारी कर्मचारी एवं महासमुंद जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के मतदाता जो अन्य जिलों में पदस्थ हैए अन्य जिले के मतदाता जो महासमुंद जिले में पदस्थ है एवं ड्यूटी पर है तथा अन्य श्रेणी के अधिकारी कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मतदान दिवस पर है जिन्होंने डाक मत पत्र हेतु संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को विधिवत फॉर्म भर भरकर प्रेषित किया है वे 14 नवंबर एवं 15 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर महासमुंद कक्ष क्रमांक 20 में मतदान कर सकेंगे।

**चारों विस में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में सुविधा केंद्र 14 से 16 तक कर सकते है डाक मत पत्र से मतदान**

# राजिम भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में प्रात: 11 बजे आ रहे हैं असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा शर्मा

## सर्कस मेला मैदान राजिम में होगी विशाल जनसभा



**राजिम,** 13 सितंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए केंद्र के दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के प्रचार मे तीन दिन शेष है । प्रत्याशियों का धुंआधार प्रचार जारी है, उनके समर्थन मे असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा मंगलवार 14 नवंबर को राजिम मे सुबह 11 बजे सर्कस मैदान पर आमसभा मे सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी मे पार्टी के कार्यकर्ता लगे हुए है ।उक्त जानकारी राजिम भाजपा गरियाबंद जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने दी ।उन्होने बताया उक्त अवसर पर सासंद चुन्नीलाल साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा , नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जीतेन्द्र सोनकर एवम जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू सहित भाजपा पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित अनेको लोग उपस्थित रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### दीपावली पर्व में गौरा-गौरी उत्सव मनाया गया विसर्जन आज



**लवन,** 13 नवंबर। लवन नगर सहित अंचल के ग्रामों में दीप का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया किंतु चुनाव के चलते गत वर्ष की भांति उत्साह फीका रहा नगर में गौरा गौरी उत्सव का कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति कम स्थान में मनाया गया गौरा गौरी विसर्जन का कार्यक्रम 14 नवंबर को होगा।

### विस प्रत्याशियों को अपराधिक रिकार्ड का तीसरा प्रकाशन कल तक करना होगा

**बिलाईगढ़,** 13 नवंबर (देशबंधु)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों से अपेक्षा किया है कि पूर्ववर्ती अपराधिक प्रकरण की जानकारी सर्वसाधारण (आमजनों) की जानकारी के लिए अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाए। आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र, जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएव्हीपी या ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन संस्था के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार या उससे अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में वितरण हो तथा इसी प्रकार ऐसे स्थानीय (लोकल) समाचार पत्रों की डीएव्हीपी या ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन संस्था के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार वितरण हो, में प्रकाशन की कार्यवाही किया जाना है। निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों द्वारा उनके तृतीय प्रकाशन 11 नवंबर से प्रचार समाप्ति तक (मतदान दिवस 17 नवंबर से दो दिवस पूर्व दिनांक 15 नवंबर तक) 2023 किया जाना है।

# महिला ने लगाई फांसी

**खैरागढ़,** 13 नवंबर। नगर के वार्ड क्र.19 नया टिकरापारा खैरागढ़ की रहने वाली 40 वर्षीय महिला राजकुमारी पति संतोष यादव ने अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर अपनी आत्महत्या कर ली. वार्डवासियो से मिली जानकारी अनुसार रात्रि में खाना खाने के बाद पूरे वार्डवासी गौरा गौरी बनाने में व्यस्त थे. मृतिका खुद भी गौरा गौरी बनाने में सहयोग कर रही थी, रात्रि में वार्डवासी तकरीबन 2 बजे तक जग रहे थे. मृतिका का पुत्र सुबह लगभग 5 बजे अचनाक उठा तो देखा कि कमरे में उसकी मां राजकुमारी फांसी पर लटकी हुई थी. मिली जानकारी अनुसार मृत महिला रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण किया करती थी. राजकुमारी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण राजकुमारी फांसी पर झूल गई. घटना की जानकारी वार्डवासियो को मिलते ही बात आग की तरह फैल गई. परिवार के सदस्यों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई. मृतिका का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के द्वारा परिवार की मौजूदगी में किया गया. देर शाम तक मृतिका राजकुमारी यादव का अंतिम संस्कार टिकरापारा में किया गया.

# संतराबाड़ी स्थित जयहिंद स्पोर्टस शाप में आग लगने से भारी नुकसान



**दुर्ग,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। संतराबाड़ी में गत रात्रि जय हिंद स्पोर्टस की तीन मंजिला भवन में भीषण आग लग जाने से लाखों रू. का नुकसान हो गया। भवन की तीनों मंजिलों में स्पोर्टस सामग्रियां रखी थी जो जलकर पूरी तरह राख हो गई। फायर ब्रिगेड की सहायता से लगभग 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया पर वहां पर रखे सामानों को बचाया नहीं जा सका। मोहन नगर पुलिस द्वारा दूकान के संचालक से पूछताछ की जा रही है । आग लगने का कारण अज्ञात है। मध्य रात्रि उक्त जयहिंद स्पोर्टस के तीन मंजिला भवन में धुंआ उठते देख आसपास के लोगों ने मोहन नगर थाने व स्पोर्टस शाप के मालिक को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। मौके पर तीन फायर ब्रिगेड पहुंची व फायर बिग्रेड ने 9 फेरे लगाकर आग पर नियंत्रण पाया।

इधर आज सुबह आगजनी की खबर सुनते ही आसपास के लोग इकट्ठे हो गये। आग लगने को लेकर तरह तरह से अनुमान लगाये जाने लगे। दूसरी तरफ आग बुझने के बाद जब पुलिस व फायर बिग्रेड के लोगों ने दूकान का सामान बाहर निकाला तो खेल सामग्रियां देखकर बच्चें उन सामाग्रियों को लेकर अपने अपने जाने लगे।

# विद्या देवी गौशाला में गोवर्धन पूजा अन्नकूट महापर्व का आयोजन



**बागबाहरा,** 13 नवंबर ( देशबंधु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्या देवी गौशाला में गोवर्धन पूजा एवम अन्नकूट महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। सर्व प्रथम गौ माता का विधि विधान से पूजन किया गया ।सोहाई बांधा गया। प्रतीकात्मक रूप से गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर हरियाली स्वरूप प्रतीकात्मक पौधे रोपित किए गए ।इसके पश्चात गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई ।आगंतुक समस्त गौ भक्तो को खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया संध्या तक लगभग 550 लोगों को महाप्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर रावत नाचा एवम सुआ नृत्य का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्रामों में शत प्रतिशत मतदान हेतु जन जागरूकता करते हुए महासमुंद जिले के स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही भी पहुंचे। भीखापाली, तेंदुकोना, शिकारीपाली , बोईरलामी, कुम्हारिमुडा, से आए बड़ी संख्या में लोगों को संबोधित करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया। अन्नकूट महापर्व में विशेष रूप से संस्था के अध्यक्ष गणेश अग्रवाल , श्रीमती रेखा अग्रवाल गौ शाला हेतु भूमि दानदाता हरद्वारीलाल अग्रवाल ,संरक्षक एवम प्रेरणास्त्रोत पंडित भागीरथी दुबे, मनीष अग्रवाल ,अनिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल ,श्रीमती आरती अग्रवाल , मक्खन लाल अग्रवाल, हीरो हीरालाल अग्रवाल , तेजन साहू ,विजय अग्रवाल ,अमित अग्रवाल ,अमर साहू ,प्रिंस अग्रवाल ,प्रियंका अग्रवाल ,निर्मला अग्रवाल , राकेश अग्रवाल , निरंजन पटेल ,लालसाय साहू , तोरण दास बैरागी साहू बैरागी सपरिवार ,देवदास बैरागी सहित अन्य लोगों की सहभागिता रही।

# कांग्रेस पार्टी महिलाओं युवाओं गरीब मजदूरों किसानों की सरकार

**सरायपाली** 13 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग. के पूर्व अध्यक्ष एवं सहकारिता मंत्री मोहन मरकाम आज सरायपाली विधानसभा के ग्राम भोथल डीह पहुँचे कांग्रेस की योजनाओं को बताते हुए प्रत्याशी श्रीमती चातुरी नंद को जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सर्व आदिवासी समाज व यादव समाज की बैठक लेते हुए भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं और चुनाव में जनता के लिए किये गए वादों को बताया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्री मरकाम ने कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा महिलाओं, आमजनों, युवाओं की हितैषी रही है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कलम दवात की पूजा होगी, बहनें...

यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा। तब बहन यमुना ने भाई से कहा कि आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आया करेंगे तथा इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन खिलाए उसे आपका भय न रहे। यमराज च्तथास्तुज्ज कहकर यमपुरी चले गए।

### कबाड़ी दुकान में आग...

इस आगजनी में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन कबाड़ दुकान के मालिक को लगभग 4 से 5 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**कबाड़ दुकानों पर खुलेआम नियमों का उल्लंघन**

गौरतलब है कि इस घटना के बाद भी शहर के आसपास मौजूद कबाड़ की दुकानों के मालिकों ने किसी तरह का कोई सबक नहीं लिया है। पूरे शहर में कहीं भी कबाड़ की दुकान में आग लगने से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। वहीं प्रशासन भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# जुआ खेलने वाले अलग-अलग प्रकरण में 9 आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 13 नवंबर (देशबंधु)। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए है जिस पर अमल करते हुए आज दिनांक 11.11.2023 को थाना प्रभारी भटगांव मय शासकीय वाहन छ्त्त 03, 0226 में हमराह स्टाफ के टाऊन देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था। जरिये मुखबीर सूचना मिला की ग्राम जमगहन सुरेश सोनवानी के घर के पीछे कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग निकले, मौके पर जुआडियान ताश 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया, आरोपियों का नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम सुरेन्द्र कुमार कुर्रे पिता घसिया कुर्रे उम्र 33 वर्ष, सुनील कुमार बंजारे पिता सीताराम उम्र 33 वर्ष, सुरेश सोनवानी पिता उरबीदा सोनवानी उम्र 35 वर्ष , संजय साहू पिता सोनसाय साहू उम्र 46 वर्ष, अमर पंकज पिता नकुल प्रसाद उम्र 27 वर्ष, अजय कुर्रे पिता मनोहर कुर्रे उम्र 19 साल साकिनान जमगहन थाना भटगांव जिला सारंगढ-बिलाईगढ का रहने वाला बताया जिसके फड एवं पास से जुमला रकम 5450/- रूपये नगदी एवं 52 पत्ती ताश को आरोपियो के कब्जे से समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा टाऊन देहात पेट्रोलिंग दौरान, जरिये मुखबीर सूचना मिला की ग्राम सलौनीकला बडे तालाब पार आम जगह पर कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हार जीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग निकले, मौके पर जुआडियान ताश 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया, आरोपियों का नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम कृष्ण कुमार चन्द्रा पिता भरत लाल चन्द्रा उम्र 30 साल, अरूण चन्द्रा पिता महादेव चन्द्रा उम्र 35 साल,3. रामदिन चन्द्रा पिता कोंदा चन्द्रा उम्र 47 साल साकिनान सलौनीकला थाना भटगांव जिला सारंगढ- बिलाईगढ रहने वाला बताया जिसके फड एवं पास जुमला रकम 2210/- रूपये नगदी एवं 52 पत्ती ताश एवं तीन नग मोमबत्ती, एम प्लास्टिक बोरी को आरोपियो के कब्जे से समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) का अपराध सदर घटित करना पाये जाने से आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने एवं समक्ष जमानतदार पेश करने पर मौके पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि अमृत भार्गव थाना प्रभारी भटगांव एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



**नौ जुआड़ियानों से 7660/- रुपए जप्त किया गया**

# मतदान दलों को 16 को प्रदान किया जाएगा मतदान सामग्री

**बालोद,** 13 नवम्बर। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले में 16 नवम्बर 2023 को मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर समस्त मतदान कर्मी (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, मतदान अधिकारी क्रमांक-02, मतदान अधिकारी क्रमांक-03 एवं रिजर्व दल) को मतदान सामग्री प्राप्त करने हेतु 16 नवम्बर 2023 को प्रात: 06 बजे लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी एवं धारा 28 एवं लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## मतदान दिवस 17 के तैयारियों के संबंध में आज आवश्यक बैठक

**बालोद,** 13 नवम्बर। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान दिवस 17 नवंबर के तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# माईं दंतेश्वरी के मंदिर में प्रज्वलित हुआ पहला दीया



**दंतेवाड़ा**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। दीपों का त्यौहार दीपावली दंतेवाड़ा जिले में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हमेशा की तरह इस बार भी दीवाली का पहला दीया माईं दंतेश्वरी के मंदिर में भक्तों ने प्रज्वलित किया। इसके बाद अपने-अपने घरों में पूजा-अर्चना की। देर रात तक आतिशबाजी जारी रही। पूरी रोशनी से शहर जगमगा रहा था। माईं दंतेश्वरी दंतेवाड़ा के रहवासियों की आराध्य देवी है। हर तीज त्यौहार पर लोग माईं दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर शुरूआत करते हैं। दीवाली में भी पहला दीया दंतेश्वरी मंदिर में प्रज्वलित करने की एक परम्परा सी बन गयी है। शाम ढलते ही लोग मंदिर पहुंचे और माईं दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। दीयों की लंबी कतार से दीपावली की सार्थकता सिद्ध हो गई। दीवाली पर लोगों ने घरों में माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा-अर्चना की, फिर आतिशबाजी कर त्यौहार मनाया। शहर के प्रमुख सुरभि कालोनी में काफी देर तक लोग आतिशबाजी कर एक-दूसरे को दीप पर्व की बधाई देते रहे। इसके अलावा बस स्टैण्ड में उत्साह नजर आया। दीपावली के दूसरे दिन अन्न कूट गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है, लेकिन इस बार मंगलवार को मनाया जाएगा, फिर बुधवार को भाई दूज का पर्व होगा। इस पर्व की शुरूआत धनतेरस से हो जाती है और भाई दूज पर समापन होता है।

- दीवाली पर आतिशबाजी व रोशनी की रही धूम
- मां लक्ष्मी व श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ भक्ति पूर्ण माहौल

# कसडोल के निर्दलीय प्रत्याशी गोरेलाल साहू को मिलने लगा है जनसमर्थन

**कसडोल/बलौदाबाजार**, 13 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे गोरेलाल साहू ने कांग्रेस के झंडा को छोड़ कर साहू समाज के पीला रंग के ध्वज को अपना कर चुनाव मैदान में हैं। जिससे साहू समाज की सहानुभूति गोरेलाल साहू को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र में एक ओर कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू को बाहरी होने के चलते लोगों का जनसमर्थन कम मिलते दिखाई दे रहा है। वहीं भाजपा के प्रत्याशी धनीराम धीवर स्थानीय तो है लेकिन यहां भाजपा चुनाव संचालन के अव्यवस्था के चलते कार्यकर्ताओं में भी मन मोटाव एवं गुटबाजी सामने नजर आ रहा है। जिसके चलते कसडोल में दो अलग अलग चुनाव कार्यालय संचालित हो रहा है।



ज्ञात हो प्रत्याशी घोषित होने के पूर्व कसडोल में साहू समाज की बैठक हुई थी जिसमे समाज के लोगो ने साहू समाज को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग राष्ट्रीय पार्टियों से किया गया था। जिसमे निर्णय लिया गया था जिस किसी पार्टी ने समाज के स्थानीय व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया तो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उसे चुनाव जिताना है। प्रमुख दोनो राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस ने साहू समाज की उपेक्षा करते हुए समाज के स्थानीय व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित नही किया। जिससे नाराज होकर कांग्रेस समर्थित गोरेलाल साहू निर्दलीय चुनाव लड़ रहा है। राष्ट्रीय पार्टी भाजपा ने साहू समाज की उपेक्षा की है। वही कांग्रेस पार्टी ने कसडोल विधानसभा क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति संदीप साहू को टिकट दिया है। जिसे पैराशूट प्रत्याशी कहा जा रहा है। इसलिए गोरेलाल साहू ने कांग्रेस की झंडा को छोड़ कर साहू समाज के झंडा पीला रंग को अपना प्रतीक ध्वज मानकर चुनाव मैदान में उतारा है। जिसे साहू समाज की भरी सहानुभूति मिल रहा है।

इसी क्रम में समाज के लोगो का कहना की कसडोल में साहू समाज की आराध्य देवी संत माता कर्मा चौक में मूर्ति स्थापित किया गया जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष एवम के कांग्रेस पार्टी के स्थानीय विधायक को आमंत्रित किया गया तो। भाजपा के पूर्व विधायक गौरीशंकर अग्रवाल जिनके द्वारा सामाजिक भवन एवम कर्मा माता चौक के लिए धन राशि दिया गया है उसे कार्यक्रम अध्यक्ष बनाने पर आपत्ति जताई इसलिए गौरीशंकर अग्रवाल और विधायक सकुंतला साहू दोनो को कार्यक्रम में नही बुला कर स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मूर्ति स्थापना किया गया। आज वही लोग कांग्रेस पार्टी को वोट देने को कह रहे है। जिसे साहू समाज ने भुला नही है। अत: गोरेलाल साहू को स्थानीय होने का भी फायदा मिल रहा है क्योंकि साहू समाज की झड़ा के रंग पीला रंग को अपने झंडा के लिए चयन कर साहू होने का प्रमाण दे रहा है।

# बस्तर थान क्षेत्र में 19 जुआरी पकड़े गए



**जगदलपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर थाना प्रभारी बस्तर विकेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु अलग-अलग टीम गठित किया गया। जिनके द्वारा दर्शित स्थलों में टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही दौरान मौके पर 19 जुआरी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये जिनसे कुल 8070/- रुपए व ताश के पत्ते बरामद किया गया। उक्त 19 आरोपियों के विरूद्ध धारा 3 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर, गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

# प्रेक्षक भीमनवार ने किया कई मतदान केंद्रों का अवलोकन



**महासमुंद**, 13 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने आज खल्लारी विधानसभा अंतर्गत पोलिंग बूथ नर्राए खट्टी, टेमरी, घुंचापाली मतदान केन्द्र का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने अंतरजिला चेक पोस्ट का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक भीमनवार ने दीपावली के अवसर पर गांव.गांव में चल रहे सुवा नृत्य का अवलोकन किया। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहन देते हुए छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति की सराहना भी की। इस दौरान खल्लारी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सृष्टि चंद्राकर सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद थे।

# गौरी-गौरा पूजा में उमड़े भक्त

## विसर्जन में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



**दंतेवाड़ा**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली के दूसरे दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की आराधना का पर्व गौरा-गौरी पूजा धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी समाज के साथ ही अन्य वर्ग के लोग भी इसमें शामिल होते हैं। दीवाली की रात मिट्टी से भगवान शिव और पार्वती की मूर्ति बनायी गई। विधि विधान से स्थापना के बाद पूजा-अर्चना की गई और आज कलश के साथ परिक्रमा करते हुए विसर्जन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग भगवान गौरी-गौरा की पूजा के लिए उमड़ पड़े।

# मुख्य मार्ग, सदर बाजार व राजिम पुल पर बीच-बीच में घंटों सड़के जाम रही

**नवापारा-राजिम**, 13 नवम्बर (देशबंधु)। मुख्य मार्ग, सदर बाजार एवं राजिम पुल पर बीच बीच मे घंटों सड़के जाम रही। जाम से आम लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़। स्थिति यह होगई थी कि सड़क पर पैदल चलने में भी परेशानी हो रही थी। जाम के कारण एम्बुलेंस को भी जगह नहीं मिल पा रही थी। नवापारा-राजिम मुख्य मार्ग महानदी पुल इंदिरा मार्केट पर गाड़ियों की लंबी कतारे लग गई है। दीपावली के पर्व पर शहर सहित आस पास के गांवों से लोग खरीदारी करने पहुच रहे थे। जिससे नगर के गंज रोड, सदर रोड सहित मुख्य मार्ग पर काफी भीड़ बढ़ गई थी। महानदी पुल चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई थी। मुख्य मार्ग पर दुकान होने से लोग खरीददारी करने के लिए भी गाड़ियां खड़ी कर देते है। ऐसे मे रोड सकरी हो जाती है। त्योहार के दिन ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त रहने से नगर आने वाले लोग काफी परेशान रहे। बड़े वाहन तो दूर साइकिल का भी चलना मुश्किल रहा। सैंकड़ों वाहनों की 2 किमी लंबी कतार लग गई थी। महानदी पुल के इस छोर से राजिम के दूसरे छोर तक जाम की स्थिति बनी हुई थी। जाम लगने की सूचना मिलने पर नवापारा पुलिस पहुच कर यातायात बहाल करने के प्रयास में लगी रही।



# शहीद जवानों के परिजनों के साथ मनाई दीवाली

## एसपी के निर्देश पर पटाखे व मिठाई भेंट किए



**दंतेवाड़ा**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिए अफसरों ने इस बार शहीद जवानों के परिवार के साथ दीवाली मनायी। एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा, शहीद हुये जवानों के परिवारों से उनके घर जाकर भेंट की गई। उन्हें दीपावली के अवसर में दिवाली की बधाई देकर मिठाई एवं पटाखे भेट किये गए। इस दौरान शहीद परिवार के सदस्यों से उनका कुशलक्षेम पूछकर उनकी समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई।

# सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**बिलाईगढ़** 13 नवंबर (देशबंधु)। बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदान केन्द्र पचपेड़ी, गोपालपुर, दुरूमगढ़, बिलासपुर, गाताडीह, मुड़पार, धौराभांठा आदि का अवलोकन किया। श्री पवन कुमार ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से मतदान केन्द्रों के संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने बीएलओ को निर्वाचन नियमावली के तहत अपना मतदान डयूटी को पूरा करने के निर्देश दिए।



# गांव-गांव में मनाया गया गौरा गौरी त्योहार

**राजिम**, 13 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर से लगे ग्राम चौबेबांधा में रविवार को लक्ष्मी पूजन के साथ गौरा गौरी की मूर्ति बनाने का क्रम शुरू हुआ और रात 12 बजे के बाद तैयार कर लिया गया। पश्चात घरों घर तेल मांगने की परंपरा का निर्वाहन किया गया। इधर कुंवारी बालिकाएं कलश सजा कर सीधे गौरा चौंक में उपस्थित हुई। गौरा गौरी की जयकारा किया गया। पूजन अर्चना हुई तथा बारात निकाली गई। पूरे गांव का भ्रमण करते हुए प्रात: 4 बजे वापस गौरा गौरी चौक में पहुंची। रास्ते भर सांकड़ लेते रहे। एक श्रद्धालु ने लगातार 10 मिनट तक अपने दोनों हाथ को पिटवाते रहे। इसके बाद गौरा गौरी के आसान पर जल रहे दीपक के तेल को अपने कलाई पर लगाया और वह शांत हो गया। 22 साल की इस युवक से पूछा गया कि तुम्हें दर्द हुआ कि नहीं। तब उन्होंने बताया कि दर्द तो हुआ लेकिन गौरी गौरा का नाम मन ही मन करता रहा। नतीजा दर्द में जो पीड़ा होनी चाहिए वह नहीं हुई और फिर तेल लगाते ही सब शांत हो गया। इसी तरह से अनेक उदाहरण देखने को मिला। वापस गौरा चौंक के पास पहुंचे और सात बार परिक्रमा किया गया। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह संस्कार को भली भांति संपन्न किया गया। सोमवार को भी सोमवती अमावस्या होने के कारण प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार की सुबह शीतला तालाब में विसर्जित किया जाएगा।



इस अवसर पर छोटी बच्चियों से लेकर किशोर उम्र की बालिकाएं मिट्टी के कलश को शानदार सजाया गया था इसमें धान की बाली लगाकर आकर्षक लुक दिया गया था। नांदी में दीप प्रचलित किया गया जिनकी रोशनी से पूरा गांव जगमगा गांव उठा। पहली बार कलश अपने सिर पर रखने का सौभाग्य प्राप्त करने वाली बालिकाओं में गजब का उत्साह देखा गया। गूंजेश्वरी, वाणी, डिंपल इसी तरह से अंचल के सभी गांव में दीपावली त्यौहार की मौके पर गौरी गौरा का पूजा दर्शन किया गया बताया गया कि कुछ जगह सोमवार को ही विसर्जन कर दिया गया था लेकिन अधिकांश गांवों व शहर में मंगलवार को सुबह ही गौरी गौरा की प्रतिमा को सरोवर, नदी, तालाब में विसर्जित कर दिया जाएगा। मंगलवार को ही गौ माता को खिचड़ी खिलाया जाएगा तथा माखन ढुलाने तथा गोवर्धन पूजा होगी। बुधवार को मातर एवं भाई दूज का पर्व मनाया जायेगा.

- तेल मांगने की परंपरा का किया गया निर्वहन
- मंगलवार की प्रात: होगी विसर्जित

# माधव सेवा समिति ने दीपावली के अवसर पर सम्मानित करते हुए पत्रकारों को दिया उपहार

**बचेली**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। 13 नवंबर को बचेली नगर मे माधव सेवा समिति द्वारा सभी पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाओं सहित छोटा सा उपहार भेंट किया गया। समति के सदस्यों ने सभी पत्रकारों के निवास में जाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी साथ ही दीपावली पर्व पर मंगलकामना करते हुए उपहार स्वरूप मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। आपको बता दे की माधव सेवा समिति द्वारा नारद जयंती पर भी पत्रकारों को सम्मानित किया गया था। इस आत्मीयता से दीपावली की शुभकामनाओं को लेकर जिला सचिव जितेंद्र चौधरी ने माधव सेवा समिति का आभार प्रकट किया एवं समिति के सदस्यों एवं उनके परिवार जनों को भी दीपावली एवं गोवर्धन पर्वत पूजा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समिति की ओर से संजय कुमार मंडल, प्रकाश शर्मा, अनीश कुमार, आर वेंकट रमन्ना, हरीश शर्मा मौजूद रहे।



# पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने रायपुर दक्षिण में संभाला मोर्चा

## सहयोगियों संग कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार में जुटे



**जगदलपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पार्टी पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने रायपुर दक्षिण सीट पर प्रचार की कमान संभाल ली है। इस सीट पर कांग्रेस ने प्रसिद्ध दुधाधारी मठ के महंत, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान विधायक महंत रामसुंदर दास को प्रत्याशी बनाया है। श्री जैन ने दोपहर बाद रायपुर पहुंचकर प्रचार की कमान संभाल ली। श्री जैन के साथ प्रचार करने के दौरान समाज सेवी निर्मल लोढ़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमजीत सिंह जसवाल, यशपाल ठाकुर, वरिष्ठ एमआइसी सदस्य यशवर्धन राव, राजेश राय, सूर्या पाणि, गौरनाथ नाग, संतोष सिंह, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# अमावस्या पर अर्धरात्रि महानिशिथकाल में काली मंदिर में की गई पूजा

**नवापारा राजिम**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। कार्तिक मास की अमावस्या मे दीपावली पर अर्ध रात्रि में महानिशीथकाल में नवापारा नगर के बस स्टैंड स्थित काली मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा में शामिल होने नगर के कई भक्तजन पहुंचे। माँ काली मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि पिछले 21 वर्षों से इस पूजन का आयोजन किया जा रहा है।



पंडित पदुम महाराज ने बताया कि इस वर्ष अमावस्या तिथि 12 नवंबर को दोपहर 2.43 बजे से प्रारंभ हुआ और अगले दिन 13 नवंबर को दोपहर 12.56 तक रहेगी। इस दौरान कार्तिक अमावस्या 12 नवंबर की मध्यरात्रि में मां काली का आह्वान एवं विशेष पूजा की जा रही है। ऐसी मान्यता है कि अमावस्या की काली रात में माता काली पृथ्वी का विचरण करने निकलती है और उनकी आराधना में लीन भक्तों की मनोकामना पूरी करती है। महानिशीथकाल में पूजा करने से घर परिवार में समृद्धि का वास होता है।

**108 दीपकों से पूजन**

अर्ध रात्रि में माता काली को बलि देने की रस्म निभाई गई लेकिन यहां पशु बलि नहीं दी जाती। बल्कि रखिया (सफेद कद्दू ) से इस प्रथा को निभाया गया। रात्रि पूजन के बाद मंदिर परिसर में 108 दीपक जलाकर मां काली को दीपदान किया गया। 4 घंटे चले इस पूजन के पश्चात अंत में यज्ञ हवन कर पूजा संपन्न की गई। पं. पदुम महाराज द्वारा यह पूरा पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। पूजा मे मेघनाथ साहू, मोहन पाटकर, डॉ मोहन सोनकर, शिवराज देवांगन, धीरज साहू, विष्णू चांदवानी, दिलीप यादव, अनमोल चांदवानी, मन्नू तारक, प्रकाश मेश्राम, सुशील निषाद, उत्तम देवांगन, श्रीकान्त साहू सहित अन्य भक्तगण सम्मिलित हुए। इस बार अमावस्या तिथि 2 दिन पढ़ने से किसी मंदिर में संपूर्ण रात्रि में पड़ी अमावस्या मे पूजा हुई तो किसी में अगले दिन (आज )अमावस्या पूजा की जाएगी।

# जुआ खेलते 4 मामले में 20 आरोपियों को पकड़ा गया

## आरोपियों के कब्जे से 11,000/- रूपये जप्त किया



**जगदलपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना नगरनार क्षेत्रांतर्गत अलग अलग 4 प्रकरण में कुछ व्यक्तियों द्वारा जुआ खेलने की सुचना पर मुखबीर के बताये स्थान पर जुआ खेलते हुये जुआरियों को पकड़े जिनके पास से कुल 11,000/- रू. तास के 52 पत्ते को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध पृथक पृथक अपराध धारा छ0ग0 जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

संपादकीय

## क्या मोदी और रमन के छत्तीसगढ़ अलग हैं?

*जैसे-जैसे छत्तीसगढ़ में मतदान का दूसरा चरण नज़दीक आ रहा है, प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के नेताओं के यहां आगमन और स्थानीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे चुनाव प्रचार से सरगर्मी बढ़ती जा रही है। एक दूसरे को नीचा दिखाने के चक्कर में कुछ ऐसी भी बातें हो रही हैं जिससे मतदाता तो भ्रमित हो ही रहे हैं, स्वयं सम्बन्धित दलों के कार्यकर्ताओं व समर्थकों को भी सोचना पड़ रहा है कि वास्तविकता क्या है। पिछले सप्ताह छ्ग के चुनावी दौरे पर आये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक ने कुछ ऐसा ही बयान दिया है।*

*राजनाथ सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन क्षेत्र पाटन के अलावा सरगुजा क्षेत्र के कुछ विधानसभा क्षेत्रों पर प्रचार किया। उनका यह कहना अजीबोगरीब कहा जा सकता है कि 'नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री का पद सम्भालने के कुछ ही समय के बाद कांग्रेस की सरकार आ जाने से छत्तीसगढ़ मोदी के सपने के अनुरूप नहीं बन पाया। अगर मोदी के सपने को पूरा करना है तो यहां से कांग्रेस की सरकार को हटाना होगा और भाजपा की सरकार बनानी होगी।' विसंगति यह है कि मोदी के वर्ष 2 1 4 के मध्य में आने के बाद से लगभग साढ़े चार साल तक तो डॉ. रमन सिंह की ही सरकार थी जो वे 2 3 से सम्भालते आ रहे थे। उन्होंने तीन कार्यकाल पूरे किये जिस दौरान हुए काम क्या वैसे नहीं थे जो मोदी के स्वप्न के अनुरूप हों? फिर, मोदी के आने के बाद लगभग एक कार्यकाल तो रमन सिंह ने पूरा किया ही है। क्या रमन सिंह और मोदी की विकास की धारा अलग-अलग थी, यह सवाल भी उठ रहा है।*

*महादेव एप को लेकर भी बहुत शोर है और आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं। इसी साल हुए कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से भाजपा ने बजरंग बली को बजरंग दल से जोड़ा था, कुछ इसी तरह से महादेव को जुआ-सट्टा वाले एप से जोड़ा गया था। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं है। मामले में अगर कुछ संदिग्ध है तो मामले की गुण-दोषों के आधार पर आलोचना होनी चाहिये। इस आपराधिक मामले को धार्मिक रंग देना आचार संहिता का उल्लंघन तो है ही, अनैतिक भी है जो अनेक जिम्मेदार पद सम्भाल चुके और अत्यंत वरिष्ठ राजनेता को शोभा नहीं देता। अगर वे इसमें बघेल या किसी कांग्रेसी नेताओं की संलिप्तता मानते हैं तो उन्हें इसके प्रमाण देने चाहिये। साथ ही, यह भी बतलाना चाहिये कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से इस एप को प्रतिबंधित करने की मांग की केन्द्र सरकार ने क्यों उपेक्षा की। अब मामला गरमाने के बाद केन्द्र ने यह कदम उठाया है। शीर्ष नेताओं को ज्यादा जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार करना चाहिए।*

उल्टा पुल्टा

**पति (पत्नी से) :** जब मैं सूट पहनकर सब्जी लेने जाता हूं, तो दुकानदार मुझे सब्जी महंगी देता है। जब मैं मैला कुर्ता-पाजामा पहनकर जाता हूं तो सब्जी सस्ती मिलती है।

**पत्नी:** तब तो तुम हाथ में कटोरा लेकर जाया करो सब्जी मुफ्त में मिल जाया करेगी!!!

# कांग्रेस की फिर बन रही सरकार : सैलजा

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो गया कि राज्य में तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन रही है। पहले चरण की सभी 20 सीटें कांग्रेस जीतेगी। राजनांदगांव में डॉ. रमन सिंह भी चुनाव हार रहे है। दूसरे चरण के मतदान के बाद हम अपने 75 सीटो के लक्ष्य को जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम पूरे चुनाव को सकारात्मक तरीके से लड़े। हमारा प्रयास था कि हम अपने कामों के आधार पर जनता से वोट मांगे। हमारी सरकार ने पिछले पांच सालों में जो काम किया था हमारे वोट मांगने का वही बड़ा आधार था।



राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजा के दिन कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं के लिये च्छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजनाज्ज लांच करने का निर्णय लिया। हमारी सरकार बनने के बाद कांग्रेस प्रत्येक महिला को 15000 रू. प्रति वर्ष देगी।

हम महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी बनाना चाहते है हम महिलाओं के परिवार को समर्थ स्वस्थ और शिक्षित भी बनाना चाहते है। हमारे घोषणा पत्र में इसका उल्लेख है। हम उनको सक्षम बनाने के लिये गृह लक्ष्मी योजना के साथ उनके खर्च में कटौती के लिये महतारी न्याय योजना में सस्ती गैस देंगे। उनके परिवारों को 10 लाख तक इलाज और उनके बच्चों के शिक्षा की व्यवस्था भी कांग्रेस की सरकार करेगी। हम महिला स्व सहायता समूह का कर्ज माफ कर महिलाओं को समर्थ बनायेंगे।

### मोदी की गारंटी पर भारी पड़ेगा भूपेश का भरोसा

कुमारी सैलजा ने कहा कि इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भरोसा भारी पड़ेगा। प्रधानमंत्री के पास बताने के लिये एक भी उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर वह जनता से वोट मांगने का साहस दिखा पाएं।

**भाजपा ने फार्म भरवा कर कूड़े में फेकवाना महिलाओं का अपमान**

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महिलाओं को अंधेरे में रखकर उनका मत हासिल करने के लिये फार्म भरवाने का षडयंत्र की निंदा करते है। भाजपा ने महिलाओं से फार्म भरवा कर उसे बेशर्मी पूर्वक कूडे कचरे में फेंक दिया। भाजपा का यह कृत्य महिलाओं के साथ असंवेदनशीलता है। उनकी भावनाओं से खेलना है साथ ही उनकी सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है।

महिलाओं का मोबाईल नंबर फार्म में भरवा रहे उसको कूड़े में फेक रहे कोई लफंगा या बदमाश किस्म का व्यक्ति उनके मोबाईल पर फोन कर तंग करेगा तो इसकी जिम्मेदारी भाजपा लेगी यह बेहद ही निदंनीय है। मोदी की गारंटी के नाम से भाजपाईयों ने माता बहनों से फार्म में उनकी निजी जानकारी मोबाईल नंबर, आधार कार्ड कुछ फार्म में उनका एकाउंट नंबर, घर का पता लेकर उसे सड़को और कचरे के ढेर में फेंक कर महिलाओं के निजता का हनन किया है उनके जीवन को मान सम्मान को खतरा में डाला है।

## कल आएंगे राहुल गांधी

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। 15 नवंबर को एआईसीसी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी छत्तीसगढ़ आएंगे।



बलौदा बाजार व बेमेतरा में आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दिल्ली लौट जाएंगे। इसके बाद एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दौरा भी संभावित है। इससे पहले प्रदेश में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए तमाम सारी पार्टियों के दिग्गज नेता लगातार जनता के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में वोट की अपील कर रहें है। जहां एक तरफ भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है।

## कांग्रेस प्रत्याशी रामसुन्दर दास को चुनाव आयोग से जारी हुआ नोटिस

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान प्रत्याशियों के निर्वाचन लेखा की जांच लगातार हों रही है।

व्यय प्रेक्षक लगातार प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रख रहें है। 6 नवम्बर की स्थिति में महंत रामसुन्दर दास प्रस्तुत घोषणा और लेखा व्यय के छाया प्रेक्षण पंजी में परिकलित व्यय में अंतर होने के कारण यह पत्र जारी किया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा शीघ्रता से निर्वाचन संबंधी सभी खर्चों का मिलान कराने का निर्देश प्रत्याशी को दिए है।

## भ्रष्टाचार कांग्रेस का प्रमुख एजेंडा : धर्मेंद्र प्रधान

### केंद्रीय मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के पक्ष में किया प्रचार

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। प्रचार अभियान के क्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने सोमवार शाम डब्लूआरएस कॉलोनी में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सुना। केंद्रीय मंत्री ने कहा- रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की जनता इस बार कमल फूल पर मुहर लगाकर अपने प्रत्याशी सेवाभावी-मिलनसार पुरंदर मिश्रा को भारी मतों से विजयी बनाएगी क्योंकि तैयारी पूरी है, भाजपा जरूरी है। इस मौके पर सभा को रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने भी संबोधित किया।

स्वागत-अभिनंदन की औपचारिकताओं के बाद सभा अवसर पर हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला वर्ग के सम्मान को प्राथमिकता में रखकर काम किए जा रहे हैं। बीजेपी सरकार की जिम्मेदारी हमेशा महिला आधारित रचना रही है। हमारी सरकार बनने पर हम महतारी वंदन योजना के तहत 12 हजार रुपए बहनों के बैंक खाते में पहुंचेगा, कुल 42 हजार करोड़ रुपए महिलाओं के बैंक खाते में पहुंचाएंगे। इसके साथ ही जिन गरीब लाभार्थियों का नाम आवास योजनाओं में आया है, उन्हें घर भी दिलाएंगे। कार्यक्रम अवसर पर आमजनों के साथ ही भाजपा के विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारी-कार्यकर्ता और समर्थक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**लोगों का आक्रोश देखकर डरी हुई है कांग्रेस : प्रधान**

धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की विश्वसनीयता नहीं बची है। चुनाव अभियान में लोगों का आक्रोश देखकर कांग्रेस डरी हुई है इसलिए आनन-फानन में घोषणाएं कर रही है। कांग्रेस ने कहा शराबबंदी करेंगे पर आज शराब ऑनलाइन मिल रही है, महिला उत्पीडन के मामलों में छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा है, राज्य की करीब एक लाख महिलाओं के लापता होने की सूचना है। कांग्रेस ने राज्य में वृद्धा पेंशन को 1500 रुपए करने का वादा किया था वह नहीं किया, महिला समूह के कर्ज माफी की बात कही लेकिन उन्होंने वह भी नहीं किया। भ्रष्टाचार कांग्रेस का प्रमुख एजेंडा है।

**छत्तीसगढ़ में बनने जा रही है बीजेपी की सरकार**

धर्मेंद्र प्रधान ने छत्तीसगढ़ियावाद पर कहा कि छत्तीसगढ़िया भाषा को रमन सरकार ने राज्य भाषा की उपाधि दी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की योजना लाई गई ताकि यहां के नए पीढ़ी को मददगार हो जाएं। बीजेपी ने छत्तीसगसढ़ में अब तक हुए पांच चुनाव में से तीन चुनाव में सबके आशीर्वाद से सरकार बनाई है। इस बार भी छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनाएंगे।

**महिलाओं का विश्वास भाजपा पर**

सभा अवसर पर भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने कहा, इस बार महिलाएं खुलकर कमल छाप को वोट देने वाली हैं। भाजपा के घोषणा पत्र में मादी ने जो गारंटी दी हैं, उसमें हर महिला को सालाना 12000 रुपए, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, बेटी के जन्म में 1.50 लाख रुपए जमा कराने जैसे वायदों को महिलाओं का भारी जनसर्मथन मिल रहा है।

# रायपुर ग्रामीण विधानसभा का चुनाव काफी दिलचस्प

**दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों को भितरघात का डर**

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी की चार सीटों में से एक रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट का चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा ने यहां से विजय हासिल की थी। इस बार उनकी जगह पर कांग्रेस ने उनके बेटे पंकज शर्मा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि भाजपा ने साहू समाज का कार्ड खेलते हुए मोतीलाल साहू को मैदान में उतारा है।




लिहाजा इस बार भाजपा पूरे दम-खम के साथ चुनावी मैदान में चुनौती दे रही है। हालांकि दोनों प्रत्याशी के धुंआधार चुनाव प्रचार को देखते हुए यह कह पाना जरा मुश्किल है कि बाजी कौन मारेगा? ग्रामीण विधानसभा में कांग्रेस या भाजपा किसका सिक्का चलेगा, यह 17 नवंबर को ही साफ होगा।

**रोचक होगा मुकाबला**

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में रायपुर ग्रामीण सीट पर कांग्रेस पार्टी की तरफ से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा को बतौर प्रत्याशी मैदान में उतारा गया था, वहीं भाजपा की ओर से नंदकुमार साहू चुनाव मैदान में थे। यह चुनाव कांटे की टक्कर का हुआ था, जिसमें कांग्रेस की जीत हुई थी। भाजपा के उम्मीदवार को जहां 68 हजार से कुछ अधिक वोट ही मिल सके थे, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी ने 78 हजार से अधिक वोट लाकर विजयश्री हासिल की। इस साल हो रहे चुनाव में रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से दोनों ही पार्टियों से नए प्रत्याशी आमने-सामने हैं। अब देखना रोचक होगा कि किस दल के पक्ष में मतदाता अपना वोट देते हैं।

यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों को भितरघात का डर सता रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी का विरोध उनकी ही पार्टी के पार्षद, नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी अंदर ही अंदर कर रहे हैं। जबकि भाजपा के पूर्व विधायक रहे नंदकुमार साहू, दावेदार रविंद्र सिंह, ओमप्रकाश देवांगन भाजपा के समर्थन में मोतीलाल साहू के साथ प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं टिकट न मिलने की कमी उन्हें भी खल रही है। हालांकि खुलकर कोई भी विरोध नहीं कर पा रहा है।

साहू समाज की बहुलता वाली इस सीट पर मोतीलाल साहू की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। वहीं कांग्रेस से टिकट की दावेदारी करने वाले भी चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रहे हैं। साहू समाज के कई निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ता, पार्षद, पदाधिकारी समेत अन्य कसडोल से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू के चुनाव प्रचार करने शहर छोड़कर कसडोल में डटे हुए हैं।

## उधारी में खाना देने से मना करने पर ढाबा मालिक पर तलवार से हमला

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के टाटीबंध इलाके में उधारी में खाना नहीं देने पर एक ट्रांसपोर्टर ने ढाबे वाले पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में ढाबा मालिक बूरी तरह घायल हो गया। उनके धुटने और चेहरे में चोट लगी है। मामले की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने एफ्आइआर कर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला शनिवार रात का है। टाटीबंध इलाके में ट्रांसपोर्टिंग का काम करने वाला जोगा सरदार नाम का व्यक्ति

**■ पैर और चेहरे पर आई गंभीर चोट**

अभिजीत कुमार कौशिक के ढाबे में आए दिन उधारी में खाना खाता था। शनिवार की रात एक बार फ्रि वह ढाबे में आया और खाना देने की मांग की। ढाबे मालिक अभिजीत ने उसे पुराने पैसे चुकाने और उधारी में खाना देने से मना कर दिया। इस बात से आरोपी जोगा नाराज हो गया। और दोनों के बीच बहस बाजी चालू हो गई। कुछ देर बाद लोहे की तलवार लाकर ढाबे मालिक पर हमला कर दिया। लोहे की तलवार से हमले के बाद ढाबा मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उनके धुटने और चेहरे में चोट लगी है। पीड़ित की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने एफ्आइआर दर्ज कर ली। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए पतासाजी कर रही है।

## कांग्रेस सरकार बनने पर रायगढ़ व कोरिया नए संभाग बनाए जाएंगे

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने सोमवार को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान फिर एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद रायगढ़ और कोरिया को 2 नए संभाग बनाने घोषणा की है।



आमसभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका सिंहदेव ने मुख्यमंत्री से बैकुंठपुर को संभाग बनाने की मांग रखी। इस पर सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर कोरिया और रायगढ़ को संभाग का दर्जा देने की बात कही। भूपेश बघेल ने कहा, मुख्यमंत्री कांग्रेस आलाकमान तय करेगा, जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे मैं निभाऊंगा। आमसभा के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैकुंठपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने कहा सब जानते हैं कि पहले चरण में कांग्रेस 17 से अधिक सीट जीत रही है। दूसरे चरण में आपका वोट 75 पार के नारे को सार्थक करेगा। कांग्रेस सरकार बनते ही कोरिया और रायगढ़ को संभाग बनाने की मैं घोषणा करता हूं।

## गददे के दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मोवा ओव्हर ब्रिज के नीचे ि स्थित गददे की दुकान में सोमवार की रात आग लग गई। इस आगजनी की घटना में दुकान में रखा हजारों रूपये का रखा गददा जलकर राख हो गया। गददे की दुकान में आग लगने का कारण पता नही लग पाया है बताया गया कि सोमवार सब दीपावली मना रहे थे कि कुछ लोगों ने देखा कि मोवा ओव्हर ब्रिज के नीचे स्थित गददे की दुकान से धुंआ निकल रहा हैं। इस दौरान घटना की सूचना पंडरी थाने की पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम को दिया गया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दुकान लगी आग को बुझाने का काम शुरू किया गया। जब तक फायर बिग्रेड की टीम दुकान में लगी आग में काबू पा पाती तब तक दुकान में रखा गददा जलकर राख हो चुका था दुकान में आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया हैं

## अवैध शराब बिक्री करते युवक पकड़ाया

**रायपुर**, 13 नवंबर (देशबन्धु)। अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत आर्शीवाद चौक फोरजिंग्स कंपनी उरला के सामने एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा



मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश डहरिया पिता मनराखन डहरिया पता लोधी साहू का मकान ईतवारी बाजार शीतला तालाब के पास बीरगांव थाना उरला रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में देशी मसाला शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखें 50 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 09.00 बल्क लीटर कीमती लगभग 5500 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# गृह लक्ष्मी योजना के नाम पर मुख्यमंत्री की एक और फर्जी घोषणा : विजय बघेल

### भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को मजाक समझ रखा है, छग के लोगों ने इतना मान सम्मान दिया, कुछ तो शर्म रखनी चाहिए, प्रदेश की जनता अब बहकावे में नहीं आएगी

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद, भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक और पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने गृहलक्ष्मी योजना के नाम पर 15 हजार रुपए देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को लेकर पलटवार कर कहा है कि माताओं के सम्मान के लिए जब भारतीय जनता पार्टी ने महतारी वंदन योजना लॉन्च की घोषणा की तो कांग्रेसी बौखला गए और खासकर मुख्यमंत्री बौखला गए और माताओं में जिस तरह का रिस्पॉन्स भारतीय जनता पार्टी के लिए आ रहा था, उसको देखकर पता नहीं कहाँ से सपना आया और लबरा मुख्यमंत्री ने एक और फर्जी घोषणा कर दी। श्री बघेल ने कहा कि गृह लक्ष्मी योजना 15000 देंगे, यह बोलना तो बड़ा-बड़ा है लेकिन काम जीरो बटा सन्नाटा है।

भाजपा सांसद और पाटन से भाजपा प्रत्याशी श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल पहले अपने 2018 की घोषणा देख लें। प्रदेश के हर वर्ग के साथ-साथ वृद्ध जनों तक के साथ भूपेश सरकार ने धोखा किया है। वृद्धावस्था पेंशन राशि 350 से 1000 तक करने की बात की थी पर किया नहीं। 75 साल से ऊपर वालों को 1500 करने की बात की थी लेकिन किया नहीं। अब तो मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस को यह विश्वास हो चला है कि कांग्रेस की सत्ता से विदाई तय है, इसलिए फर्जी घोषणाएँ करने में लगे हैं। श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल की तो राजनीतिक उत्पत्ति ही फर्जीवाड़े से हुई है, वह क्या बताएंगे? सन 1993 में भी फॉर्म चेंज करके इनको विधायक की टिकट मिली थी और आज यह बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं। आंगनवाड़ी, मितानिन, कोटवार, पंचायत सचिव, संविदा कर्मचारी, मध्याह्न भोजन, रोजगार सहायक, सबको बघेल सरकार ने छला है।



मुख्यमंत्री बघेल ने और एक बात बोले थे कि डी.ए. देंगे, जिसके लिए कर्मचारी-अधिकारी पूरे 5 साल हड़ताल कर कहते रहे कि केंद्र के समान डी.ए. दे दो, पर नहीं दिया। श्री बघेल ने कहा कि जब हमने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया कि इस डी.ए. को हम उसके एरियर्स को उनके जी.पी.एफ. में समायोजित कर देंगे, तब मुख्यमंत्री चुनाव आयोग को अनुमति के लिए पत्र लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ को मजाक समझ रखा है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने इतना मान सम्मान दिया, मुख्यमंत्री बघेल को कुछ तो शर्म रखनी चाहिए। लोग समझदार हैं, छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार के बहकावे में नहीं आने वाली है।

भाजपा सांसद और पाटन से भाजपा प्रत्याशी श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ पर 82 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है और छत्तीसगढ़ की जनता यह मान चुकी है कि अगर भूल से भी कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका मिल गया तो कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ को बेचने की कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह भूपेश सरकार के नाकारेपन का परिचायक है और अब भी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। हार के डर से कुछ भी करेंगे और कहेंगे, यह सब अब नहीं चलने वाला है। छत्तीसगढ़ की जनता अब अच्छी तरह जान गई है और पाटन की जनता अब मुख्यमंत्री बघेल की रग-रग से वाकिफ हो गई है। श्री बघेल ने कहा कि इस फर्जीवाड़े के बहकावे में पाटन और प्रदेश की जनता न आए। मुख्यमंत्री बघेल सिर्फ झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने की मशीन है और इन कांग्रेसियों के डीएनए में ही झूठ है। श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ की सभी माता बहनों से, किसान भाइयों से, सभी वर्गों से अपील की है कि वे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएँ। भाजपा जो कहती है, वह करती है। कांग्रेस जो कहती है, वह कतई नहीं करती; यह 5 साल के कांग्रेस कुशासन में हम सबने देखा है।

# भाजपा सबका साथ सबका विकास में रखती है विश्वास : बृजमोहन

## मुस्लिम समाज ने रायपुर दक्षिण में कमल खिलाने का आश्वासन दिया

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल दिवाली के बाद एक बार फिर रायपुर दक्षिण में जनता के बीच पहुंचे बृजमोहन अग्रवाल ने धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत के साथ ही कई चुनावी बैठक कर जनता से मुलाकात की।

बृजमोहन अग्रवाल सबसे पहले राजेंद्र नगर में गौरा-गौरी विसर्जन में शामिल हुए और भगवान के आशिर्वाद के साथ ही जनता का प्यार हासिल किया। इसके बाद बृजमोहन तरुण बाजार, संतोषीनगर और गोकुल नगर में मुस्लिम समुदाय के बीच पहुंचे। समाज के लोगों से मुलाकात कर उन तक अपनी बात पहुचाई।



संक्षिप्त संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, सबका साथ सबके विकास में विश्वास रखती है और हमेशा गरीबों का उत्थान करती है। बृजमोहन ने कहा कि, गरीब किसी भी धर्म का हो सकता है। उन्होंने ये भी कहा की कोरोना काल में मोदी ने बिना कोई धर्म का भेदभाव किए सभी को कोरोना की वैक्सीन और राशन मुफ्त में उपलब्ध कराया और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए वो बचनबद्ध है।

स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने भी कहा कि, लगभग 35 सालों से बृजमोहन अग्रवाल ने बिना किसी भेदभाव के उनकी मदद की है और साथ दिया है। मुस्लिम समाज ने आठवीं बार फिर से रायपुर दक्षिण में कमल खिलाने का आश्वासन दिया।

बृजमोहन अग्रवाल कटोरा तालाब में देवेंद्र खेमानी के निवास पर भी समाज के लोगों से मुलाकात की कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर भावी योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के प्रमुख राज कुमार भाटिया उर्फ पप्पू भाई भाजपा में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने पप्पू भाई को माला पहनाकर भाजपा में स्वागत किया। बृजमोहन अग्रवाल ने पुरानी बस्ती में भी स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टीयों के अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के रायपुर प्रवास, रैली, जनसंपर्क व कार्यक्रमों सहित अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने तथा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा अपने . अपने अनुभाग के थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया है इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंगए वाहनों में पेट्रोलिंग क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सी पी पी सहित 112 की टीमों



द्वारा भीड़.भाड़ वाले स्थानए बाजार सार्वजनिक स्थान सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालोंए गुटबाजी अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार, बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है तथा आदर्श आचार संहिता के परिपालन में समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाईंट लगाकर समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहन, चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की भी लगातार चेकिंग की जा रहीं है।

# यात्री बस ने बाइक सवार को रौंदा आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में तेज रफ्तार सवारी बस ने बाइक सवार युवक को रौंदा जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम कर दिया वहीं बस में पथराव भी किया घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है यह हादसा कुशालपुर वॉलफोर्ट सिटी के सामने हुआ है



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक कुशालपुर निवासी 27 वर्षीय विक्की तिवारी रोड क्रॉस कर रहा था जिसे महेंद्रा ट्रेवल्स की यात्री बस ने रौंद दिया हादसे के बाद लोगों ने चक्काजाम किया बस चालक को हिरासत में ले लिया गया ह वहीं पुलिस की समझाइश के बाद जाम खुल गया है

# कांग्रेस के पिच में भाजपा खेलने को मजबूर : सुशील

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा कि हमारे पिच पर भाजपा खेलने को मजबूर हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को उनकी फसल की पूरी कीमत देने के लिये 3200 रू. धान की कीमत देने की घोषणा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के लिये चलाये जा रही योजना को मुफ्त की रेवड़ी बताते रहे है आज भाजपा अपने घोषणा पत्र में की जा रही योजनाओं को उन्हीं मोदी की गारंटी की दुहाई दे रही है। जो मोदी अपने उद्योगपति मित्रों का हजारों करोड़ का ऋण माफ कर रहे है उन्हें गरीबों के लिये चलाने वाली योजना मुफ्त की रेवड़ी लगती है। भाजपा के द्वारा अपने घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी बताने का मतलब ही यही है कि भाजपा उसको पूरा नहीं करेगी इसकी गारंटी है। जो लोग धान पर बोनस देने का विरोध करते थे, जो लोग भूपेश सरकार के 2500 रू. देने का विरोध कर रहे थे, अब स्वयं धान की कीमत अपने घोषणा पत्र में घोषित करने को मजबूर हो गये है।



**गरीबों की योजनाओं को रेवड़ी बताने वाले अब खुद वादा**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के लिये चलाई जा रही योजनाओं को लोकतंत्र में जनता को मजबूत बनाने का तरीका मानती है। कांग्रेस का मानना है कि प्रगति की दौड़ में पिछड़े वर्गों को विशेष रियायत देकर उनको बराबरी में लाकर खड़ा करना, हर लोकतांत्रिक सरकार का कर्तव्य है यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में सभी वर्गों को ध्यान में रखा है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शहरी और ग्रामीण दोनों का ध्यान रखा गया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में 200 यूनिट तक फ्री बिजली का लाभ प्रदेश के लगभग 50 लाख परिवारों को मिलेगा। मतलब प्रदेश की आधी से अधिक आबादी की बिजली मुफ्त हो जायेगी। श्री शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा में छत्तीसगढ़ में सभी प्रकार की शिक्षा नर्सरी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक सभी वर्ग के लिये निःशुल्क करने का वादा किया है। इससे प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को शिक्षा पर होने वाला खर्च बचेगा। छत्तीसगढ़ देश का अकेला ऐसा प्रदेश होगा जहां मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा आईटीआई की शिक्षा भी मुफ्त होगी।

# चेंबर के दीपावली मिलन समारोह में जुटे व्यवसायी

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स कार्यालय में कल दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने समारोह के शुभारंभ में

**17 को मतदान का उपयोग करने पारवानी की अपील**

सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अतिथियों सहित प्रदेश के समस्त व्यवसायियों-उद्योगपतियों तथा आम जनता को दीपावली की शुभकामनाएं दी। समारोह में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों ने संयुक्त रूप से दीप भी जलाये।



श्री पारवानी ने चैंबर पदाधिकारियों व व्यवसायियों को संबोधित करते हुए कहा रौशनी का यह पर्व लोगों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लाती है। इस अवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वयं के अन्दर की बुराई रूपी अँधेरे को इस दीपावली पर्व के रौशनी से हमेशा के लिए मिटाएँ।

समारोह में श्री पारवानी ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में अपने, अपने परिवार, अपने कर्मचारी एवं उनके परिवार के मताधिकार का उपयोग कर सबसे बड़े लोकतांत्रिक पर्व को सफल बनाने अपील की।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव के अलावा संरक्षक से लेकर सलाहकार, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रदेश मंत्री, कार्यकारी सदस्य, उद्योग चेंबर, ट्रांसपोर्ट चेंबर, महिला चेंबर, युवा चेंबर, कैट टीम, युवा कैट एवं विभिन्न व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए।

# भाई-बहन के प्यार का पर्व भाईदूज कल

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। हिंदू धर्म में भाईदूज के पर्व का विशेष महत्व है. रक्षाबंधन की तरह यह भी भाई-बहन के बीच प्रेम का पर्व है. यह दिवाली के तीसरे दिन मनाया जाता है. हालांकि इस बार भाई दूज 15 नवंबर को बनाया जा रहा है. इस दिन बहनें, अपने भाइयों के लिए व्रत रखती हैं और विधि-विधान से पूजा करती है. जानिए भाईदूज के कुछ ऐसे विशेष उपाय जिससे भाई-बहन का प्रेम हमेशा बना रहता है.



भाईदूज पर पूजा करने से पहले आटे से चौक बनाएं और इस चौक पर भाई को पूर्व की ओर मुंह करके बिठाएं. इसके बाद भाई के सिर पर फूल, पान, सुपारी और पैसा रखकर तिलक करें. साथ ही भाई के हाथों में कलावा बांधें, इससे भाई-बहन के बीच का प्रेम हमेशा बना रहता है.

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाई दूज के दिन भाई-बहन को पवित्र नदी में स्नान करें. मान्यता है कि पवित्र नदी में स्नान करने से जीवन में खुशहाली और बरकत होती है.

इस दिन किसी गरीब या फिर जरूरतमंद को खाना खिलाना चाहिए. ऐसा करने से भाई-बहन के जीवन में खुशहाली बनी रहती है. साथ ही घर- परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है.

14 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 12 मिनट से लेकर 3 बजकर 15 मिनट तक भाई को टीका लगाने का शुभ मुहूर्त रहेगा.

15 नवंबर को सुबह 10 बजकर 40 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजे तक भाई को तिलक लगाने का शुभ मुहूर्त बन रहा है.

# आज मनाई जाएगी गोवर्धन पूजा

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। इस साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 13 नवंबर दिन सोमवार को दोपहर 02 बजकर 56 मिनट से हो रही है. इस तिथि का समापन अगले दिन 14 नवंबर, दिन मंगलवार को दोपहर 02 बजकर 36 मिनट पर होगा. उदया तिथि को देखते हुए गोवर्धन पूजा 14 नवंबर मंगलवार को मनाई जाएगी.

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन उत्सव मनाया जाता है. इस दिन बलि पूजा, अन्नकूट, मार्गपाली आदि उत्सव भी मनाये जाते हैं. अन्न कूट और गोवर्धन पूजा द्वापर में भगवान कृष्ण द्वारा प्रारंभ की गई. इस दिन गाय, बैल आदि पशुओं का स्नान कराकर मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है. गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर षोडशोपचार से इसकी पूजा की जाती है और रात्रि में तेल का दीपक जलाकर उसकी परिक्रमा करते हैं.

एक बार की बात है कि गोपिकायें गोवर्धन पर्वत की तराई में छप्पन भोग बनाकर भगवान इंद्र की पूजा कर रही थीं, जब कृष्ण ने पूछा तो गोपिकाओं ने बताया कि इंद्र की कृपा से वर्षा होती है, इसलिए हम इंद्र की पूजा कर रही हैं. भगवान ने कहा कि वर्षा तो गोवर्धन पर्वत के कारण होती है. तब तो हमें इंद्र की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए और फिर सभी ग्वाल बालों के साथ कृष्ण ने गोवर्धन की पूजा प्रारंभ की. इंद्र नाराज होकर मूसलाधार बारिश करने लगे. भगवान कृष्ण के साथ सारे ग्वाल-बाल गोधर्वन पर्वत पहुंचे और भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को छत्ते की तरह अपनी कनिष्ठा उंगली में सात दिन तक धारण किया और इस तरह गोवर्धन की पूजा प्रारंभ हुई. तभी से गोवर्धन पूजन के पश्चात् अन्न कूट मनाया जाता है.

इस साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 13 नवंबर दिन सोमवार को दोपहर 02 बजकर 56 मिनट से हो रही है. इस तिथि का समापन अगले दिन 14 नवंबर, दिन मंगलवार को दोपहर 02 बजकर 36 मिनट पर होगा. उदया तिथि को देखते हुए गोवर्धन पूजा 14 नवंबर मंगलवार को मनाई जाएगी. 14 नवंबर को गोवर्धन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 43 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 52 मिनट तक है. गोवर्धन पूजा में गौ यानि गायों की पूजा की जाती है. हिंदू धर्म में गायों को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है. इसमें 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है. कहते हैं जो लोग गोवर्धन पूजा के दिन गाय की उपासना करते हैं उन्हें मां लक्ष्मी का विशेष आशीर्वाद मिलता है. मां लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं, उसी प्रकार गौमाता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं. गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही इस दिन का विशेष महत्व है.

# कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना की घोषणा करके अपनी हताशा का प्रदर्शन किया : भाजपा

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और लोरमी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव ने गृह लक्ष्मी योजना को लेकर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आनन-फानन में की गयी घोषणा बताती है कि भाजपा पर छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों और बेटियों के बढ़ते भरोसे से वे घबरा गए हैं और उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। श्री साव ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद मुख्यमंत्री बघेल की माता-बहनों के लिए की गई घोषणा से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस हार मान चुकी है और हार की हताशा में इस प्रकार की घोषणा की गई है।



**कांग्रेस चाहे जितनी फर्जी घोषणाएं कर ले, लेकिन जनता भूपेश बघेल सरकार से छुटकारा पाना चाहती है**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माता और बहनों को मुख्यमंत्री बघेल ने 5 साल केवल और केवल ठगने का काम किया है, धोखा देने का काम किया है; चाहे शराबबंदी के वादे का हो या महिला स्व सहायता समूह के बहनों को बेरोजगार करने का मामला हो या विधवा बहनों को धोखा देने का मामला हो, लगातार माता-बहनों को धोखा देने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है और अब चुनाव के प्रथम चरण के बाद इस प्रकार की घोषणा बताता है कि कांग्रेस ने हार मान ली है और फिर से छत्तीसगढ़ की माता-बहनों को धोखा देने के लिए इस तरह की घोषणा की है। श्री साव ने कहा कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार चाहे जितनी फर्जी घोषणाएँ कर ले, लेकिन छत्तीसगढ़ की माताएँ-बहनें तय कर चुकी हैं राज्य से भूपेश बघेल की सरकार से छुटकारा पाने का और कमल खिलाने का। ऐन मतदान से कुछ चार-पाँच दिन पहले की गई इस गृह लक्ष्मी योजना का निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

# फटाखा फोड़कर महिलाओं ने मनाई खुशियां, विकास की आरती उतारी



**रायपुर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपोत्सव के बीच विकास उपाध्याय ने जनसंपर्क जारी रखा, सुबह चार बजे वे हिरापुर में गौरी-गौरा पूजन में शामिल हुये। उन्होंने रायपुरा के डिपरापारा में भी गौरी-गौरा का आशीर्वाद लिया, उन्हें सोटा मारा गया और श्री उपाध्याय ने सभी के सुख, समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की। श्री उपाध्याय इसके बाद गुढ़ियारी में व्यापारी संघ, डीडी नगर में सिंधी समाज, गायत्री मंदिर में गौड़ ब्राह्मण व आयरन एंड स्टील एसोसिएशन के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए, उन्होंने यादव व सतनामी समाज की बैठक भी ली।

श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार माताओं, बहनों और बेटियों के बारे में कितना सोचती है इसका उदाहरण हम पाँच साल में पेश कर चुके हैं। लक्ष्मी पूजन के दिन हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने गृह लक्ष्मी योजना की घोषणा की है जो माताओं, बहनों को समर्पित है, जिसमें सभी को सालाना पन्द्रह हजार रूपये मिलेंगे, यानि 1250 रूपये हर महिने। अगर किसी घर में माँ, बहन और बेटी है तो हर महिने तीन हजार 7 सौ 50 रूपये मिलेंगे, जिससे उन्हें बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि घोषणा के बाद मैं जहाँ भी जा रहा हूँ वहाँ मातृशक्ति आरती उतारकर इस घोषणा की तारीफ कर रही है और कहा कि भूपेश है तो भरोसा है। श्री उपाध्याय ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ियों के लिए और भी बहुत कुछ किया जाएगा, कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में जो कुछ वादा किया है उसे हम पूरा करेंगे, साथ ही जो सुझाव आयेंगे उसके अनुसार और योजना भी बनायी जाएगी।

# दीवाली गुजरते ही आधी रात से शहर को साफ़ रखने जुटे सफ़ाई मित्र

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर शहरवासियों ने दीपोत्सव का महापर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। देर रात तक हुई आतिशबाजी, फटाकों और घर व दुकान से निकले कचरों को समेटने के लिए तड़के

**शहरवासियों ने दी शाबाशी, कहा- बहुत अच्छे**

से ही नगर निगम का सफ़ाई बेड़ा घरों की दहलीज़ तक पहुँच गया। नगर निगम के स्वच्छता बेड़े में तीन हज़ार सफ़ाई मित्र है, जो सड़कों, गलियों को साफ़ सुथरा रखने की ज़िम्मेदारी निभाते हैं। इसके अलावा 248 वाहन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रोज़ घरों तक पहुँचते हैं। यह पूरी टीम हर मौसम, हर पर्व में पूरी ज़िम्मेदारी के साथ अपने काम में जुटी रहती हैं।



दीवाली के दूसरे दिन भी यह अमला सूर्योदय के पहले ही पूरे शहर के उन इलाक़ों में आमद देने पहुँच गया, जहां देर रात आतिशबाजी, खानपान और घरों से निकाले गये कचरे का जमावड़ा था। शहरवासियों ने भी इन सफ़ाई मित्रों के जज्बे को खूब सराहा। गृहणी राज लक्ष्मी कहती है ङ्क जब हर घर त्यौहार मनाकर आराम करता है, लोगों द्वारा फैलाए कचरों को ये सफ़ाई मित्र सफ़ाई करने में देर रात से जुट जाते हैं। सभी का त्यौहार उत्साह के साथ मानें, इसके लिए शहर को साफ़ और सुंदर रखने के लिए सफ़ाई मित्र जो परिश्रम करते हैं, उसके लिए वे सभी सम्मान के हक़दार है और हर नागरिक को उनको अपना साथ दे कर साफ़ सफ़ाई में सहयोग देना चाहिए।

# मातम में बदली दिवाली की खुशियां

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। एक तरफजहां देशभर में कल दिवाली की धूम देखने को मिली तो वहीं दूसरी तरफराजधानी में दीपावली की देर रात एक नाबालिग की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश में नाबालिग के दोस्तों ने वारदात को अंजाम दिया है। यह पूरी घटना राजेन्द्र नगर थाना के महात्मा गांधी नगर इलाके की है जहां आपसी रंजीश के चलते एक नाबालिक को दिवाली की रात में मौत के घाट उतार दिया गया। इस वारदात को अंजाम किसी और ने नहीं बल्कि नाबालिग के अपने दोस्तों ने ही दिया है।

**नाबालिग को दोस्तों ने बेदर्दी से उतारा मौत के घाट**

मिली जानकारी के अनुसार चाकू और डंडो से वार कर नाबालिग को मौत की नींद सुला दी गई। हालांकि पुलिस ने मुख्य आरोपी अमर दास सहित चार आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया हैं।

## धारदार चाकू के साथ 2 गिरफ्तार

**रायपुर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ईतवारी बाजार बीरगांव में एक व्यक्ति हाथ में बड़ा चाकू लेकर आने.जाने वाले आमलोगों को डरा.धमका कर आतंकित करते आरोपी नितेश टण्डन पिता हरिचंन्द्र टण्डन पता सत्य नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर छ.ग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 1 धारदार बड़ा चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम अछोली रोड में बड़ा धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी भुवन यादव पिता बिसनाथ यादव उम्र 20 साल साकिन पुराना बेन्द्री स्कूल के सामने थाना उरला रायपुर को गिरफ्तार किया गया।

# दीपावली पर गुलजार रहे बाजार

## पांच दिनों की रौनक के बाद आज सभी मार्केट बंद रही

**भिलाईनगर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। इस दीपावली पर्व पर शहर की सभी मार्केटों में लोगों की भारी भीड देखी गई। शहर की सड़कों में लोगों की आवाजाही के कारण बाजारों में रौनक देखी गई। कोरोना काल के बाद से भिलाई में बाजारों रौनक देखकर लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे। ट्विन सिटी के सभी बाजारों में रौनक बिखरी हुई है। आम परिवार से लेकर खास वर्ग में पांच दिनों तक चलने वाले इस त्योहार का उमंग और उत्साह देखते बन रहा है। बाजारों में ज्वेलस, कपड़ा, बर्तन दुकान, इलेल्ट्रिकल्स दुकानों के साथ-साथ फटाखे दुकानों में लोगों की भारी भडी देखी गई। सेल द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों को बोनस देने के बाद दुकानदारों ने अपनी दुकान में माल स्टाक कर लिया था। लोगों ने परम्परागत रुप से नए कपड़े, घरेलू सामान सहित मिठाई और पूजा सामग्री की खरीदारी करने बाजार का रुख किया हुआ है। पिछ्ले कुछ दिनों से शहर के सभी बाजार में रौनक बनी हुई है। आज लोगों ने पूजन सामग्री के साथ चली आ रही परम्परा का निर्वहन करने मिठाई और फटाके की जमकर खरीदी की। इस बार खास से लेकर आम वर्ग में दीपावली को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है। रविवार को को धन व वैभव की देवी माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर खरीदारी करने बाजार में भारी



भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को धनतेरस पर भिलाई-दुर्ग के सभी बाजार जबरदस्त तरीके से गुलजार रहे। लोगों ने सोने चांदी के आभूषण, बर्तन सहित टीवी, एलईडी, वाशिंग मशीन, फ्रीज, वाहन, मोबाइल फोन, फर्नीचर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खरीदारी की। कपड़े और फुटवियर की खरीदारी के लिए दुकानों और ब्रांडेड शोरूम में भीड़ अभी भी बनी हुई है। त्योहार के चलते विभिन्न सामानों की खरीदी पखवाड़े भर पहले से चल रही है। भिलाई-दुर्ग के सभी बाजारों में इस बार भीड़ बने रहने से व्यापारी वर्ग में बेहतर कारोबार को लेकर संतोष देखा जा रहा है। दीपावली के अवसर पर मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा रही है। लक्ष्मी पूजा के बाद फटाके भी फोड़े जाते हैं। शहर के अलग.अलग जगह पर फ्टाखा का अस्थायी बाजार सजाया गया है। शनिवार को इन बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ बनी रही। बड़ी संख्या में लोग बच्चों के साथ उनकी पसंद के पटाखे खरीदते देखे गए। शहर के सभी छोटे-बड़े मिठाई की दुकानें आज ग्राहकों से गुलजार रही। हर किसी में अपनी हैसियत के अनुसार मिठाइयां खरीदने होड़ मची रही। मिठाईयों के साथ ही ब्रांडेड चाकलेट और ड्राय फ्रूट के आकर्षक गिफ्ट पैक की मांग भी बाजार में बनी रही। वही 5 दिनों तक रौनक होने के बाद आज सोमवार को नगर के सभी बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। शहर की सभी दुकाने आज बंद रही।

## मुख्यमंत्री भूपेश ने हाथ पर खाया चाबुक



**भिलाईनगर/कुम्हारी,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दीपावली के दूसरे दिन आज सोमवार को जंजगिरी में गौरा गौरी पूजन करने पहुंचे। इस दौरान सीएम बघेल ने हाथ पर चाबुक भी खाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गौरा-गौरी पूजन का विधान है। रात भर गौरा-गौरी का निर्माण करते हैं और सुबह पूजा करते हैं। इसके बाद घर-घर जाते हैं और उनकी आरती ली जाती है। नारियल भेंट किया जाता है। इस दौरान सभी लोग गौरा-गौरी से आशीर्वाद लेते हैं। सीएम श्री बघेल ने कहा कि इस दौरान सोंटा भी लिया जाता है। जब उनसे पूछा गया कि सोंटा खाने के बाद आपको क्या लगा तो सीएम बघेल ने कहा कि कितना भी बड़ा आदमी हो जाए, गौरा गौरी के सामने सभी लोग बराबर हैं। जो वहां पर मुखिया रहते हैं वो सोंटा भी लगाते हैं। यह एक प्रकार से बराबरी का संबंध है। इससे अपने बीच में कोई भी मलाल हो वो भी दूर हो जाता है। यह परंपरा चली आ रही है, हो सकता है। इसमें कुछ मनोरंजन भी हो या हो सकता है। इसमें कोई सीख भी हो। यह सभी परंपराओं का निर्वहन हम सभी करते हैं।

## जहां अभिमान है वहां प्रसन्नता हो नहीं सकती : आशा दीदी



**भिलाईनगर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में दीपों के पर्व महापर्व दीपावली को उमंग उत्साह एवम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सभी को दीपावली पर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी अप्राप्ति का कारण इच्छाएं है, मनुष्य आत्माओं से उम्मीद रखना अर्थात परेशान होना। मेरी प्रसन्नता प्रशंसा के आधार पर नहीं होनी चाहिए। जहां अभिमान है वहां प्रसन्नता हो नहीं सकती। जीवन में चीयरफूल अर्थात प्रसन्न आनंदित तथा केयरफूल सावधान रहे। दीपावली में विशेष घर की कोन कोने की सफाई कर मां लक्ष्मी जी का आह्वान करते हैं। हमें मन के कोने कोने में भी ईर्ष्या द्वेष रूपी अवगुणों की सफाई कर दिव्य गुणों का आह्वान करना है। सर्व प्रति स्वरूप बन महालक्ष्मी सामान सर्व की झोलियों को भरना है। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत दिया जले जगमग, आयो रे शुभ दिन आयो रे, आई दिवाली हैप्पी दिवाली जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी में खुशी, प्रसन्नता उमंग उत्साह का समा बांधकर आनंद से भरपूर कर दिया। परमात्मा को भोग स्वीकार कराने के पश्चात भिलाई की सभी ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा संगठित रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी, स्नेहा दीदी ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7, राजयोग भवन भिलाई में मनाये गये पर्व के अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

## भगवान श्री कृष्ण ने रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाया था

**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। गोवर्धन पूजा उस दिन की याद दिलाती है जब भगवान श्री कृष्ण ने भगवान इंद्र के प्रकोप से मथुरा के लोगों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाया था। गोवर्धन पूजा अन्नकूट के बारे में दीवाली के अगले दिन हर जगह गोवर्धन पूजा की जा रही है। इसमें भगवान कृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा का विधान है। यही नहीं इस दिन पकवान बनाकर श्रीकृष्ण को उनका भोग लगाया जाता है। इस संबंध में आरएस शर्मा ने बताया कि इन पकवानों को अन्नकूट कहा जाता है। इसमें हिन्दू धर्मावलंबी घर के आंगन में गाय के गोबर से गोवर्धन नाथ जी की अल्पना बनाकर उनका पूजन करते है। उसके बाद गिरिराज भगवान (पर्वत) को प्रसन्न करने के लिए उन्हें अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। अन्नकूट का अर्थ है, अन्न का ढेर। आज ही के दिन योगेश्वर भगवान कृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन करते हुए अपने वाम हस्त की कनिष्ठा अंगुली के नख पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी। जब कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप गोपिकाएँ उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा माना जाता है कि 5000 साल पहले यह पर्वत 30 हजार मीटर ऊंचा हुआ करता था। अब इसकी ऊंचाई बहुत कम हो गई है। गोवर्धन नाम बहुत सुंदर और आकर्षक माना जाता है। गोवर्धन नाम का अर्थ गोकुल में एक पहाड़ का नाम होता है।

## भिलाई को वापस दिलाएंगे खोई हुई पहचान : प्रेमप्रकाश




**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सरकार बनते ही भिलाई के खुले मैदानों के ओपन बार मुक्त होंगे। सबको उनका हक मिलेगा और शहर एक बार फिर से खुशहाल होगा ये प्रेमप्रकाश की गारंटी भाजपा भिलाई के अधिकृत प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कही। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने लोगों से कमल खिलाओ अभियान के तहत आज श्री पाण्डेय टाउनशिप के सेक्टर-5, सेक्टर-8 एवं खुर्सीपार पहुंचे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल गुमराह करने का काम करती है, वो लोगों से आज भी यही झूठ कह रही है कि घर-घर पानी उसने पहुंचाया लेकिन पूरा भिलाई जानता है कि भाजपा सरकार में हम शिवनाथ से भिलाई तक पानी लाए। पिछले 5 वर्षों की भिलाई की बदहाली देखने के बाद अब भिलाई ने मन बना लिया है कि कांग्रेस सरकार को बदलना है और भिलाई में भी भाजपा को जिताना है। महिलाओं ने यह प्रण ले लिया है कि अब कांग्रेस छुटकारा चाहिए। इसलिए हमें कमल खिलाना है। भिलाई को फिर से आगे बढ़ाना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने गारंटी दी है कि हम छत्तीसगढ़ को फिर से संवारेंगे और प्रेमप्रकाश ये गारंटी देता है भिलाई को फिर से उसकी खोई पहचान वापस दिलायेंगे। कांग्रेस ने केवल लोगों से झूठे वादे किये लेकिन हम बीएसपी की जमीन के अतिरिक्त सभी को पट्टा दिलायेंगे। इंग्लिश मीडियम स्कूल में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी किया जाएगा और सभी कक्षाओं में सेक्शन बढ़ाये जायेंगे। गरीबों को उनके हक का राशन दिलाया जायेगा। इसकी गारंटी हमारी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सेंट थॉमस में ओपन कैंपस ड्राइव आयोजित

**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय की प्रशिक्षण एवं स्थानान कार्यालय द्वारा महविद्यालय के प्रबंधक रेव. फादर डॉ, जोशी वर्गीस एवं प्राचार्य डा. एम.जी.रोईमोन के कुशल मार्गदर्शन में पात्रा लिमिटेड इंडिया के साथ मिलकर एक ओपन कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। पात्रा लिमिटेड पात्रा कॉर्प. की एक सहायक कम्पनी है जिसकी प्रमुख शाखा कैलिफोर्निया, अमेरिका में स्थित है। पात्रा एक बी.पी.ओ. कंपनी है। जिसे अमेरिका फिलिपिन्स और भारत में पहचान प्राप्त है। इस ओपन कैंपस ड्राइव में कुल 150 उम्मीदवारों ने भाग लिया। इस ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन प्रशिक्षण एवं स्थानान कार्यालय की संयोजक डॉ. सुनीता क्षत्रिय एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। अगले जनम मोहे बिटिया ही की जो विषय पर सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर में बालिकाओं को उनके अधिकार और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए, सेंट थॉमस महाविद्यालय में समान अवसर सेल द्वारा बेटियां गुरूर है माता-पिता का बोझ नहीं, घर के आंगन से देश की सीमा पर तैनात बेटियां, फूलों सी खूबसूरत पर पहाड़ सी मजबूत है बेटियां विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. एम जी रॉयमन ने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है, वे जमीन से लेकर आसमान तक पहुंच चुकी है। वह अपने अधिकारों को जाने और बिना किसी झिझक के आगे निरंतर बढ़ते रहेए ऐसी आवश्यकता समाज को है। महाविद्यालय के प्रशासक प्रबंधक डॉ. जोशी वर्गीस ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मनिर्भरता का बीज बोते हैं। डॉ. देबजानी मुख़र्जी कालेज की आई.क्यु.ए.सी. समन्वयक ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की सराहना की एवं समाज के हर क्षेत्र मे समान अवसर कायम रखने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की है। सेल की प्रभारी डॉ. ज्योत्सना गडपाइले एवं सह प्रभारी डॉ. कन्हैया पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.नीलम गांधी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डॉ. सोनिया पोपली, डॉक्टर सुजाता कोल, डॉ प्रीति जैन ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## प्रत्याशियो को कारण बताओ नोटिस जारी

**भिलाईनगर,** 13 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशाली नगर के रिटर्निंग अधिकारी एच.एस. मीरी ने आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी को नोटिस जारी कर 2 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा है। 12 नवंबर को सोशल मीडिया में प्रसारित महतारी वंदन योजना संबंधित फार्म भराए जाने की शिकायत प्राप्त होते ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (2) के तहत् नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इस प्रकार भिलाई विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा के प्रत्याशी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसके पूर्व निर्वाचन कार्यालय से अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। लगातार नोटिस मिलने के बाद प्रत्याशी हर कदम को बडे सावधानी के साथ काम कर रहे है।

## देवेन्द्र ने कहा कि विकास के सभी रिकार्ड टूटे



**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार जनसंपर्क कर रहे है। हर वार्ड और सेक्टर में सभा भी ले रहे है। भिलाई नगर विधायक श्री यादव ने विश्वास यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिलाने का दावा किया है। लोग अपने घरों से निकल कर विधायक को आशीर्वाद दिए। लोगों ने विधायक श्री यादव को विश्वास दिलाया कि वे पहले भी उनके साथ थे और अभी भी उनके साथ है। इस दौरान विधायक श्री यादव ने बताया कि टाउनशिप और खुर्सीपार व छावनी में कई समस्याएं थी। किन्तु जैसे ही कांग्रेस की सरकार आई वैसे ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर समस्याओं का समाधान शुरु किया। आज खुर्सीपार सहित टाउनशिप के निवासी विकास कार्य से काफी खुश है। उन्होनें कहा कि मेरे द्वारा जिन वायदों की घोषणा की गई थी उनको पुरा करने का काम किया है। उन्होनें कहा कि जनता का विश्वास व प्यार मेरी ताकत है। उन्होनें कहा कि पिछले पांच सालों में जनता ने मुझे अपना आर्शीवाद दिया है। जिसके कारण क्षेत्र की समस्या का निराकरण हो सका है।

उन्होनें कहा कि भिलाई की जनता शिक्षित है, अपने और पराए की परख करना जानती है। देवेंद्र यादव का 5 साल में हमने लोगों को वो सुविधाएं और विकास दिया है, जो सालों में नहीं हो सकता। अब यह चुनाव सिर्फ विधायक चुनाव नहीं रह गया है, बल्की सत्य और असत्य, व्यवहार के हार जीत का चुनाव है। अब जतना खुद ही तय करें कि उनके अपने बेटे, भाई जैसे विधायक चाहिए, जो उनके घरों में आकर उनका हालचाल ले और उनकी सभी समस्याओं को दूर करें। इंटक के संजय साहू ने कहा कि देवेंद्र यादव को जनता का समर्थन मिल रहा है। साथ ही उनके समर्थन में राष्ट्रीय इंटक के महासचिव व प्रदेश इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार सिंग भी मैदान में उतने। संजय सिंग ने देवेंद्र यादव को अपना और अपने संगठन की ओर से समर्थन दिया। देवेन्द्र यादव ने आज सोमवार को सेक्टर-1 में घर-घर जाकर समर्थन मांग व विकास के लिये कांग्रेस को वोट देने की अपील की है।

## मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है फाइलेरिया



**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। फाइलेरिया दिवस में लोगों को बताया कि मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से संक्रमण परजीवी के रूप में पहुंच कर शरीर के अंगों को प्रभावित करता है। सेक्टर सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि सामान्य रूप से इसको हांथी पांव के रूप में पहचान करते हैं। इसमें एक पैर अथवा दोनों पैर में सूजन आ जाती है या महिलाओं में स्तनों के लिम्फ बढ जाते हैं पुरूषों में हाइड्रोलिक की शिकायत भी देखी जाती है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा व डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि संक्रमित मच्छर जब स्वस्थ व्यक्ति को काटते हैं तो छागे नुमा परजीवी खून से छोड़ते हैं जिससे कई वर्षों उपरांत लक्षण विकसित होता है फाइलेरिया नियंत्रण हेतु शासन द्वारा सामूहिक दवा सेवन कराया जाता है मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को दवा छिड़काव करके अंडों को नष्ट.भ्रष्ट किया जाना चाहिए लोगों को जागरूक होकर मच्छरों से बचने मच्छर दानी का उपयोग करना चाहिए कूलरों, नालियों ओर पानी के जमाव क्षेत्र को साफ करना चाहिए इस अवसर पर एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, जे डी मानिकपुरी, यशवंत साहू, जितेन्द्र पटेल, कुमेश साहू सहित स्वास्थ्य संयोजिका व मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष बनकर नगर पहुंचने पर स्वागत



**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। संसदीय समिति की बैठक में एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने जानकारी दी की सेल एससी एसटी फेडरेशन नई दिल्ली के उपाध्यक्ष एवं संयंत्र के एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद एवं एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार ने संयुक्त रूप से विगत दिनों पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के केंद्रीय कमेटी तथा संसदीय समिति की महत्वपूर्ण आयोजित बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व किये। बैठक में संसदीय समिति के अध्यक्षए सांसद किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी एवं संसदीय समिति के करीब 12 सदस्यों सहित सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, डायरेक्ट पर्सनल के के सिंह, सेल कॉरपोरेट ऑफिस के कार्मिक विभाग से मानक रथ, मुख्य महाप्रबंधक अध्यक्ष गौरगो मंडल की अध्यक्षता में सभी यूनिट के पदाधिकारी गौतम दास, श्रीनिवास, सुंदर कृष्णन, शरद चंद्र परीक्षा, उपेंद्र सिंकु, जय प्रकाश उपस्थित थे। सेल एससी एसटी फेडरेशन नई दिल्ली के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बताया कि संसदीय समिति की बैठक में एससी एसटी के कर्मचारी एवं अधिकारियों के कल्याणार्थ उनकी समस्याओं एवं मांगों पर संसदीय समिति ने ध्यान से सुना एवं सेल अध्यक्ष को त्वरित एवं उचित कार्यवाही कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में ज्ञान के प्रतीक, डॉ. अंबेडकर संग्रहालय विकसित करना, एससी एसटी के कर्मचारी एवं अधिकारियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु विदेश में प्रशिक्षण हेतु भेजना, सेल के प्रत्येक यूनिट में डॉ. अंबेडकर अवार्ड प्रदान करना, एससी एसटी के गरीब बच्चों हेतु वेल्डिंग, कटिंग एवं अन्य लघु उद्योग संबंधित प्रशिक्षण केंद्र शुरू विमर्श किया गया।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन



**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा विगत दिनों सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक टीपीएल शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीपीएल वर्कशॉप मार्ग फारेस्ट एवेन्यु ;अग्नि शमन मुख्यालय के निकटद्ध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक टीपीएल शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी टीपीएल वर्कशॉप अनिल कुमार फुले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कशॉप के प्रवीण कुमार व्यवहारे सहायक प्रबंधक एवं समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैश हेलमेट पहननाए सीट बेल्ट बांधने, वाहन गतिसीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्शित कर रहे थे।

## वायर रॉड मिल विभाग के कर्मचारी को शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाईनगर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के मिल जोन 1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए कर्मचारियों को प्रेरित करने तथा उन्हें पहचान देने के लिए कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित करना है। कार्यक्रम में जुलाई से सितम्बर 2023 तिमाही हेतु सहायक महाप्रबंधक प्रचालनए मर्चेन्ट मिल संजय दीक्षित, सहायक महाप्रबंधक प्रचालन, वायर रॉड मिल शशांक राव शम्भरकर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। इसी कड़ी में जुलाई-2023 के लिए चीफ मास्टर तक्नीशियन यांत्रिकी, वायर रॉड मिल मनहरण लाल वर्मा व मास्टर तक्नीशियन विद्युत, मर्चेन्ट मिल सुरेन्द्र कुमार नंदेशवर को अगस्त-2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर प्रचालनए वायर रॉड मिल कोवेरी कामेशवर राव व मास्टर ऑपरेटर प्रचालन मर्चेन्ट मिल सोहन लाल चन्द्राकर को तथा सितम्बर-2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर सैयद इकबाल, मास्टर ऑपरेटर प्रचालन, मर्चेन्ट मिल कुलेशवर प्रसाद वर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक मर्चेन्ट एंड वायर राड मिल मुनीश कुमार गोयल ने कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस के हरिरमानी, महाप्रबंधक विद्युत मर्चेन्ट मिल एस के नायक, महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक मोहिब्बुल हुसैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती समायला अंसारी द्वारा किया गया। इस योजना के तहत कर्म शिरोमणि पुरस्कार से उन कार्मिकों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने विगत माह में उत्कृष्ट कार्य किया हो तथा पाली शिरोमणि पुरस्कार से उन कार्मिकों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने विगत तिमाही में बेहतरीन कार्य कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया हो।